राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





12 राष्ट्रपति के बाद अब उपराष्ट्रपति पद के उमीदवारों में होगी.........

डेजी शाह, कनिका, हेली, टीना के साथ अन्य सितारे हंगामा डिजिटल ..... 12

वर्ष : 15 | अंक : 168 | नई दिल्ली, सोमवार, 30 सितम्बर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

# वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने उद्योग जगत से गुणवत्ता पर ध्यान देकर ब्रांड इंडिया को प्रोत्साहन देने का आग्रह किया

**नई दिल्ली, एजेंसी**


केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने परिवर्तनकारी मेक इन ईडिया पहल का एक दशक पूरे होने पर, आज भारतीय उद्योग से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के शून्य प्रभाव; शून्य दोष के साथ मेक इन इंडिया की परिकल्पना के अनुरूप टिकाऊ प्रथाओं के माध्यम से ब्रांड इंडिया को प्रोत्साहन देने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले सामानों के उत्पादन को प्राथमिकता देने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। श्री गोयल ने बातचीत के एक सत्र में 140 से अधिक उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की लाभार्थी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ बातचीत करते हुए, उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के अंतर्गत उनकी उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए यह बात कही। श्री पीयूष गोयल ने सभा को संबोधित करते हुए, उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की लाभार्थी कंपनियों के प्रयासों की प्रशंसा की, जो महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने, नौकरियों के अवसर पैदा करने और भारत को विनिर्माण क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व के रूप में स्थापित करने में सहायक रहे हैं। श्री गोयल ने वैश्विक चैंपियंस को उनके समर्पण, नवीन उत्पादों के उत्पादन में महत्वपूर्ण निवेश और उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के माध्यम से रोजगार पैदा करने में योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। श्री गोयल ने मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) से भारत को आत्मनिर्भर बनाने के




लिए अपने उत्पादों में घरेलू मूल्यवर्धन बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। उन्होंने उद्योग जगत से इस संबंध में घरेलू निर्माताओं का समर्थन करने का भी आग्रह किया। तीन घंटे की लंबी बातचीत के दौरान, लाभार्थी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) ने उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं पर अपने दृष्टिकोण साझा किए। उन्होंने योजनाओं की प्रभावशीलता में सुधार और कार्यान्वयन को सुव्यवस्थित करने के लिए अपने अनुभवों, सफलता की कहानियों और सुझावों में मूल्यवान सुझाव प्रदान किए। चर्चा ने उद्योग हितधारकों और सरकार के बीच खुले संचार के लिए एक उत्पादक मंच प्रदान किया। उन्होंने व्यवसाय करने में आसानी को बढ़ावा देने के लिए कानूनों के गैर-अपराधीकरण/उदारीकरण पर उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से प्रतिक्रिया भी मांगी। श्री गोयल ने उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के साथ समन्वय में लागू करने वाले मंत्रालयों/विभागों और संबंधित परियोजना प्रबंधन एजेंसियों (पीएमए) के माध्यम से उद्योग के प्रतिनिधियों और सरकार के बीच निरंतर बातचीत को प्रोत्साहित किया, नीति समर्थन के महत्व पर जोर दिया और भविष्य के विकास के लिए एक सक्षम वातावरण बनाने के लिए आग्रह किया। उन्होंने उल्लेख किया कि प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और विदेशी सहयोग की सुविधा के लिए उद्योग हितधारक इन्वेस्ट इंडिया, राष्ट्रीय निवेश संवर्धन और सुविधा एजेंसी से संपर्क कर सकते हैं। श्री गोयल ने उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के अंतर्गत कड़ी मेहनत, बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार पैदा करने के लिए वैश्विक चैंपियनों को धन्यवाद दिया। उन्होंने आगे कहा कि सरकार उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना उद्योग से संबंधित सभी आवश्यक मंजूरी की तेजी से निगरानी करने और अधिक बाजार पहुंच प्राप्त करने में सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यान्वयन मंत्रालयों/विभागों और परियोजना प्रबंधन एजेंसियों (पीएमए) के वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मैहर बस-डंपर हादसे में अब तक नौ लोगों की मौत, तेइस घायल




मैहर,। मध्यप्रदेश के मैहर जिले के नादन थाना क्षेत्र में बस-डंपर हादसे में आज सुबह तक नौ लोगों की मृत्यु हो गयी है। इनमें छह की घटना स्थल पर, जबकि तीन ने अस्पताल में उपचार के दौरान दमतोड़ दिया। तेइस अन्य घायल है, जिनका इलाज किया जा रहा है।बस प्रयागराज (उत्तरप्रदेश) से नागपुर (महाराष्ट्र) जा रही थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से महाराष्ट्र के नागपुर जा रही बस कल देर रात्रि मैहर के नादन थाना से करीब एक किलोमीटर दूर सड़क किनारे खडे डंपर से टकरा गयी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि बस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। हादसे में छह यात्रियों ने मौके पर दमतोड़ दिया, जबकि तीन यात्रियों की सतना जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। दुर्घटना में तेइस यात्री घायल बताए जा रहे हैं, जिनका मैहर, अमरपाटन, सतना और रीवा के अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। घायलों में बस चालक भी शामिल है। बताया गया है कि बस काफी तेज गति से जा रही थी और वह सड़क किनारे खड़े एक डंपर से टकरा गयी। भीषण टक्कर के कारण बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी है। मृतकों में चार की पहचान हो गयी है। इनमें दो वर्षीय बालक देवांश साहू, अंबिका प्रसाद (55), लल्लू यादव (60) और प्रांजल विश्वकर्मा (18) शामिल हैं। यह सभी उत्तर प्रदेश के जौनपुर, प्रतापगढ़ और गोरागंज के निवासी है। शेष अन्य मृतकों की पहचान की जा रही है।

# महाराष्ट्र में विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन, समर्पण और आधारशिला रखने के अवसर पर प्रधानमंत्री के संबोधन का मूल पाठ


**नई दिल्ली, एजेंसी**

महाराष्ट्र के गर्वनर सी. पी. राधाकृष्णन जी, महाराष्ट्र के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्रीमान एकनाथ शिंदे जी, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस जी, अजीत पवार जी, पुणे के सांसद और मंत्री परिषद के मेरे युवा साथी भाई मुरलीधर, केंद्र के अन्य मंत्री जो वीडियो कॉन्फ्रेंस से जुड़े.हुए हैं, महाराष्ट्र के सभी वरिष्ठ मंत्रीगण भी मेरे सामने मुझे दिखाई दे रहे हैं, सांसदगण, विधायकगण, और इस कार्यक्रम से जुड़े सभी भाइयों एवं बहनों! पुण्यातील माज्या सर्व लाडक्या बहिणींना आणि लाडक्या भावांना माझा नमस्कार। दो दिन पहले मुझे कई बड़ी परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के लिए पुणे आना था। लेकिन, भारी बारिश के चलते वो कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। उसमें मेरा तो नुकसान है ही, क्योंकि पुणे के कण-कण में राष्ट्रभक्ति है, पुणे के कण-कण में समाजभक्ति है, ऐसे पुणे में आना वो अपने आप में ऊर्जावान बना देता है। तो मेरा तो बड़ा 'ङ्क२२ है कि मैं आज पुणे नहीं आ पा रहा हूं। लेकिन अब टेक्नोलॉजी के माध्यम से आप सभी के दर्शन करने का मुझे सौभाग्य मिला है। आज पुणे की ये धरती....भारत की महान विभूतियों की प्रेरणा भूमि, महाराष्ट्र के विकास के नए अध्याय की साक्षी बन रही है। अभी डिस्ट्रिक्ट कोर्ट से स्वारगेट सेक्शन रूट



का लोकार्पण हुआ है। इस रूट पर भी अब मेट्रो चलना शुरू हो जाएगी। स्वारगेट-कात्रज सेक्शन का आज शिलान्यास भी हुआ है। आज ही हम सबके श्रदेह क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले मेमोरियल की नींव भी रखी गई है। पुणे शहर में एंरी ङ्का छ७ल्लॅ बढ़ाने का हमारा जो सपना है, मुझे खुशी है कि हम उस दिशा में तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। भाइयों-बहनों, आज भगवान विट्ठल के आशीर्वाद से उनके भक्तों को भी स्नेह उपहार मिला है। सोलापुर को सीधे एयर-कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए एयरपोर्ट को अपग्रेड करने का काम पूरा कर लिया गया है। यहां के टर्मिनल बिल्डिंग की क्षमता बढ़ाई गई है। यात्रियों के लिए नई सुविधाएं तैयार की गई हैं। इससे देश विदेश हर स्तर पर विठोबा के भक्तों को काफी सुविधा होगी। भगवान विट्ठल के दर्शन करने के लिए लोग अब सीधे सोलापुर पहुँच सकेंगे। यहां व्यापार, कारोबार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। मैं महाराष्ट्र के लोगों को, आप सबको इन सभी विकास कार्यों के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं, शुभकामनाएं देता हूं। साथियों, आज महाराष्ट्र को नए संकल्पों के साथ बड़े लक्ष्यों की जरूरत है। इसके लिए हमें पुणे जैसे हमारे शहरों को प्रगति का, ४१ुंल्ल ी५ी'ङ्कस्त्रील्ल३ का सेंटर बनाना जरूरी है। आज पुणे जिस गति से आगे बढ़ रहा है, यहाँ जनसंख्या का दबाव भी उतनी ही तेजी से बढ़ रहा है। पुणे की बढ़ती जनसंख्या शहर की स्पीड को कम न करे, बल्कि उसका सामर्थ्य बढ़ाए, इसके लिए हमें अभी से कदम उठाने की जरूरत है। ये तब होगा, जब पुणे का पब्लिक ट्रांसपोर्ट आधुनिक होगा, ये तब होगा, जब शहर का विस्तार तो हो लेकिन एक क्षेत्र की दूसरे से कनेक्टिविटी बेहतरीन रहे। आज महायुति की सरकार, इसी सोच और अप्रोच के साथ दिन-रात काम कर रही है। साथियों, पुणे की आधुनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बहुत पहले से काम किए जाने की जरूरत थी। पुणे में मेट्रो जैसा ि५ल्लूी ट्रांसपोर्ट सिस्टम बहुत पहले आ जाना चाहिए था। लेकिन दुर्भाग्य से, बीते दशकों में हमारे देश के शहरी विकास में प्लानिंग और विजन दोनों का अभाव रहा। अगर कोई योजना चर्चा में आती भी थी, तो उसकी फाइल ही कई-कई वर्षों तक अटकी रहती थी। अगर कोई योजना बन भी गई, तो भी एक-एक प्रोजेक्ट कई-कई दशकों तक लटका रहता था। उस पुराने वर्क कल्चर का बहुत बड़ा नुकसान हमारे देश को, महाराष्ट्र को और पुणे को भी हुआ। आप याद करिए, पुणे में मेट्रो बनाने की बात सबसे पहले 2008 में शुरू हुई थी। लेकिन, 2016 में इसकी आधारशिला तब रखी गई जब हमारी सरकार ने अड़चनों को हटाकर तेजी से निर्ण लेना शुरू किया। और आज देखिए...आज पुणे मेट्रो रफ्तार भी भर रही है और उसका विस्तार भी हो रहा है। आज भी, एक ओर हमने पुराने काम का लोकार्पण किया है, तो साथ ही स्वारगेट सें कात्रज लाइन का शिलान्यास भी किया है। इसी साल मार्च में मैंने रूबी हाल क्लीनिक से रामवाड़ी तक मेट्रो सेवा का लोकार्पण भी किया था। 2016 से अब तक, इन 7-8 वर्षों में पुणे मेट्रो का ये विस्तार.... इतने रूट्स पर काम की ये प्रगति और नए शिलान्यास....अगर पुरानी सोच और कार्यपद्धति होती तो इनमें से कोई भी काम पूरे नहीं हो पाते... पिछली सरकार तो 8 साल में मेट्रो का एक पिलर भी खड़ा नहीं कर पाई थी। जबकि हमारी सरकार ने पुणे में मेट्रो का आधुनिक नेटवर्क तैयार कर दिया है। साथियों, राज्य की प्रगति के लिए विकास को प्राथमिकता देने वाली सरकार की निरंतरता जरूरी होती है। जब-जब इसमें रुकावट आती है, तो महाराष्ट्र को बड़ा नुकसान उठाना पड़ता है। आप देखिए, मेट्रो से जुड़े प्रोजेक्ट्स हों, मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन हो, या किसानों के लिए सिंचाई से जुड़े कई महत्वपूर्ण काम हों, डबल इंजन सरकार से पहले महाराष्ट्र के विकास के लिए जरूरी ऐसे कितने ही प्रोजेक्ट्स डिरेल हो गए थे। इसी का एक और उदाहरण है- बिडकिन इंडस्ट्रियल एरिया! हमारी सरकार के समय मेरे मित्र देवेन्द्र जी ने ऑरिक सिटी की संकल्पना रखी थी।

# चंद्रयान-तीन चंद्रमा के संभवतः सबसे पुराने क्रेटर पर उतराः अनुसंधानकर्ता



**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। भारत का चंद्रयान-3 संभवतः चंद्रमा के सबसे पुराने क्रेटर में से एक पर उतरा था। मिशन और उपग्रहों से प्राप्त चित्रों का विश्लेषण करने वाले वैज्ञानिकों ने यह संभावना जताई है। किसी भी ग्रह, उपग्रह या अन्य खगोलीय वस्तु पर गड्ढे को क्रेटर कहा जाता है। ये क्रेटर ज्वालामुखी विस्फोट से बनते हैं। इसके अलावा किसी उल्का पिंड के किसी अन्य पिंड से टकराने से भी क्रेटर बनते हैं। भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के शोधकताओं ने बताया कि चंद्रमा जिस क्रेटर पर उतरा है वह नेक्टरियन काल के दौरान बना था। नेक्टरियन काल 3.85 अरब वर्ष पहले का समय है और यह चंद्रमा की सबसे पुरानी समयावधियों में से एक है। भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला के ग्रह विज्ञान प्रभाग में एसोसिएट प्रोफेसर एस. विजयन ने कहा, चंद्रयान-3 जिस स्थल पर उतरा है वह एक अद्वितीय भूगर्भीय स्थान है, जहां कोई अन्य मिशन नहीं पहुंचा है। मिशन के रोवर से प्राप्त चित्र चंद्रमा की ऐसी पहली तस्वीर हैं जो इस अक्षांश पर मौजूद रोवर ने ली हैं। इनसे पता चलता है कि समय के साथ चंद्रमा कैसे विकसित हुआ। जब कोई तारा किसी ग्रह या चंद्रमा जैसे बड़े पिंड की सतह से टकराता है तो गड्ढा बनता है तथा इससे विस्थापित पदार्थ को इजेक्टा कहा जाता है। इकारस पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के लेखक विजयन ने बताया कि जब आप रेत पर गेंद फेंकते हैं तो रेत का कुछ हिस्सा विस्थापित हो जाता है या बाहर की ओर उछलकर एक छोटे ढेर में तब्दील हो जाता है, इजेक्टा भी इसी तरह बनता है। चंद्रयान-3 एक ऐसे क्रेटर पर उतरा था झ जिसका व्यास लगभग 160 किलोमीटर है और तस्वीरों से इसके लगभग अर्ध-वृत्ताकार संरचना होने का पता चलता है। शोधकताओं ने कहा कि यह संभवतः क्रेटर का आधा भाग है और दूसरा आधा भाग दक्षिणी ध्रुव-ऐटकेन बेसिन से निकले इजेक्टा के नीचे दब गया होगा। प्रज्ञान को चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम ने चंद्रमा की सतह पर उतारा था। इसरो द्वारा प्रक्षेपित इस चंद्रयान ने 23 अगस्त, 2023 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सॉफ्ट लैंडिंग की थी। चंद्रयान जिस स्थल पर उतरा था उसका 26 अगस्त 2023 को शिव शक्ति पॉइंट नाम रखा गया था।

# मंच पर भाषण देते वक्त अचानक बिगड़ी खड़गे की तबीयत

**श्रीनगर, एजेंसी**

श्रीनगर। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे रविवार को जम्मू-कश्मीर के जसरोटा में चुनाव प्रचार के दौरान अचानक बीमार पड़ गये। मंच पर भाषण देते हुए एकाएक कांग्रेस अध्यक्ष की तबीयत बिगड़ गई। जैसे-तैसे उन्होंने खुद को संभाला। इसके बाद अन्य नेता भी उनकी मदद के लिए आगे आए। उन्हें सोफे पर बिठाकर कुछ लोग उन्हें हवा करने लगे। उनके जूते भी खोल दिए गए। बाद में उनकी हालत स्थिर हुई, तो उन्होंने मोदी सरकार पर जुबानी हमला बोला। उन्होंने कहा, ह्लजब तक मोदी को सत्ता





से बाहर न कर दूं, तब तक मैं नहीं मरूंगा। राज्यसभा सांसद ने कहा, मोदी जी बेवजह जम्मू-कश्मीर आकर युवाओं के लिए झूठे आंसू बहा रहे हैं। वह दावा कर रहे हैं कि उन्होंने युवाओं के हित के लिए कई कदम उठाए, जबकि सच्चाई यह है कि उन्होंने अपने कार्यकाल में महज युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेला है। उन्होंने आगे कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारत ने बेरोजगारी के मामले में 45 साल का रिकॉर्ड तोड़ा है। जम्मू-कश्मीर के सरकारी विभागों में 65 फीसद पद रिक्त हैं। इन सभी पदों पर बाहरी लोगों की नियुक्ति की जा रही है, लेकिन यहां के मूल लोगों की अनदेखी हो रही है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, ह्लआप सभी लोगों ने देखा होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में आकर कितना झूठ बोला। उन्होंने यहां आकर कांग्रेस को कितनी गालियां दीं। इन लोगों ने किस तरह से हमारी पार्टी के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। इससे साफ जाहिर होता है कि भाजपा और इनके लोग घबराए हुए हैं। भाजपा के नेताओं को अपनी हार दिख रही है, इसलिए ये लोग बौखलाए हुए हैं।

# आप संयोजक केजरीवाल ने कहा, दिल्ली में जंगल राज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राजधानी दिल्ली में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने चिंता जाहिर की है। अरविंद केजरीवाल ने इसे जंगल राज करार दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए लिखा कि दिल्ली में कानून व्यवस्था खत्म हो गई है। पूरी तरह से जंगल राज है। देश की राजधानी में लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। दिल्ली की कानून व्यवस्था केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अंडर आती है। उन्हें तुरंत प्रभावी कदम उठाने होंगे। अरविंद केजरीवाल ने अपने पोस्ट में अपराध की कुछ खबरों का भी जिक्र किया है। वहीं, दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली



के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पर कानून व्यवस्था के बिगड़ते हालात को लेकर सवाल किए। सौरभ ने पोस्ट में लिखा, हाथ जोड़कर विनती है कि अब कुछ काम भी कर लीजिए। आपने पिछले 2 साल सिर्फ दिल्ली सरकार के कामों को रोकने में लगा दिए। हमारी कमियों को ढूंढते रहे। मगर जो जिम्मेदारी आपकी है, उसमें आप पूरी तरह फेल हो गए हैं। आपका तो वोट भी गुजरात में है मगर हमें तो दिल्ली में रहना है। सौरभ ने दूसरे पोस्ट में लिखा, दिल्ली में गैंग और गैंगस्टरों का उदय हुआ है। सौरभ ने नांगलोई की एक घटना का जिक्र करते हुए लिखा, नांगलोई में मिठाई की दुकान चलाने वाले से जबरन वसूली मांगी गई। जब नहीं मिली तो वसूली के लिए फायरिंग की गई। दूसरी घटना नारायणा में हुई। यहां पर शोरूम संचालक से वसूली मांगी गई। यहां पर भी वसूली के लिए फायरिंग हुई। अपराधियों ने गुलाबी बाग में 3 करोड़ के आभूषण लूट कर फरार हुए। महिपालपुर के एक होटल में गोलीबारी हुई। सौरभ ने अपराध की इन घटनाओं का जिक्र करते हुए एलजी पर तंज कसा। सौरभ ने लिखा, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना विदेश की यात्रा पर हैं और दिल्ली के भाजपा सांसद दिल्ली से गायब हैं।

**धमकियां** कार शोरूम के मालिकों ने बताया कि उन्हें पिछले कई महीनो से रंगदारी के लिए धमकियां मिल रही थी.........

# सौरभ भारद्वाज ने बदमाशों द्वारा निशाना बनाए गए कार शोरूम के मालिकों से मुलाकात की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बीते 24 घंटे में दिल्ली के अंदर तीन अलग-अलग जगह पर गोलीबारी की घटनाएं हुई कदिल्ली में व्यापार कर रहे अलग-अलग व्यापारियों से गैंगस्टरों द्वारा करोड़ों रुपए की रंगदारी की मांग की गई और रंगदारी न देने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई और उनके शोरूम में, होटल में घुसकर खुलेआम गोलियां चलाई गई कइसी सिलसिले में आज शहरी विकास मंत्री श्री सौरभ भारद्वाज जी ने स्थानीय विधायक दुर्गेश पाठक के साथ नारायणा स्थित उस कार शोरूम का दौरा किया जहां पर दिनदहाड़े बदमाशों द्वारा गोलियां चलाई गई और कार शोरूम के मालिकों, वहां काम करने वाले कर्मचारियों और उनके परिवार जनों से भी मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बातचीत की कइस शोरूम को 6 युवा पार्टनरशिप में मिलाकर चलाते हैं कमंत्री सौरभ भारद्वाज ने उन सभी पार्टनरों



से उनके परिजनों से बातचीत की कउन्होंने बताया कि शोरूम के मालिक और उनका पूरा परिवार दहशत में है मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि शोरूम के मालिकों से बातचीत के दौरान पता चला, कि उन्हें पिछले कई महीनो से लगातार रंगदारी के लिए बदमाशों की कॉल आ रही थी ककॉल करने वाले बदमाश खुद को भाऊ गैंग का आदमी बताते थे और शोरूम के मालिकों से 5 करोड रुपए रंगदारी देने की मांग कर रहे थे कउन्होंने यह भी बताया कि बदमाशों ने धमकी दी थी यदि 5 करोड रुपए रंगदारी नहीं दी तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा कबातचीत के दौरान शोरूम के मालिकों ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने कई बार दिल्ली पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज कराई, त्रह्मस्न्न भी कराई, परंतु पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई कशोरूम के मालिकों ने यह भी बताया कि पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होते देख उन्होंने पिछले कई महीनो से प्राइवेट सिक्योरिटी ली हुई थी कप्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसी से बंदूकधारी सिक्योरिटी गार्ड उन्होंने अपने शोरूम में तैनात किए हुए थे कक्योंकि वह सभी लोग इन बदमाशों की लगातार धमकियां से बेहद डरे हुए थे और दहशत के माहौल में जी रहे थे कमंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि शोरूम के मालिकों से बातचीत के दौरान यह पता चला की शोरूम पर बदमाशों द्वारा गोलियां चलाने की वारदात से ठीक 2 दिन पहले ही उस प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसी का कॉन्ट्रैक्ट पूरा हुआ था कइससे पहले शोरूम के मालिक दोबारा से सिक्योरिटी गार्ड को हायर करते बदमाशों ने मौका देखकर शोरूम में घुसे और लगभग 24 राउंड गोलियां शोरूम के अंदर ताबड़तोड़ चलाई कउन्होंने कहा कि इससे एक बात सिद्ध होती है, कि उन बदमाशों द्वारा लगातार इन शोरूम के मालिकों की और उसकी सिक्योरिटी की जासूसी की जा रही थी मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि बातचीत के दौरान शोरूम के मालिकों ने उन्हें अपने शोरूम का दौरा करवाया जिसमें उन्होंने देखा की कई गोलियां कार के बोनट और बॉडी में छेद करके पार हो गई हैं कदो गोलियां शोरूम में लगे टीवी में लगी है और कई जगहों पर गोलियों के छेद के निशान बने हुए हैं कमंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि शोरूम के मालिकों का यह कहना है, कि उन्हें पुलिस की ओर से कोई सकारात्मक सहायता नहीं मिली, बल्कि उल्टा पुलिस की ओर से उन पर दबाव बनाया गया, उन्हें इस बात के लिए धमकाया गया, कि आपने इस वारदात का वीडियो पब्लिक में क्यों वायरल किया क मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यह बड़ी ही दुखद बात है कि जिस पुलिस के कंधों पर दिल्ली की जनता की सुरक्षा की जिम्मेदारी है उनकी सुरक्षा करने के बजाय दिल्ली पुलिस उल्टा कार शोरूम के मालिकों को ही धमका रही है ।

# तमिलनाडु कैबिनेट में 6 फेरबदल, उदयनिधि स्टालिन बनेंगे उप मुख्यमंत्री



**चेन्नई, एजेंसी**

एमके स्टालिन की अगुवाई वाली तमिलनाडु की डीएमके सरकार में बड़ी फेरबदल के तहत उदयनिधि स्टालिन को उप मुख्यमंत्री बनाया गया है इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने वी सेंथिल बालाजी, डॉ गोवी चेझियान, आर राजेंद्रन और एसएम नासर को मंत्रिपरिषद में शामिल करने की सिफारिश की, जिसे शनिवार को राज्यपाल ने मंजूरी दे दी। मनोनीत मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार दोपहर 3.30 बजे चेन्नई स्थित राजभवन में होगा। डीएमके सरकार को सत्ता संभाले तीन साल हो गए और तीन साल बाद मंत्रिमंडल में बड़े बदलाव किये गये हैं। सरकार में उदयनिधि स्टालिन को डिप्टी सीएम बनाया गया है। उदयनिधि स्टालिन, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे हैं। राज्य में काफी समय से उदयनिधि को डिप्टी सीएम बनाए जाने को लेकर चर्चाएं चल रही थी। मंत्रिमंडल विस्तार में सबसे चौंकाने वाला नाम सेंथिल बालाजी का है। सेंथिल बालाजी को सुप्रीम कोर्ट ने 26 सितंबर को ही जमानत दी है। उन्हें एक साल पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। अब वह फिर से तमिलनाडु सरकार में कैबिनेट मंत्री होंगे। स्टालिन सरकार ने कैबिनेट में कुल छह बदलाव किए हैं।

# भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पर हाई कोर्ट ने लगाया 15 हजार जुर्माना

## पूर्व विधायक की याचिका पर हुई सुनवाई

**नैनीताल, एजेंसी।** हाई कोर्ट ने विधानसभा लोहाघाट सीट से चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी रहे हिमेश कलखुड़िया पर 15 हजार जुर्माना लगाते हुए लोहाघाट विधायक खुशाल अधिकारी के निर्वाचन को चुनौती देती याचिका एकतरफा सुनवाई करने से संबंधित आदेश को वापस लेने से संबंधित प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर लिया।

कोर्ट ने हिमेश को एक सप्ताह के भीतर 15 हजार की धनराशि का भुगतान याचिकाकर्ता पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल को करने को कहा है जबकि इस मामले में लिखित बयान या पक्ष दस दिन के भीतर दाखिल करने के निर्देश दिए हैं।

मामले में अगली सुनवाई को 17 अक्टूबर की तिथि नियत की है। निर्दलीय प्रत्याशी हिमेश कलखुड़िया भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रह चुके हैं, निर्दलीय चुनाव लड़ने के बाद उनको पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था,लोक सभा चुनाव से पहले उनकी भाजपा में वापसी हो चुकी है।



न्यायाधीश न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की एकलपीठ में लोहाघाट के कांग्रेस विधायक खुशाल सिंह अधिकारी के निर्वाचन को चुनौती देती भाजपा के प्रत्याशी रहे पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल की याचिका पर सुनवाई हुई।

पूर्व में इस याचिका पर सुनाई से जस्टिस रवींद्र मैठाणी ने खुद को अलग कर लिया था, जिसके बाद यह मामला चीफ जस्टिस ने न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की पीठ में भेजा है। यह मामला हाई कोर्ट के साथ ही सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था।

न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की एकलपीठ में सुनवाई के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी रहे हिमेश ने प्रार्थना पत्र दाखिल कर बताया कि उनको कोर्ट में चुनाव याचिका के बारे में जानकारी नहीं थी, हाल ही में जानकारी मिली तो वह अपना पक्ष रखना चाहते हैं जबकि याचिकाकर्ता पूर्व विधायक के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि हाई कोर्ट ने आठ जून 2022 को सुनवाई के दौरान प्रतिवादी विधायक खुशाल अधिकारी ने जवाब दाखिल किया था।

कोर्ट ने सभी सात प्रत्याशियों को नोटिस जारी किया गया था, लेकिन अधिकारी को छोड़ किसी ने अपना पक्ष नहीं रखा। एकलपीठ की ओर से पारित आदेश में कहा गया है कि न्याय हित में प्रतिवादी हिमेश को न्याय हित में गुण-दोष के आधार 15 हजार का जुर्माना लगाते हुए पर प्रार्थना पत्र स्वीकार किया गया। साथ ही आठ जून 2022 का एकतरफा सुनवाई का आदेश भी वापस ले लिया।

# डीजीपी अभिनव कुमार ने रुद्रपुर में पुलिस कार्यालय का किया निरीक्षण, अपराधों पर अंकुश लगाने के दिए निर्देश

**रुद्रपुर, एजेंसी।** उत्तराखंड के डीजीपी अभिनव कुमार आज जिला मुख्यालय रुद्रपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पुलिस लाइन और पुलिस कार्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जिसके बाद उन्होंने एक निजी होटल में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

इस दौरान शहर के गणमान्य लोगों ने डीजीपी के समक्ष नशा, यातायात, महिला अपराध, अपराध, रफ ड्राइविंग सहित तमाम समस्याओं को रखा गया। इस दौरान किच्छा विधायक तिलक राज बहेड़ ने जनपद में ओवरलोडिंग और सड़क हादसों को लेकर समस्या गिनाई। उन्होंने कहा कि पुलिस की चमक धमक और बमक कभी खत्म नहीं होना चाहिए। पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने पुलिस और पब्लिक के बीच के विश्वास और संवाद जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि अपराधों के मामलों में कोई समझौता नहीं किया जाएगा और न ही किसी तरह का कोई हस्तक्षेप सहन किया जाएगा। नशे के बड़े कारोबारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। नशे के लती युवकों से अपराधी नहीं मरीज का व्यवहार करने डीजीपी ने कहा कि पुलिस अधिकारी जघन्य अपराधों में ईमानदारी निष्पक्षता और दृढ़ता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि पुलिस जघन्य अपराध में तत्काल मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार्यवाही करे। अगर उस अपराध में कोई बड़ा बदमाश लिप्त है और उनका आपराधिक इतिहास है। उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि कानून के दायरे में रह कर बदमाश या तो अस्पताल जायेंगे या फिर स्वर्ग उन्होंने कहा कि बदमाशों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।



## संक्षिप्त समाचार

### बाराकोट के डोबाभागू में पेयजल योजना क्षतिग्रस्त, पानी की किल्लत

**लोहाघाट (चंपावत), एजेंसी।** बीते दिनों हुई बारिश में बाराकोट ब्लॉक के डोबाभागू की क्षतिग्रस्त पेयजल योजना ठीक नहीं होने पर गांव में पेयजल का संकट है। ग्रामीण गधेरों से दूषित पानी लाकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। ग्रामीणों ने जल्द पेयजल समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। ग्राम प्रधान हेमा तिवारी, शेखर तिवारी, गुमानी राम आदि ने बताया कि भारी बारिश में करीब 13 दिन पूर्व गांव की पेयजल योजना ध्वस्त हो गई थी। पेयजल योजना ध्वस्त होने से गांव के 50 परिवारों के लोग लंबी दूरी तय कर गधेरों से दूषित पानी लाकर अपनी प्यास बुझाने के लिए मजबूर हैं। दूषित पानी पीने से संक्रामक रोगों का खतरा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में एक अदद हैंड पंप तक नहीं हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पेयजल योजना की मरम्मत के लिए जल संस्थान को नौ दिन पहले ज्ञापन दिया था लेकिन अब तक विभाग ने इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया है। लोगों ने जल संस्थान से जल्द पेयजल योजना का प्रस्ताव बनाकर ठीक करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि अगर जल्द पेयजल योजना सुचारु न हुई तो सभी ग्रामीण आंदोलन करेंगे।

### चंपावत में पुरानी पेंशन बहाली के लिए गरजे कर्मचारी संगठन

**चंपावत, एजेंसी।** जिला मुख्यालय में कई कर्मचारी संगठन के लोगों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग के लिए सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। रोडवेज स्टेशन में पुरानी पेंशन बहाली के लिए सरकार के खिलाफ हल्ला बोला और सभा की। उन्होंने कहा कि सरकार की यूनिफाइड पेंशन योजना नहीं चाहिए। बृहस्पतिवार को एनएमओपीएस के जिलाध्यक्ष गोविंद मेहता के नेतृत्व में कई कर्मचारी संगठन के लोगों ने रोडवेज स्टेशन में डीएम कार्यालय तक रैली निकालकर सरकार के खिलाफ आक्रोश जताया। उन्होंने उनकी मांग को सरकार लगातार अनदेखा कर रही है। कर्मचारी संगठन पुरानी पेंशन बहाली के लिए आंदोलनरत हैं लेकिन सरकार उन पर अपनी बनाई पेंशन योजना थोपने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि वह अपना हक मांग रहे हैं लेकिन सरकार उनको हक देने की बजाय यूनिफाइड पेंशन योजना थोप रही है। अगर उन्हें पुरानी पेंशन योजना से वंचित करने का काम किया गया तो वह पीछे नहीं हटेंगे। कर्मचारी नेताओं ने डीएम नवनीत पांडे के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजा। इस दौरान जगदीश अधिकारी, गीता जोशी, गोविंद बोहरा, नागेंद्र जोशी, बंशीधर थ्वाल, जीवन ओली, राजेश भट्ट, खीम सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### लोधियागैर के ग्रामीण बोले-थरकोट झील से दिया जाए पानी

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** मेलडुंगरी गांव के लोधियागैर तोक में जल संकट बना है। जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ कलक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीणों ने डीएम से थरकोट झील से पानी दिए जाने के लिए जल निगम को निर्देशित करने की मांग की। बृहस्पतिवार को जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा के नेतृत्व में डीएम कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने डीएम विनोद गोस्वामी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूर्व में बनी पंपिंग लिफ्ट योजना विफल हो गई है। लोधियागैर वासियों को पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों को अपने साथ ही मवेशियों के लिए भी पानी ढोना पड़ रहा है।

### चिकित्सकों ने काली पट्टी बांध कर किया मरीजों का इलाज

**चंपावत, एजेंसी।** जिला अस्पताल में प्रांतीय चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवा संघ के आह्वान पर लंबित मांगों को लेकर अस्पताल में चिकित्सकों ने बांह पर काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र सिंह ने बताया कि तीन अक्तूबर तक काला फीता बांधकर विरोध किया जाएगा। चार अक्तूबर से पूर्ण कार्य बहिष्कार होगा। इस दौरान डॉ. प्रदीप बिष्ट, डॉ. अजय कुमार, डॉ. राशि भटनागर, डॉ. धनंजय पाठक, डॉ. लता, डॉ. गौरांश जोशी, डॉ. रवि कुमार, डॉ. हिमांशु पांडे आदि चिकित्सकों शामिल रहे।

# केबीसी में फिर छाया नैनीताल, इस बार अमिताभ बच्चन ने पूछा नयना देवी से जुड़ा सवाल

**नैनीताल, एजेंसी।** टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति में नैनीताल छाया हुआ है। पिछले दिनों शो के होस्ट महानायक अमिताभ बच्चन ने प्रतिभागी से नैनीताल में एरीज की लिक्विड मिरर टेलीस्कोप से जुड़ा सवाल पूछा था तो अब उन्होंने एक अन्य प्रतिभागी से नैनीताल की प्रसिद्ध नयना देवी के संबंध में सवाल पूछा है।




नैनीताल के आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के इंजीनियर मोहित जोशी तीन वर्ष पहले ही केबीसी के मंच पर नैनीताल की छाप छोड़ चुके हैं। तब अमिताभ ने उनसे एरीज आने की इच्छा भी जताई थी।

इधर, शनिवार को केबीसी के मंच पर महानायक अमिताभ बच्चन ने हाट सीट पर बैठी प्रतिभागी से नैनीताल से संबंधित सवाल पूछा। सवाल था- देवी सती का कौन सा अंग नैनीताल में गिरा था इसका उत्तर आंख है। इसे लेकर एक बार फिर नैनीताल टीवी की दुनिया में छा गया है। अमिताभ बच्चन ने नैनीताल के शेरवुड कालेज से शिक्षा प्राप्त की है और वह केबीसी के कार्यक्रम में अक्सर नैनीताल की चर्चा करते रहते है। नैनीताल में बिताए स्कूल के रोचक किस्से सुनाते रहते हैं। पूर्व में जब एरीज के मोहित जोशी केबीसी के हाट सीट पर पहुंचे थे तो अमिताभ ने उनसे एरीज आकर ग्रह नक्षत्रों से रूबरू होने की इच्छा जताई थी। मोहित जोशी कहते हैं कि उनके एरीज भ्रमण को लेकर गत वर्ष कार्यक्रम प्रस्तावित था, लेकिन अभी तक तय नहीं हो पाया है। बिग बी के नैनीताल आने की उम्मीद को लेकर एरीज के वैज्ञानिक व अधिकारी बेहद उत्साहित हैं। वह उनके कार्यक्रम का इंतजार कर रहे हैं।

# थल-सातशिलिंग सड़क पर तीसरे दिन भी यातायात बंद

**थल (पिथौरागढ़), एजेंसी।** जिला मुख्यालय पिथौरागढ़ को जाने वाली मुख्य सड़क थल-सातशिलिंग तीसरे दिन भी यातायात के लिए बहाल नहीं होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। पैदल आवाजाही करने वाले जान जोखिम में डालकर यात्रा कर रहे हैं।

चार सितंबर को नागीमल मंदिर की पहाड़ी दरकने और रामगंगा के कटाव से सड़क का सौ मीटर हिस्सा ध्वस्त होने से सड़क 13 दिनों तक बंद रही। 25 सितंबर को दोपहर साढ़े बारह बजे फिर से सड़क का साठ मीटर और हिस्सा नदी में समा गया। मुख्य राजमार्ग होने के बावजूद लोनिवि पिथौरागढ़ ने तीन दिन गुजर जाने के बाद भी सड़क को सुचारु करने का कार्य शुरू नहीं किया हैं। उक्रांद के केंद्रीय उपाध्यक्ष सलीम अहमद ने सड़क खोलने में लोनिवि की ओर से हो रही देरी के चलते मुख्य अभियंता अल्मोड़ा और प्रमुख अभियंता देहरादून से बात कर नाराजगी जताई। उन्होंने सड़क को जल्द खोलने का अनुरोध किया। इधर साइट पर तैनात लोनिवि के जेई मुकेश जुकरिया ने बताया कि दोपहर बाद जैसे ही पोकलेन पहुंचेगी, सड़क को खोलने का कार्य शुरू किया जाएगा।



## ऑलवेदर पर आवाजाही ठप, एनएच पर होटल कारोबार ठप

**चंपावत, एजेंसी।** कुछ ट्रक चालक सामान सिन्याड़ी में छोड़कर वापस चले गए हैं। बताया जा रहा है कि सामान का किराया टनकपुर-पिथौरागढ़ रूट के हिसाब से तय था। ऐसे में यह सभी ट्रक चालक वाहन रास्ते में छोड़कर चले गए हैं। सड़क खुलने पर अगले राउंड में धारचूला सामान छोड़कर फिर वापस इस सामान को लेने आएंगे। इसे लेकर वाहन चालकों ने संबंधितों से वार्ता करने के बाद सामान एक निश्चित स्थान पर रख दिया है। बताया जा रहा है कि सामान सेना का है।

एनएच पर तीसरे दिन में यातायात सुचारू नहीं हो सका। डेंजर जोन में एनएच के कर्मियों ने ड्रिलिंग का कार्य किया। लगातार पहाड़ी को काटकर मलबे को हटाने का काम किया जा रहा है, लेकिन जितनी बार पहाड़ी काटी जा रही है। मलबा भी उसी तरह लगातार नीचे गिर रहा है। रैंप बनाने में एनएच के अधिकारियों को सफलता नहीं मिल रही है। इधर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने एनएच में चल रहे सुधारात्मक कार्य का जायजा लिया और जल्द मार्ग सुचारू कराने की मांग एनएच के अधिकारियों से की।

# टिहरी में आसमान से गुब्बारे के साथ उड़कर खेतों में आ गिरी डिवाइस, देखकर घबराए लोग

**घनसाली (टिहरी), एजेंसी।** उत्तराखंड के टिहरी में भिलांगना ब्लॉक के बहेड़ी नगर में उस वक्त गांव के लोग घबरा गए जब आसमान से गुब्बारे के साथ एक डिवाइस ग्रामीणों के खेतों में जा गिरी। इसके बाद लोगो में यह डिवाइस कोतुहाल का विषय बनी रही। ग्रामीणों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर डिवाइस को कब्जे में लिया और पता लगाया। तक जानकारी मिली कि मौसम विभाग द्वारा मौसम की सटीक जानकारी का पता करने को लेकर गुब्बारा देहरादून मौसम केंद्र से उड़ाया गया था। किन्हीं कारणों से वह फट गया और खेतो में गिर गया। ग्रामीण प्रशांत जोशी ने बताया कि करीब 11 बजे वह अपने घर पर काम कर रहे थे। तभी अचानक आसमान से एक गुब्बारा नीचे खेतों की तरफ गिरता हुआ दिखा। पास जाने पर देखा तो उसमें एक डिवाइस लगी थी। इसकी सूचना मिलते ही डिवाइस को देखने के लिए आसपास के ग्रामीण भी वहां पहुंच गए। थाना घनसाली पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस मोके पर पहुंची और थानाध्यक्ष संजीव थपलियाल ने इसकी जानकारी ली। पता करने पर मौसम केंद्र में कार्यरत ड्यूटी ऑफिसर अनुज जायसवाल ने बताया कि, यह एक हाइड्रोजन से भरा हुआ गुब्बारा होता है, जिसे हर दिन सुबह के वक्त देहरादून मौसम केंद्र से उड़ाया जाता है।



यह लगभग आसमान में 20 किमी की ऊंचाई पर जाता है और हवा में उड़कर लगभग 150 से 200 किमी की दूरी तय करता है। इस डिवाइस का काम मौसम का तापमान, हवा का दवाब, हवा की गति के बारे में जानकारी देना होता है। यह मौसम के बारे में बताने में मददगार होता है।

# राफ्टिंग व्यवसायियों को वितरित किए कूड़ेदान

**ऋषिकेश, एजेंसी।** नगर पालिका मुनि की रेती-ढालवाला ने स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम के तहत निकाय क्षेत्र के राफ्टिंग व्यवसायियों के साथ स्वच्छता कार्यशाला आयोजित की। राफ्टिंग व्यवसायियों को गंगा को स्वच्छ बनाए रखने के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही कूड़ेदान भी वितरित किए गए।

नगर पालिका मुनि की रेती-ढालवाला की ओर से स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता की थीम पर 15 सितंबर से 2 अक्तूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसके तहत रोजाना स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए श्रंखलाबद्ध तरीके से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रह हैं।

शनिवार को कार्यक्रम के 14वें दिन निकाय सभागार में राफ्टिंग व्यवसायियों के साथ स्वच्छता कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें राफ्टिंग व्यवसायियों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। साथ ही सीजन में राफ्टिंग के दौरान रोजमर्रा की आदतों से गंगा को स्वच्छ बनाए रखने के संबंध में बताया।

इस दौरान वीडियो के माध्यम से कूड़े को अलग करने को लेकर जागरूक किया गया और खुले में कूड़ा नहीं फैलाने की अपील की गई। अधिशासी अधिकारी तनवीर सिंह मारवाह ने राफ्टिंग व्यवसायियों को कूड़ेदान वितरित किए। इस अवसर पर सफाई निरीक्षक मनोज बिष्ट, संजय भंडारी, जितेंद्र सजवाण, राफ्टिंग व्यवसायी अनुभव पयाल, सुनील कंडवाल, रविंद्र, सुमित प्रिजवाण, विकास भंडारी, भगत रावत, मुकेश कश्यप आदि मौजूद रहे।

# सीडीओ के निर्देश पर टीम ने किया पशुलोक क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण

**ऋषिकेश, एजेंसी।** मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर विभागीय टीम ने पशुलोक विस्थापित क्षेत्र और वीरभद्र बैराज कॉलोनी का निरीक्षण किया। सीडीओ ने गंगा के पवित्र जल में सीधे जलमल गिराकर दूषित करने की शिकायत पर जांच के आदेश दिए थे।

जिला गंगा सुरक्षा समिति के नामित सदस्य विनोद जुगलान ने बताया कि करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी कृष्णानगर, लेबर कॉलोनी सहित वीरभद्र मंदिर के पास जलमल का सीधा निस्तारण गंगा में किया जा रहा है, जिससे करोड़ों लोगों की आस्था की प्रतीक मां गंगा की पवित्रता प्रभावित हो रही है।

इससे गंगा के प्रति आस्था रखने वालों की भावनाएं आहत हो रही हैं। कृष्णा नगर लेबर कॉलोनी को वन विभाग की ओर से अवैध अतिक्रमण घोषित किया गया, जिसके बाद से यहां सीवरेज निस्तारण का कोई प्रबंध नहीं है। वहीं दूसरी ओर वीरभद्र मंदिर के निकट बैराज कॉलोनी के आसपास बनाए गए अपार्टमेंट्स, डेयरी, गोशालाओं एवं आवासीय भवनों का सीवेज भी रंभा नदी में गिराया जा रहा है, जो सीधे गंगा में जाकर मिलता है। मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए मुख्य विकास अधिकारी देहरादून ने परियोजना प्रबंधक पेयजल निगम निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई गंगा एसके वर्मा को समस्या का संज्ञान लेने और भौतिक निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए थे।

# बैंक प्रबंधक और एक कर्मचारी पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

**रूड़की, एजेंसी।** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने बैंक शाखा प्रबंधक और एक कर्मचारी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि बैंक कर्मचारियों ने खाते से लोन की रकम किसी दूसरे खाते में ट्रांसफर कर दी थी। मामले में पुलिस को तहरीर दी थी लेकिन केस दर्ज नहीं किया गया था। कोतवाली क्षेत्र के बहादरपुर खादर गांव के ताहिर हसन ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनका एक बैंक की लक्सर शाखा में खाता है। जुलाई 2023 में उन्होंने क्रेडिट कार्ड पर 1.25 लाख रुपये का लोन लिया।

# आदि कैलाश के दर्शन कर लौटे यात्रियों का धारचूला में स्वागत

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** केएमवीएन की ओर से संचालित आदि कैलाश यात्रियों का 15 सदस्यीय पहला दल दर्शन कर धारचूला लौट आया है। यात्री शनिवार को चौकोड़ी से भीमताल के लिए प्रस्थान करेंगे। दूसरे दल के यात्रियों ने शुक्रवार को ओम पर्वत के दर्शन किए। वे शनिवार को आदि कैलाश के दर्शन करेंगे।

धारचूला स्थित पर्यटक आवास गृह में प्रबंधक धन सिंह बिष्ट के नेतृत्व में निगम कार्मिकों ने यात्रियों को जूस पिलाकर स्वागत किया। यात्री भी आदि कैलाश दर्शन से रोमांचित दिखे।

यात्री सीताराम, कुमुदिनी, जयलक्ष्मी, रंगन्ना पूर्णिमा, पूनम शर्मा और आर रामा ने बताया कि उच्च हिमालयी क्षेत्र में मौसम सुहावना होने से उन्हें ओम पर्वत और आदि कैलाश के अच्छे से दर्शन हुए। निजी टूर ऑपरेटर के यात्री भी काफी तादाद में आदि कैलाश के दर्शन करने पहुंच रहे हैं।



# हरियाणा में सिर्फ आप की सरकार बिजली का बिल जीरो कर सकती है- केजरीवाल

## अगर मोदी जी और भाजपा वाले ईमानदार हैं तो वो भी शानदार स्कूल-अस्पताल, मोहल्ला क्लीनिक बनाकर दिखाएं- केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को हरियाणा के बादशाहपुर विधानसभा से पार्टी के उम्मीदवार बीर सिंह सरपंच के समर्थन में जनसभा की। उन्होंने कहा कि हरियाणा में सिर्फ आम आदमी पार्टी की सरकार ही बिजली का बिल जीरो कर सकती है। आज पूरे देश में केवल दिल्ली और पंजाब की जनता को मुफ्त और 24 घंटे बिजली मिलती है, जबकि भाजपा शासित सभी राज्यों में सबसे महंगी बिजली मिलती है। उन्होंने कहा कि हमारी नीयत साफ है। इसलिए हमने दिल्ली में मुफ्त बिजली कर दी, शानदार स्कूल-अस्पताल बना दिए और सबका इलाज मुफ्त कर दिया। अगर मोदी जी और भाजपा वाले ईमानदार हैं तो वो भी शानदार स्कूल, अस्पताल, मोहल्ला क्लीनिक बनाकर दिखाएं। इस अवसर पर पार्टी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता आदि मौजूद रहे।

जनसभा को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बीर सिंह सरपंच आपके बीच रहकर बहुत समाज सेवा करते हैं। आज जनता के लिए वोट मांगने दिल्ली से आया हूं। इन लोगों ने मुझे 5 महीने झूठे केस में जेल में रखा। ये एक तरह से तपस्या थी। इन्होंने मुझे मानसिक और शारीरिक तौर पर तरह-तरह की यातनाएं दीं। कई दिनों तक इन्होंने मेरी दवाई भी बंद रखी थी। ये मुझे तोड़ना चाहते थे, लेकिन इनको ये नहीं पता कि मैं हरियाणा का छोरा हूं। ये किसी को भी तोड़ सकते हैं, लेकिन हरियाणा वाले को नहीं तोड़ सकते। आज आपका बेटा आपके बीच में है। मेरे ऊपर भगवान की बहुत कृपा है, नहीं तो 10 साल पहले अरविंद केजरीवाल को कोई नहीं जानता था।

उन्होंने कहा कि बादशाहपुर में पानी की निकासी की समस्या, सड़कें टूटी पड़ी हैं। आम आदमी पार्टी की सरकार आने पर पानी की निकासी का इंतजाम कर देंगे, सड़कें बनवा देंगे, सफाई कर्मचारियों पर ठेकेदारी प्रथा खत्म करेंगे। बीर सिंह सरपंच आपके बीच का काम करते हैं, ये समाजसेवा का काम करते रहते हैं। इसलिए ऐसे लोगों को वोट दो जो आपके बीच में रहते हैं। जब बादशाहपुर की सीट जीत जाएंगे तो आपका धन्यवाद करने भी आऊंगा।

उन्होंने कहा कि इन्होंने मुझे जेल में क्यों डाला? मेरा कसूर केवल इतना था कि 10 साल से दिल्ली के लोगों की सेवा ईमानदारी से कर रहा था, दिल्ली के लोगों को 24 घंटे और मुफ्त बिजली दी, शानदार अस्पताल और स्कूल बनाए। पूरे देश में केवल दो राज्य दिल्ली और पंजाब हैं, जहां 24 घंटे और मुफ्त बिजली मिलती है। दिल्ली में बिजली का बिल जीरो आता है। दिल्ली में इनवर्टर और जनरेटर की दुकान बंद हो गई। हरियाणा में भी केवल अरविंद केजरीवाल ही बिजली के बिल जीरो कर सकता है। मोदी जी गुजरात, हरियाणा और मध्यप्रदेश में बिजली मुफ्त नहीं करते। 22 राज्यों में इनकी सरकार है वहां बिजली महंगी मिलती है। ये मुझे चोर कहते हैं जनता बताए कि बिजली मंहगी करने वाला चोर होता है या बिजली मुफ्त करने वाला। चोर तो ये हैं जो बिजली महंगी करके जनता को लूट रहे हैं। जब वोट देने जाओ तो अपनी और अपने बच्चों की सोचना। आम आदमी पार्टी की सरकार आने पर हरियाणा की बिजली मुफ्त करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में सरकारी स्कूल टूटे पड़े हैं। कोई अपने बच्चे को सरकारी स्कूल में नहीं भेजना चाहता मजबूरी में भेजते हैं। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में ऐसे शानदार सरकारी स्कूल बनाएं हैं कि आज दिल्ली में अमीर लोग भी अपने बच्चे को सरकारी स्कूल में पढ़ा रहे हैं। बीर सिंह सरपंच को बादशाहपुर से जीता दो मैं आपके बच्चों को भविष्य बना दूंगा। ये सत्ता में आते ही अपने बच्चों का भविष्य बनाते हैं। आपके बच्चों को अच्छी शिक्षा दूंगा और रोजगार का इंतजाम करूंगा। मैंने दिल्ली में 12 लाख युवाओं के लिए रोजगार का इंतजाम किया। क्योंकि मेरी नीयत साफ है। मुझे नौकरी देनी आती है। ये सरकार बनने पर इतना पैसा लूटते हैं कि इनकी सात पीढ़ियां घर बैठकर खाती हैं।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में शानदार अस्पताल बनाए। आज दिल्ली पांच रुपए की गोली से लेकर 50 लाख रुपए तक का ऑपरेशन मुफ्त है। इन्होंने मुझे इसलिए जेल में डाला क्योंकि मैं बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा मुफ्त करवाता हूं। जो आदमी इतने काम करता है वो भ्रष्टाचारी कैसे हो सकता है। मोदी जी को लगा अरविंद केजरीवाल ने पहले दिल्ली में फिर पंजाब में सरकार बना ली, गुजरात और गोवा में इनके विधायक आ गए और अब हरियाणा में सरकार बना लेगा। इसलिए मुझे रोकना चाहते थे। मैं प्रधानमंत्री मोदी को कहना चाहता हूं कि अरविंद केजरीवाल बहुत छोटा आदमी है, आप बड़े आदमी हो। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में 500 मोहल्ला क्लीनिक बनाए हैं तो आप 5000 बनाओ, मैंने 700 स्कूल बनाए आप 70 हजार बनाओ। आप मुझे जेल में डालकर मेरे क्लीनिक और स्कूल बंद करना चाहते हैं, ये सही नहीं है।

उन्होंने कहा कि आज मैं हरियाणा की जनता को पांच गारंटी देकर जा रहा हूं, ये अरविंद केजरीवाल की गारंटी है कोई फर्जी गारंटी नहीं है। पहली गारंटी, बिजली मुफ्त और 24 घंटे कर दूंगा, बकाया बिलों को माफ कर देंगे। दूसरी गारंटी, शानदार अस्पताल और मोहल्ला क्लीनिक बनवा दूंगा।

# कानून व्यवस्था चरमरा गई है और दिल्ली में जंगल राज कायम है: केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख नेता अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर गोलीबारी की घटनाओं का हवाला देते हुए दावा किया कि दिल्ली में कानून-व्यवस्था चरमरा गई है और जंगल राज कायम है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को तुरंत प्रभावी कदम उठाने होंगे क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी में कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनके अधिकार क्षेत्र में आता है। उन्होंने कहा, दिल्ली में कानून व्यवस्था चरमरा गई है और यहां से जंगल राज है। देश की राजधानी में लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। दिल्ली की कानून व्यवस्था अमित शाह जी के अधिकार क्षेत्र में आती है। उन्हें तुरंत प्रभावी कदम उठाने होंगे। पिछले कुछ दिनों में दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से गोलीबारी की घटनाएं सामने आई हैं, जहां सेकेंड हैंड लग्जरी कार के शोरूम, एक होटल और मिठाई की एक दुकान को निशाना बनाया गया था। पुलिस को संदेह है कि ये घटनाएं गिरोहों द्वारा जबरन वसूली के प्रयास से संबंधित हैं। दिल्ली विधानसभा के सत्र में सत्तारूढ़ आप विधायकों ने शुक्रवार को कानून-व्यवस्था का मुद्दा उठाया और दावा किया कि राजधानी में व्यापारियों और कारोबारियों को विभिन्न गिरोहों से जबरन वसूली के लिए आने वाली कॉल की संख्या में भी वृद्धि हुई है।

उन्होंने दिल्ली पुलिस पर भी निष्क्रियता का आरोप लगाया तथा दावा किया कि लोगों का उन पर से भरोसा उठ गया है और वे सीधे गिरोहों के साथ मिलकर मामले को रफादफा कर रहे हैं। आप विधायकों ने ऐसे अपराधों पर नजर रखने के लिए पुलिस थाना स्तर पर निगरानी समितियों को फिर से बहाल करने की भी मांग की है।

# जुम्बा से लेकर दिल की सेहत के लिए उतरे द्वारका में लोग

- द्वारका के 3500,0लोगों ने लिया राहगीरी में पार्टिसिपेट
- ट्रैफिक पुलिस, राहगीरी के साथ मणिपाल हॉस्पिटल पहल

संवाददाता







29 सितंबर वर्ल्ड हार्ट डे के अवसर पर द्वारका में ह्रराहगीरी ऑन द्वारका ह्र का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, लड़कियां, बच्चे और बुजुर्गों ने भाग लिया। राहगीरी फाउंडेशन, द्वारका ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर ह्रराहगीरी इन द्वारकाह्र का आयोजन मणिपाल हॉस्पिटल की टीम ने किया। जोश से भरे स्ट्रीट कार्यक्रम में 3500 से भी ज्यादा लोगों ने मजेदार और सेहतमंद गतिविधियों में भाग लिया। इस कार्यक्रम में साइक्लिंग, जुम्बा, योग सेशन, सीपीआर का डेमो और स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थ के स्टॉल शामिल थे। जिनका उद्देश्य हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देना और इसमें भाग लेने वालों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

इस तरह का आयोजन का मतलब शारीरिक गतिविधियों, नियमित जांच और बचाव के उपायों के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर देना है। भारत में हृदय रोग संबंधी बीमारियों के लगातार बढ़ने और आज के युवाओं में दिल के दौरे की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर यह पहल हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म है।

मणिपाल हॉस्पिटल और इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियक साइंसेज के चेयरमैन डॉ. युगल किशोर मिश्रा ने कहा, ह्रइस कार्यक्रम में लोगों का इतनी बड़ी संख्या में सक्रिय रूप से भाग लेना हमारे उम्मीद से परे और अद्भुत था। कार्यक्रम के जरिए हमने यह संदेश लोगों तक पहुंचाया है, कि हृदय स्वास्थ्य की शुरूआत हर दिन उठाए गए छोटे-छोटे कदमों से होती है। इस कार्यक्रम में फिटनेस की भावना के चलते लोग एकजुट हुए, हम यह याद दिलाते हैं, कि हमारे दिल को मजबूत और स्वस्थ रखना कितना जरूरी है।

हॉस्पिटल के डायरेक्टर विजी वर्गीस ने बताया की ह्रराहगीरी में द्वारका के लोगों से मिलने वाली जबरदस्त प्रतिक्रिया फिटनेस के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दिखाती है। इस कार्यक्रम ने द्वारका में एक हृदय-स्वस्थ वातावरण तैयार किया है, जो निवासियों को तंदुरुस्ती, बचाव और लंबे समय तक सेहत को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करता है। परिवारों और व्यक्तियों को एकजुट होकर अपने स्वास्थ्य को अहमियत देते देखना बहुत अद्भुत था। हम आगे भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करते रहेंगे जिसकी भूमिका स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में अहम हो।

# दिल्ली में दहशत का माहौल, उपराज्यपाल की प्राथमिकताएं अस्पष्ट : सौरभ भारद्वाज

- गुलाबी बाग में एक व्यवसायी से 3.45 करोड़ रुपये लूटे गए थे।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी (आप) के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कानून-व्यवस्था को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच उपराज्यपाल वी के सक्सेना की भूमिका और प्राथमिकताओं पर सवाल उठाते हुए रविवार को दावा किया कि दिल्ली में गोलीबारी की ताजा घटनाओं के कारण दहशत का माहौल है। दिल्ली में 209 पुलिस थाने हैं। उपराज्यपाल उनका दौरा क्यों नहीं करते? जब भी दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) से संबंधित कोई काम होता है तो वह आयुक्त के साथ जाते हैं, और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के मामलों के लिए वह सचिव को साथ ले जाते हैं।

भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के मुद्दों के लिए वे तीनों को इसमें शामिल करेंगे। वह स्थलों का निरीक्षण करते हैं, टिप्पणी करते हैं, तस्वीरें लेते हैं और दावा करते हैं कि काम उनके निर्देशन में किया गया था, भले ही यह दिल्ली सरकार की जिम्मेदारी रही हो। भारद्वाज ने राजधानी में सार्वजनिक सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं को रेखांकित करते हुए कहा, आज दिल्ली में दहशत का माहौल है। मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ कह सकता हूं कि मेरी दिल्ली में ऐसी स्थिति पहले कभी नहीं रही।

हाल ही में नारायणा में एक शोरूम के अंदर हुई गोलीबारी का जिक्र करते हुए भारद्वाज ने सवाल किया, उपराज्यपाल नारायणा का दौरा कब करेंगे, जहां एक शोरूम के अंदर गोलियां चलाई गईं? गुलाबी बाग में एक व्यवसायी से 3.45 करोड़ रुपये लूटे गए थे। क्या उपराज्यपाल उस जगह का दौरा करेंगे? उन्होंने कहा कि महिपालपुर में गोल्डी बरार पांच करोड़ रुपये की मांग कर रहा है, उपराज्यपाल इसका समाधान कब करेंगे? आप मंत्री ने मांग की कि उपराज्यपाल इन अपराध स्थलों का दौरा करने के दौरान पुलिस आयुक्त और गृह मंत्री को अपने साथ ले जाएं।

# मुख्यमंत्री प्रदूषण कम करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी जल्द दें: थान सिंह यादव

## दिल्ली देहात व गांवों में हर घर सोलर पैनल, हर घर बिजली फ्री करें सरकार: पंचायत संघ

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली पंचायत संघ के प्रमुख थान सिंह यादव ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशि और परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत से आग्रह किया है कि बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर सभी इलेक्ट्रिक वाहनों पर 20% सब्सिडी और रोड टैक्स में छूट प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान लोग नए वाहन खरीदते हैं, ऐसे में उन्हें इलेक्ट्रिक वाहन चुनने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

थान सिंह यादव ने सुझाव दिया कि दिल्ली में पेट्रोल-डीजल वाहनों की संख्या कम की जाए और धीरे-धीरे इन पर प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने सरकार से यह भी आग्रह किया कि फ्यूल से चलने वाले सभी वाहनों पर प्रतिबंध लगाकर इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जाए, ताकि दिल्ली और



इसके आसपास के क्षेत्रों को गैस चेंबर बनने से बचाया जा सके।

इसके साथ ही, उन्होंने दिल्ली देहात और गांवों में हर घर सोलर पैनल लगाने और बिजली मुफ्त देने की मांग की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण किसानों को केजरीवाल सरकार के 200 यूनिट मुफ्त बिजली और 2000 लीटर पानी के लाभ से वंचित रखा गया है।

पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने जोर देकर कहा कि दिल्ली के प्रदूषण, अवैध कब्जों, जाम, टूटी सड़कों और कुड़ा घरों की समस्या के समाधान के लिए सरकार को तत्काल कदम उठाने चाहिए। उन्होंने एक बार फिर से इलेक्ट्रिक वाहनों पर 20% सब्सिडी और हर घर सोलर पैनल व मुफ्त बिजली लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# मिठाई की दुकान पर फायरिंग करने वाले दो बदमाश पकड़े



नई दिल्ली। स्पेशल सेल ने रणहौला स्थित मिठाई की दुकान पर फायरिंग करने वाले दो बदमाशों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों गिरफ्तार आरोपियों ने जेल में बंद गोगी गिरोह के बदमाशों के निर्देश पर फायरिंग की थी। इनके कब्जे से दो पिस्टल, नौ कारतूस और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई है। स्पेशल सेल की डीसीपी प्रतीक्षा गोदारा ने बताया कि शनिवार सुबह रणहौला स्थित मिठाई की दुकान पर बाइक सवार बदमाशों ने रंगदारी वसूलने के लिए फायरिंग की थी। बदमाशों ने भागते समय एक पर्ची फेंकी थी, जिस पर गोगी गिरोह से जुड़े तीन बदमाशों के नाम लिखे थे। इसके अलावा गोगी और कुलदीप फज्जा की फोटो बनी थी। इस बाबत स्पेशल सेल के इंस्पेक्टर मंदीप एवं जयबीर की टीम ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर जांच शुरू की। पुलिस ने रविवार को रोहिणी इलाके से हरिओम एवं जतिन लाकड़ा को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी ने बताया कि जेल में बंद दीपक बॉक्सर एवं अंकेश लाकड़ा ने पूरी योजना तैयार की थी। मुंडका निवासी अंकेश ने अपने गांव के ही जतिन को फायरिंग करने के लिए कहा था। इसके तहत सोनीपत से जतिन ने हथियार लिए और हरिओम को फायरिंग करने के लिए तैयार किया था। इन दोनों की भूमिका सिर्फ फायरिंग कर धमकी देने की थी। इसके बाद रंगदारी की रकम मांगने के लिए फोन करना बाकी था।

# जनता के बीच घिरेगी दिल्ली सरकार: भाजपा



नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने रविवार को कहा कि परीक्षा के समय आम आदमी पार्टी ने आतिशी को आगे कर दिया है। नौ वर्ष तक सड़कों पर कोई काम नहीं हुआ। अब दावा किया गया है कि सीएम और मंत्री सड़कों पर उतरेंगे। अगर दिल्ली सरकार सड़कों पर आई तो दिल्ली की जनता उन्हें घेरेगी। सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार ने दिल्ली को 10 वर्ष में 40 वर्ष पीछे धकेल दिया है। भ्रष्टाचार के साथ-साथ दिल्ली में सड़क, सार्वजनिक परिवहन, सीवर, पानी का बुरा हाल है। दिल्लीवाले परेशान हैं। उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। सड़कों की मरम्मत की बात करना एक छलावा है।

# कांस्टेबल को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, मौत

नई दिल्ली। बाहरी जिले के नांगलोई थाना इलाके में तेज रफ्तार कार ने दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल को कुचल दिया। बताया जा रहा है कि कांस्टेबल को काफी दूर तक घसीटा गया। घटना में उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, शनिवार देर रात बैरिकेड लगाकर चेकिंग के दौरान रुकने का इशारा करने पर शराब तस्कर ने कॉन्स्टेबल को कार से टक्कर मार दी। इतना ही नहीं, आरोपी ने उन्हें करीब 10 मीटर तक घसीटा। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित गाड़ी को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल कांस्टेबल को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान संदीप के रूप में हुई है। वह दिल्ली पुलिस में बतौर कांस्टेबल कार्यरत थे। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है।

# डर के कारण नहीं आ रहे कर्मचारी : सौरभ भारद्वाज



नई दिल्ली । दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज और विधायक दुर्गेश पाठक रविवार को नारायणा स्थित कार शोरूम में पहुंचे और शुक्रवार रात हुई फायरिंग के बारे में जानकारी ली। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दहशत के कारण शोरूम के कर्मचारी काम करने नहीं आ रहे हैं। शोरूम संचालक खुद भी दिल्ली छोड़कर किसी अन्य जगह कारोबार करने पर विचार कर रहे हैं। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि वह कानून व्यवस्था को लेकर उपराज्यपाल से मुलाकात करेंगे और उनसे कारोबारियों की सुरक्षा का अनुरोध करेंगे। उन्होंने बताया कि यह शोरूम छह दोस्त मिलकर चलाते हैं। वह बड़े कारोबारी नहीं हैं। ऐसे में बदमाश उनसे पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांग रहे हैं। पुलिस की तरफ से उन्हें किसी प्रकार की सुरक्षा नहीं मिली है। उनके शोरूम एवं घर पर सुरक्षा होनी चाहिए।

# द्वारका में टैंकर वेल्डिंग के दौरान विस्फोट में 1 व्यक्ति की मौत, 3 घायल

नई दिल्ली। द्वारका सेक्टर 23 थाना इलाके के भरथल गांव में तेल के टैंकर की वेल्डिंग करते समय हुए विस्फोट में चार युवक झुलस गए, जिनमें से एक की इलाज के दौरान मौत हो गई और तीन का इलाज चल रहा है। मृतक माया राम बिजवासन के रहने वाले थे और घायल राकेश, फैयाज और समीर भरथल गांव के रहने वाले हैं। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। घायलों का सफदरजंग अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार तड़के द्वारका सेक्टर 23 थाना पुलिस को जानकारी मिली थी कि द्वारका के भरथल गांव में वेल्डिंग करते समय एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे तो पता चला कि तेल टैंकर की वेल्डिंग करते समय चार लोग घायल हो गए। घायलों को तुरंत द्वारका सेक्टर नौ के इंदिरा गांधी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उनकी हालत को देखते हुए चारों को सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया गया। जहां पर मायाराम की मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पाल के शवगृह में रखवा दिया है।

# हत्या के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार



नई दिल्ली। बिहार से एक बदमाश को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है, जिस पर हत्या सहित कई मामले दर्ज थे। इसकी तलाश पालम गांव थाना पुलिस टीम कई साल से कर रही थी। यह 4 साल से फरार चल रहा था। बाद में कोर्ट ने भी इसकी गिरफ्तारी के लिए इसे भगोड़ा घोषित कर दिया था। गिरफ्तार आरोपित की पहचान पप्पू यादव के रूप में हुई है। यह बिहार के नालंदा जिला का रहने वाला है। इसके ऊपर 2020 में अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज किया गया था।

क्राइम ब्रांच की टीम ने इसे बिहार शरीफ में छापा मारकर गिरफ्तार किया। क्राइम ब्रांच के डीसीपी अमित गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 जनवरी 2020 को पालम थाना इलाके में हत्या की एक वारदात हुई थी। पीड़ित शंभू यादव यादव के बयान पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। उसने बताया कि उसकी बेटी लापता थी बाद में पता चला कि उसकी हत्या कर दी गई है। इस मामले में मृतक लड़की का शव द्वारका सेक्टर 19 नाले में मिला था। हत्या इसलिए कर दी थी, उनके ससुराल वाले दहेज की मांग को पूरा नहीं कर पाए थे। मामले में बिहार के नालंदा रहने के रहने वाले पप्पू यादव की पुलिस को तलाश थी। वह लड़की के पति नीरज यादव का अंकल था।

लड़की की हत्या करके उसके शव को पैक करके नाले में फेंकने में उसने अहम भूमिका निभाई थी। आरोप है की जिस गाड़ी से शव को ठिकाना लगाया गया था, वह गाड़ी भी वही लाया था। पुलिस टीम उस समय से इसकी तलाश कर रही थी। एसीपी उमेश की देखरेख में कांस्टेबल कुलदीप की टीम ने लगातार मशक्कत के बाद इस आरोपित का पता लगाया। फिर इसके बारे में पुख्ता जानकारी मिलने के बाद टेक्निकल सर्विलांस की मदद से इसके लोकेशन को ट्रैक किया और फिर बिहार में जाकर वहां पर छापा मारा। पूछताछ में इसने बताया कि वह दो शादी कर चुका है। अपने भतीजे की पत्नी की हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद यह दिल्ली से भागकर बिहार चला आया, यहां छिपकर रहने लगा था।

# आज दिल्ली में कानून व्यवस्था बद से बदतर हो गई है, उपराज्यपाल महोदय इसका संज्ञान कब लेंगे ?:भारद्वाज

## आज दिल्ली में दिनदहाड़े व्यापारियों को लूटा जा रहा है, उनकी हत्याएं की जा रही हैं : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली सचिवालय में हुई एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि आज दिल्ली के तमाम हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी के अखबार दहशत की खबरों से भरे हुए हैं कइतने वर्षों में दिल्ली में दहशत और गुंडागर्दी का ऐसा माहौल कभी नहीं देखा गया कदिल्ली देश की राजधानी है और पूर्व में सबसे सुरक्षित शहरों में दिल्ली का नाम गिना जाता रहा है कदिल्ली में देश की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट स्थित है, प्रधानमंत्री जी का निवास दिल्ली में है, राष्ट्रपति का निवास दिल्ली में है, केंद्र के सारे मंत्री दिल्ली में रहते हैं, पूरी केंद्र सरकार दिल्ली से चलती है और इस केंद्र सरकार के अधीन आने वाली दिल्ली पुलिस के पास दिल्ली की कानून व्यवस्था को संभालने की जिम्मेदारी है कउन्होंने कहा कि सीधे तौर पर दिल्ली के गृहमंत्री और उपराज्यपाल महोदय दिल्ली की कानून व्यवस्था के लिए जिम्मेदार हैं और आज दिल्ली बड़े-बड़े गैंगस्टर और गैंगवार के शहर के नाम से पहचाना जा रहा है कमंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि आज से पहले इस तरह का माहौल केवल फिल्मों में देखा जाता था, कि जब गैंगस्टर उद्योगपतियों को रंगदारी देने के लिए धमकाते थे और उनके घरों पर गोलियां चलाते थे, परंतु अब यह सब कुछ दिल्ली में खुले तौर पर हो रहा है

बीते 48 घंटों की घटनाओं का हवाला देते हुए मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि दिल्ली में तीन अलग-अलग जगह पर दिल्ली के तीन उद्योगपतियों के घर और दफ्तरों पर बदमाशों द्वारा गोलियां चलाने की घटना घटित हुई कउन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है, कि यह रंगदारी केवल इन तीन लोगों से ही मांगी गई होगी कउन्होंने कहा कि रंगदारी तो न जाने कितने लोगों से मांगी गई होगी, यह तीन लोग तो वह लोग हैं, जिन्होंने रंगदारी देने से मना किया तो उनके घर पर बदमाशों द्वारा खुलेआम दिनदहाड़े गोलियां चलवा दी गई कइन घटनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि शुक्रवार शाम 7:30 बजे नारायण रिंग रोड पर स्थित गाड़ियों के शोरूम पर कुछ बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाई कसुना जा रहा है कि शोरूम के मालिक को कई दिनों से बदमाशों की ओर से 5 करोड रुपए देने की मांग की जा रही थी कशुक्रवार को ही घटित एक अन्य घटना की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया, कि महिपालपुर के एक होटल मालिक से भी रंगदारी की मांग की जा रही थी और पैसे नहीं देने पर रात लगभग 3:00 अज्ञात बदमाशों ने होटल में घुसकर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई कतीसरी घटना के संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया, कि कल सुबह लगभग 9:30 बजे नांगलोई के एक मशहूर रोशन हलवाई की दुकान पर बदमाशों ने रंगदारी न देने के कारण ताबड़तोड़ गोलियां चलाई और फरार हो गए कउन्होंने कहा कि दिल्ली में जो हालात दिखाई दे रही हैं उससे साफ जाहिर है कि दिल्ली खुल्लम-खुल्ला गैंगस्टरों के हाथ में पहुंच गई है ककल ही दिल्ली के गुलाबी बाग में घटित एक और घटना की जानकारी देते हुए मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया, कि दिनदहाड़े बदमाशों ने लगभग 4 किलो 400 ग्राम सोना जिसकी कीमत 4 करोड रुपए से अधिक बताई जा रही है, लूट लिया कइसी प्रकार से कूँचा महाजनी में लगभग 7 किलो सोने की लूट की गई थी, जिसकी कीमत 5.5 करोड रुपए आंकी गई थी ककुछ ही दिनों पहले दिल्ली के पॉश इलाके ग्रेटर कैलाश की एम ब्लॉक मार्केट में घटित एक घटना की जानकारी देते हुए, उन्होंने कहा कि एम ब्लॉक की मार्केट में दिनदहाड़े बदमाशों ने एक जिम के मालिक को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया

# सोमवार से सड़क पर उतरेगी दिल्ली सरकार की कैबिनेट

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली सरकार की कैबिनेट सोमवार से सड़क पर उतरेगी। ताकि दिल्ली की सड़कों को ठीक करने का काम किया जाए और जनता को परेशानी से निजात दिलायी जाए।

दिल्ली सचिवालय में हुई बैठक के बाद मुख्यमंत्री आतिशी ने प्रेस वार्ता कर कहा कि पिछले दो दिन अरविंद केजरीवाल और वे दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में सड़कों की स्थिति का निरीक्षण करने गए थे। इस दौरान यह सामने आया कि दिल्ली की सड़कों का बहुत बुरा हाल है। जगह-जगह सड़कें टूटी हुई हैं। बरसात की वजह से सड़कों पर गड्ढे हैं। दिल्ली जल बोर्ड, बीएसईएस और टाटा पावर ने अलग-अलग कारणों से अपने काम किए हैं, लेकिन उसके बाद सड़कों को दोबारा रिपेयर नहीं किया। लिहाजा, दिल्ली की जनता टूटी हुई सड़कों से परेशान है।

आतिशी ने बताया कि शुक्रवार को विधानसभा में विशेष सत्र के दौरान अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की टूटी सड़कों के संबंध में मुझे एक पत्र दिया। उन्होंने सरकार से यह निवेदन किया कि युद्ध स्तर पर दिल्ली की सड़कों को ठीक करने का काम किया जाए।

इसी के मद्देनजर रविवार को दिल्ली सचिवालय में एक ऑल मिनिस्टर्स मीटिंग बुलाई गई थी। बैठक में दिल्ली के मुख्य सचिव और पूरा पीडब्ल्यूडी विभाग भी मौजूद रहा। एक घंटे चली इस बैठक में पीडब्ल्यूडी की 1400 किलोमीटर सड़कों की व्यापक समीक्षा हुई कि कौन सी ऐसी सड़कें हैं जो पूरी तरह से टूटी हुई हैं, जिनका पुनर्निर्माण करने की जरूरत है। कौन सी ऐसी सड़कें हैं, जिनमें कुछ हिस्से टूटे हुए हैं, जहां 100 से 200 मीटर सड़क का निर्माण करना है और कौन सी वह सड़कें हैं जहां छोटे-छोटे गड्ढे हैं और उन्हें भरने की जरूरत है।

आतिशी ने कहा कि सोमवार से दिल्ली सरकार का पूरा कैबिनेट दिल्ली की सड़कों पर उतरेगा। सभी मंत्रियों और मैंने खुद दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों की जिम्मेदारी ली है, जहां हम खुद ग्राउंड पर जाकर निरीक्षण करेंगे और देखेंगे कि किस सड़क पर क्या काम कराने की जरूरत है। मसलन, अगर किसी सड़क को फिर से बनाने की जरूरत है या किसी सड़क को केवल मरम्मत की जरूरत है या फिर किसी सड़क में सिर्फ गड्ढे हैं, हम उसका मूल्यांकन करेंगे। बतौर मुख्यमंत्री मैंने दक्षिणी दिल्ली और दक्षिण-पूर्वी दिल्ली की जिम्मेदारी ली है। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने पूर्वी दिल्ली की जिम्मेदारी ली है। मंत्री गोपाल राय ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली की जिम्मेदारी ली है। मंत्री कैलाश गहलोत ने पश्चिमी दिल्ली और दक्षिणी-पश्चिमी दिल्ली की जिम्मेदारी ली है। मंत्री इमरान हुसैन ने केंद्रीय और नई दिल्ली की जिम्मेदारी ली है। जबकि मंत्री मुकेश अहलावत ने नार्थ व नार्थ वेस्ट दिल्ली की जिम्मेदारी ली है।

आतिशी ने बताया कि सोमवार सुबह 6 बजे से दिल्ली सरकार के सभी मंत्री सड़कों का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान स्थानीय विधायक भी हमारे साथ मौजूद होंगे। साथ ही, पीडब्ल्यूडी के सारे इंजीनियर, जिसमें चीफ इंजीनियर, सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर, एक्सीएन, एई, जेई भी मौजूद रहेंगे। अगले एक हफ्ते में दिल्ली में पीडब्ल्यूडी की 1400 किलोमीटर रोड की एक-एक मीटर का निरीक्षण होगा। जैसे ही यह निरीक्षण खत्म होगा, तुरंत अगले हफ्ते से सारी सड़कों की रिपेयरिंग का काम युद्ध स्तर पर शुरू होगा। उन्होंने ने कहा कि पीडब्ल्यूडी विभाग को अक्टूबर के महीने में उसकी 1400 किलोमीटर सड़कों को रिपेयर करने का टारगेट दिया गया है। हम उम्मीद करते हैं कि अक्टूबर महीने के अंत यानी दिवाली तक हम सभी दिल्लीवालों को गड्ढा मुक्त दिल्ली की सड़के दे पाएंगे।

# विचार मंथन

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, सोमवार, 30 सितम्बर, 2024

सम्पादकीय

## पानी और पर्यावरण के लिए सदैव समर्पित रहे अनुपम मिश्र

हमारे देश में बात जब जल संकट की होती है तो अनुपम मिश्र सहज याद आ जाते हैं। उनका चिंतन आज भी प्रासंगिक है। अनुपम जी अपनी पीढ़ी के आखिरी ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने भारत को पर्यावरण की राजनीति समझाई। वही वो व्यक्ति थे, जो चिपको आंदोलन में गए और जब वापस आए तो एक हकीकत भरी कहानी उनके साथ लौटी। उन्होंने बताया कि चिपको आंदोलन सिर्फ पेड़ों तक सीमित नहीं था बल्कि लोगों के राजनीतिक पक्षपात से भी जुड़ा हुआ था। लोग पर्यावरण के लिए लड़ रहे थे क्योंकि यह उनके अस्तित्व की लड़ाई थी। उन्होंने पर्यावरण की विशुद्ध राजनीति को समझाया, यह भी समझाया कि इस देश में हाशिए पर खड़े गरीबों की राजनीति कौन सी है और आखिर उनका भुलाया हुआ और उपेक्षित किया जाने वाला ज्ञान कैसे विकास का हिस्सा बनेगा। अपने ढंग से उन्होंने लोक को समझने का प्रयास किया। गांधी शांति प्रतिष्ठान में साथ बिताए वर्षों के दौरान, अनुपम मिश्र चंडी प्रसाद भट्ट के नेतृत्व वाले चिपको आंदोलन से बहुत प्रभावित हुए। सत्येंद्र त्रिपाठी के साथ, उन्होंने चिपको आंदोलन लिखा, जो भारत और दुनिया भर के लोगों का ध्यान ह्लपेड़ों को गले लगानेह्व के इस अनूठे आंदोलन की ओर आकर्षित करने में बहुत प्रभावशाली था। सामूहिक अहिंसक प्रतिरोध के इस प्रेरक और प्रभावी रूप में, महिलाओं और पुरुषों ने मांग की कि अगर कोई पेड़ काटा जाना है, तो उन्हें भी उसके साथ काटा जाना चाहिए। भारत में सदियों से अपनाई जा रही जल संरक्षण तकनीकों की जानकारी में उन्हें महारथ हासिल थी। उन्होंने देश-विदेश में बताया कि किस तरह भारत के अलग-अलग हिस्सों में रहने वाले लोग अपनी भौगोलिक स्थिति, संसाधनों की उपलब्धता और जरूरतों को समझते हुए जल संरक्षण के कारगर तरीके अपनाते थे। उनका कहना था कि आधुनिक जल परियोजनाएं इन पारंपरिक तरीकों के आगे फीकी और कम असरदार हैं। उनके निधन के बाद धीरे- धीरे लोगों ने उन्हें विस्मृत कर दिया। पर्यावरण के संदर्भ में वे देशज ज्ञान के वाहक थे। गांधी शांति प्रतिष्ठान जो उनकी कर्मभूमि थी, उनकी स्मृतियों को खत्म किया जा रहा है। वहीं झारखंड में गोदावरी फांउडेशन द्वारा अनुपम मिश्र को याद किए जाने के कई मायने हैं। वे ऐसे व्यक्ति थे जो बिना किसी नाम के, बिना आवाज के, बिना गाजे-बाजे के, बस अच्छे काम कर रहे थे। अनुपम जी व्यक्ति खोजते थे, उसे तराशते थे और उसके साथ काम करते थे। इनमें जल पुरूष राजेन्द्र सिंह के साथ साथ कई हस्तियों के नाम हैं। पर्यावरण संरक्षण आज के युग की बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। भारत में इसका असर विविध रूपों में देखने को मिल रहा है। देश में पर्यावरण का संरक्षण करने के लिए तकरीबन 200 से भी अधिक कानून हैं, लेकिन लगभग सभी कानूनों का खुलेआम उल्लंघन होता है इसलिए भारत सर्वाधिक प्रदूषित देशों की सूची में आता है और पर्यावरण संरक्षण के लिए कोई कदम अभी तक प्रभावी सिद्ध नहीं हो पाए हैं। दूसरी ओर जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान बढ़ रहा है, सूखा और जंगली आग अधिक बार होने लगी है, वर्षा के पैटर्न बदल रहे हैं, ग्लेशियर और बर्फ पिघल रहे हैं और वैश्विक औसत समुद्र स्तर बढ़ रहा है। भारत में हाल ही में आई जानलेवा गर्मी और सूखे के लिए आंशिक रूप से जलवायु परिवर्तन को जिम्मेदार ठहराया गया है। विश्लेषण से पता चलता है कि जलवायु परिवर्तन ने ऐसी घटना की संभावना को लगभग 30 गुना बढ़ा दिया है। इसके अलावा, अतिरिक्त वैश्विक तापमान वृद्धिके साथ इसी तरह की घटनाओं की संभावना बढ़ती रहेगी। अनुपम मिश्र को साल 1996 में पर्यावरण एवं वन मंत्रालय ने इंदिरा गांधी पर्यावरण पुरस्कार से सम्मानित किया था। जमना लाल बजाज पुरस्कार सहित कई अन्य पुरस्कार भी उनके नाम हैं। अनुपम के पिता भवानी प्रसाद मिश्र हिंदी के प्रख्यात कवि थे। जल संरक्षण के क्षेत्र में उन्होंने काफी योगदान दिया है। भारत के गांवों में घूम-घूमकर वह लोगों को पानी बचाने और जल का संरक्षण करने के पारंपरिक तरीकों के बारे में जागरूक करते थे। भारत के पारंपरिक जल संरक्षण तकनीकों की उनकी समझ को लेकर वह ना केवल भारत, बल्कि विदेशों में भी काफी मशहूर थे। उनकी पुस्तकें, खासकर ह्लआज भी खरे हैं तालाबह्व तथा ह्लराजस्थान की रजत बूंदेंह्व, पानी के विषय पर प्रकाशित पुस्तकों में मील के पत्थर के समान हैं, और आज भी इन पुस्तकों की विषयवस्तु से कई समाजसेवियों, वाटर हार्वेस्टिंग के इच्छुकों और जल तकनीकी के क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों को प्रेरणा और सहायता मिलती है। सबसे बड़ी खासियत है कि अनुपम जी ने खुद की लिखी इन पुस्तकों पर किसी प्रकार का ह्लकॉपीराईटह्व अपने पास नहीं रखा है।

## बांग्लादेश में दुगार्पूजा पर संकट के बादल

बांग्लादेश में मजहबी कट्टरपंथी ताकतों का अराजकता भरा उन्माद सिर चढ़कर बोल रहा है इसी के चलते हजारों साल से चली आ रही दुर्गा पूजा भी उनकी आंखों में चुभ रही है। इस बार बांग्लादेश में शारदीय नवरात्रि पर होने वाली दुर्गा पूजा कट्टरपंथी लोगों के निशाने पर है। बांग्लादेश से प्रधानमंत्री शेख हसीना के निर्वासन के बाद वहां हिन्दू विरोधी कट्टरपंथी ताकतों द्वारा कदम कदम पर हिन्दुओं का सामाजिक, धार्मिक, सामुदायिक दमन किया जा रहा है। बांग्लादेश में एक बार फिर हिंदू समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है। राज्य में इस्लामी कट्टरपंथी समूहों ने हिंदूओ के कई मंदिरों और समितियों को धमकी भरे पत्र भेजे हैं। जिनमें 5 लाख बांग्लादेशी टका की मांग की गई है। इस पत्र में कहा गया है कि अगर ये रकम नहीं भेजी गई तो उन्हें पूजा नहीं करने दी जाएगी। हिंदू समुदाय के सदस्यों का कहना है कि दुर्गा जी की प्रतिमा को तोड़ने और जबरन वसूली के लिए उन्हें कई ऐसी ही धमकियां मिली है। इन धमकियों के चलते बांग्लादेश में दुर्गा पूजा के आयोजन पर संकट के बादल छा गए हैं। बांग्लादेश में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है हालांकि अतीत में मुगल काल तक में भी मौजूदा बांग्लादेश में दुर्गा पूजा की जाती रही थी। दुर्गा पूजा का उत्साह केवल भारत में ही नहीं, बल्कि सारे विश्व में दिखाई देता है। हमारे पड़ोसी बांग्लादेश में भी माँ दुर्गा की पूजा बड़े आयोजन के रूप में होती है। सिर्फ हिंदू समुदाय के लोग ही यह त्यौहार नहीं मनाते, बल्कि लिबरल मुसलमान भी इसमें बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। वहां यह अब एक सार्वभौमिक त्यौहार है। यह जानना कम सुखद नहीं है कि 2022 में बांग्लादेश में 32, 168 दुर्गा पंडाल लगाए गए थे। अकेले ढाका में पूजा पंडालों की संख्या 241 थी। बांग्लादेश की राजधानी ढाका में स्थित ढाकेश्वरी मंदिर इस बात का प्रमाण है कि इस क्षेत्र में माँ दुर्गा की उपासना सदियों से होती चली आ रही है। माना जाता है कि ढाकेश्वरी मंदिर की स्थापना 12वीं शताब्दी में बल्लाल सेन नाम के एक हिंदू राजा ने की थी। बल्लाल सेन को माँ दुर्गा ने सपने में आकर कहा था कि उनकी प्रतिमा पास के जंगल के एक विशेष स्थान पर दबी हुई है, वह उस प्रतिमा को वहां से लेकर मंदिर में स्थापित करें। ढाकेश्वरी माँ के नाम पर ही बांग्लादेश की राजधानी का नाम ढाका पड़ा, ऐसी मान्यता है। तभी से ढाका में माँ दुर्गा की यह पारंपरिक पूजा होती आ रही है। बांग्लादेश में ढाकेश्वरी मंदिर के अलावा सिद्धेश्वरी मंदिर, रमना काली मंदिर और रामकृष्ण मिशन मंदिर भी दुर्गा और काली पूजा के लिए विश्वविख्यात है। सिलहट जिले के पंचगांव की दुगार्पूजा लगभग 300 साल पुरानी है। यह पूरे उपमहाद्वीप में एकमात्र लाल रंग की दुर्गा है। सच कहे तो आज जिस रूप में हम दुर्गा पूजा का आयोजन करते हैं, उसकी शुरूआत बंगाल से हुई। आज भी धूमधाम और भव्यता में बंगाल की दुगार्पूजा का कोई मुकाबला नहीं है। भारत विभाजन से पहले बांग्लादेश बंगाल का ही हिस्सा था, दोनों की संस्कृति भी एक ही थी। पहले बंगाल का एक भाग पूर्वी पकिस्तान के रूप में पाकिस्तान का हिस्सा बना और फिर 1971 में स्वतंत्र देश बन गया। इधर के कुछ वर्षों में बांग्लादेश में भी इस्लामिक कट्टरपंथी सर उठाने लगे हैं। दुर्गा पूजा के पिछले कुछ आयोजनों में विघ्न डालने के प्रयास किए गए। पिछले साल तो किसी कट्टरपंथी ने पंडाल में कुरान की प्रति रख दी और अफवाहें फैला दीं। कई जगह पंडाल में तोड़ फोड़ भी की गई। अब प्रधानमंत्री शेख हसीना के निर्वासन के बाद कट्टरपंथी ताकतों ने बड़े पैमाने पर हिन्दुओं के साथ हिंसा और आगजनी, महिलाओं खासकर नाबालिग लड़कियों के साथ दरिंदगी, पूजा स्थलों पर तोडफोड़ और मूर्ति भंजन की वारदातों को अंजाम दिया है। हाल ही में कट्टरपंथी तत्वों ने एक पत्र भेज कर खुली अवैध वसूली और धमकी देने का एलान किया है। इन तत्वों ने चेतावनी दी है कि ह्यअगर आप दुर्गा पूजा मनाना चाहते हैं, तो हर मंदिर समिति को 5 लाख टका दान देना होगा। अगर आप इसका पालन नहीं करते हैं, तो आप उत्सव नहीं मना पाएंगे। हम जो जगह बताएंगे, वहां एक हफ़्ते के अंदर पैसे जमा कर दें।

# वीभत्य दृश्यों के साथ गूंजती विश्व युध्द टंकार

**गैरमुस्लिम नेता अपनी धर्मनिरपेक्षता की छवि दिखाने के चक्कर में अपनों का ही खून बहाने का धरातल तैयार करने में लगे हैं। उन्होंने यह मुगालता पाल रखा है कि ऐसा करने पर गैरमुस्लिम वोट उनके खाते में एक मुस्त आ जायेगा, जबकि हकीकत में ऐसा नहीं हो रहा है। अतीत को भूलने वाले लोग आज अपने बाप-दादाओं के खून से सने हाथों पर ही पुष्पहार रख रहे हैं। गहराई से देखा जाये तो देश-दुनिया के हालात बारूदी ज्वालामुखी के बस एक कदम की दूरी पर है। ऐसे में वीभत्य दृश्यों के साथ गूंजती विश्व युद्ध की टंकार को यदि समय रहते शान्त नहीं किया गया तो निकट भविष्य में कट्टरता के साथ विश्व संग्राम सुनिश्चित है। इस बार बस इतनी ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ पुनः मुलाकात होगी।**





डॉ. रवीन्द्र अरजरिया
लेखक, वरिष्ठ पत्रकार

तृतीय विश्व युध्द के दरवाजे पर दस्तक हो चुकी है। विशेष सम्प्रदाय का राज्य, वर्चस्व की स्थापना और सीमाओं के विस्तार को लेकर जंग का माहौल बन चुका है। आतंकी गिरोहों को तैयार करके सम्प्रदायिकता का परचम फहराने वाले राष्ट्रों अपने मंसूबे जाहिर कर दिये हैं। उन्होंने हमास के कन्धे पर हाथ रखकर निरीह लोगों को मौत के घाट उतारा, अबलाओं की अस्मिता लूटी और आम आवाम का अपहरण किया। भयाक्रान्त करके अपनी शर्तें मनवाने के लिए किया गया यह दुष्कृत्य उसके ही गले की फांसी बन गया। प्रतिशोध की ज्वाला ने गाजा को जलाना शुरू कर दिया। हमास ने अपने गैरमानवीयता वाले षडयंत्र पर मानवता की दुहाई देना शुरू कर दी। मासूमों के मदरसों, यतीमों के यतीमखानों, बीमारों के अस्पतालों, इबादत वाली मस्जिदों जैसे संवेदनशील जगहों के नीचे हमास की सुरंगें बदस्तूर इजराइल पर जबाबी कार्यवाही करके जुल्म का रोना रोता रहा। फिलिस्तीन के लोगों ने अपने मासूमों को लाशों में बदलना कुबूल किया परन्तु हमास के जल्लादों को बेनकाब नहीं किया। खण्डहर होती इमारतों में तडफते लोगों का मंजर किसी वीभत्स दृश्य की करुण कहानी कहते रहे मगर कट्टरता का पाठ सांसों की कीमत पर ही रटाया जाता रहा। हमास के पास इतना पैसा कहां से आया कि वह हजारों किलोमीटर लम्बी सुरक्षित और आधुनिक संसाधनों से युक्त सुरंगें बना सका। मिसाइलों, गोलों, राकेट लांचरों, मशीनगनों जैसे अत्याधुनिक हथियारों की खरीद हेतु धनराशि के अलावा अवैध डील करने के सम्पर्क कहां से आये। अन्तर्राष्ट्रीयस्तर पर पहचान बनाने की नवीनतम तकनीक कहां से आई। इन जैसे सभी सवालों का एक ही जबाब है कि साम्प्रदायिक एकता के नारे तले कट्टरता का बुलंद होता इकबाल। यह सब एक ही दिन में नहीं हुआ। जनसंख्या के विस्तार के साथ ही समूची दुनिया पर कब्जा करने की नियत ने भी विकास पाया। आवश्यकता से अधिक की आय ने खुराफाती जुमले इजाद करना शुरू कर दिये। कहीं तेल की इफरात कमाई तो कहीं फितरा का हिस्सा। कहीं जकात का पैसा तो कहीं मजहबी मजलिसों के नाम पर बक्शीस। कट्टरता के नाम पर लोगों के दिमाग में जिस्म के बाद की दुनिया का तिलिस्म पैदा किया गया। इंसानियत का ब्रेनवाश करने के बाद उन जुनूनी जमातों को जेहाद की जमीन पर जंग के लिए उतार दिया गया। धीरे-धीरे इस जहर को खून में शामिल करने के बाद जगह-जगह इनके अड्डे बनाये गये जहां से दुनिया को अपनी जद में लिया जा सके। हमास की जेहादी सोच पर जब इजराइल ने हमला किया तो हिजबुल्लाह ने चौधरी बनकर धमकाना शुरू किया। जब हिजबुल्लाह के अड्डे नस्तनाबूत होने लगे तो हूती ने हमलों की कमान सम्हाली। हमास, हिजबुल्लाह और हूती के बाद दुनिया के नौ आंतकी संगठन अब अपनी बारी के लिए अंधेरी कोठरी में दुबके बैठे आकाओं की ओर देख रहे हैं। वहां से हरी झंडी मिलते ही एक-एक करके वे इस जंग में कूद जायेंगे। लेबनान के बाद ईरान, ईराक, कतर, यमन, सीरिया, तुर्की, पाकिस्तान, बंगलादेश और अफगानस्तान के लडाके अपनी जेहादी तैयारियों में जुट गये हैं। आतंकी संगठनों के नाम पर अनेक देशों की सेना के जवान, सिक्यूरिटी कमाण्डो, सुरक्षाबल के सैनिक भी वर्दी उतार कर दुनिया फतह करने निकल पडेंगे। ऐसे में वे देश भी नहीं बचेंगे जिन्होंने अपने लाभ के लिए जल्लादों के हाथों में अस्तुरे बेचे हैं।

गवाही है कि अमेरिका के पैदा किये आतंकियों ने उसे भी नहीं बक्सा था। हथियारों के सौदागरों ने अपने खूनी कारोबारों को चमकाने के लिए निरीह लोगों को निशाना बनाने वालों की पर्दे के पीछे से मदद की है। उनका मानना था कि वे इन जालिमों का उपयोग करके पैसा भी कमायेंगे और अपने दुश्मनों को नस्तनाबूत करने में भी सफल हो जायेंगे। प्रतियोत्तर में दुश्मनों ने भी उनके लिए ऐसे ही बंदोबस्त पहले से ही कर रखे थे। चीन, अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा जैसे देशों ने हमेशा से ही फूट डालो, राज करो की नीति अपनाई है। मानवता, करुणा, सहयोग, सौहार्य जैसी भावनायें इनकी सोच में कभी नहीं रहीं। वर्तमान में यदि देखा जाये तो इजराइल अकेला ही कट्टरता की जमातों से टकरा रहा है। बाकी देश यह सोच रहे हैं कि पडोसी के यहां संकट हैं, हमें क्या फर्क पडता है। ईमानदाराना बात तो यह है कि जो समस्या आज प्रत्यक्ष में इजराइल झेल रहा है, वही समस्या अपने मुल्कों के अन्दर अधिकांश गैरइस्लामिक देश भी झेल रहे हैं। ज्यादातर तो गृह युध्द के साथ-साथ पडोसियों के साथ होने वाली जंग की कगार पर पहुंच चुके हैं। बंगलादेश जैसे राष्ट्र तो वर्तमान का उदाहरण बनकर खडा है जहां षडयंत्रकारियों ने उस भू भाग को स्वतंत्र पहचान दिलाने वाले व्यक्ति तक को वहीं के मीरजाफरों से ही मिटवा दिया। गुलामी से आजादी दिलाने वाले की मूर्ति को गुलाम बनाने वालों के इशारे पर तोड दिया गया। अन्य देशों में भी ऐसी जमातें आंतरिक हालातों को तौल रहीं है। वजन बढते ही, वहां भी डंडे के नीचे झंडे कुचलते देर नहीं लगेगी। सरकारी तंत्रों पर कब्जा करने की पहल तो अनेक देशों में लम्बे समय ही शुरू हो चुकी थी। वर्तमान में यदि अपने देश के हालातों को ही ले लें तो विधायिका पर कार्यपालिका हावी हो चुकी है। न्यायापालिका भी कार्यपालिका की बैसाखी पर खडी है। कार्यपालिका का अपना अलग ही रवैया है। किस कानून को किस तरह से लागू करना है, लागू करना है भी या नहीं। यह बात अनेक घटनाओं से अनेक बार प्रमाणित हो चुकी है। नियम-कानूनों का चाबुक केवल और केवल निरीह लोगों या उसे सम्मान देने वालों पर चलता है। कानून तोडने वाले अतिक्रमण से लेकर मनमाने कृत्यों तक को खुलेआम सम्पन्न कर रहे हैं। कानून के रखवालों की आंखों के नीचे ही कानून की रोज धज्जियां उड रहीं हैं। सरकारी मुलाजिम-भाई भाई, का नारा बुलंद होकर संविधान की अनेक अघोषित धारायों दलालों के माध्यम से व्यवहारिक रूप में लागू हो चुकीं हैं। दूसरी ओर एक समुदाय विशेष ने सामाजिक व्यवस्था को जनसंख्या और क्रूरता के बल पर अपहरित कर लिया गया है। राजनैतिक गलियारों में वोट बैंक बढाने के लालच में देश की अस्मिता तक का सौदा होने लगा है।

# हरियाणा : सत्ता विरोधी लहर के साथ भीतरी कलह से भी जूझती भाजपा

**इसके अतिरिक्त अनिल विज अपना समय हाई कमान या दूसरे वरिष्ठ पार्टी नेताओं को खुश करने में व्यर्थ गंवाने के बजाये आम जनता से मिलने व उनकी समस्याओं को सुनने व सुलझाने में व्यतीत करना ज्यादा पसंद करते हैं। यही वजह है कि भाजपा छोड़ने के बाद स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप में लड़ने पर भी उन्होंने चुनाव में इसी अंबाला छावनी से जीत हासिल की है। जबकि मोदी-शाह की ओर से सत्ता मिलने पर तीसरी कार्यकाल में पुनः जिन नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाने की बात की जा रही है उन्हें इस बार अपनी नारायणगढ़ विधानसभा सीट असुरक्षित महसूस हुई तभी उन्हें लाडवा चुनाव क्षेत्र का रुख करना पड़ा। इसलिये कहना गलत नहीं होगा कि भाजपा राज्य में सत्ता विरोधी लहर के साथ साथ भीतरी कलह से भी जूझ रही है।**






तनवीर जाफरी
लेखक

5 अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिये विभिन्न राजनैतिक दलों का प्रचार अभियान अपने चरम पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह के अतिरिक्त भाजपा के और भी कई स्टार प्रचारक जहाँ अपनी पूरी ताकत झोंके हुये हैं वहीँ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व पार्टी के अन्य कई केंद्रीय नेता भी कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभायें व रैलियां कर रहे हैं। दस वर्षों बाद सत्ता में वापसी की पूरी आस लगाये बैठी कांग्रेस को पिछले दिनों पार्टी की भीतरी कलह के बीच उस समय एक संजीवनी मिली जबकि राहुल गाँधी हरियाणा के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कुमारी शैलजा और वीरेंद्र सिंह को एक साथ एक मंच पर लाने व पार्टी में एकजुटता का सन्देश देने में सफल रहे। ऐसे में कांग्रेस को जहाँ भाजपा के दस वर्षों के शासनकाल में उपजी सत्ता विरोधी लहर का फायदा मिलने की संभावना है वहीँ उम्मीद है कि पार्टी में गुटबाजी के बावजूद नेताओं की एकजुटता का सन्देश भी कार्यकताओं को उत्साहित करेगा। दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी की ओर से पिछले दिनों चुनाव प्रचार के दौरान ही कई ऐसे संकेत मिले जो पार्टी नेताओं के मतभेदों को स्पष्ट रूप से उजागर करने वाले हैं। उदाहरण के तौर पर गत 14 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुरुक्षेत्र की एक जनसभा में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जमकर तारीफ की। मोदी ने कहा कि ह्यहमारे मुख्यमंत्री 24 घंटे हरियाणा के विकास के लिए समर्पित हैं। हरियाणा का जो भी व्यक्ति मिलेगा वह कहता है कि हमारे मुख्यमंत्री विनम्रता के संबंध में हमारे हरियाणा का गौरव बढ़ाते हैं। उनका व्यक्तित्व सहज है व उनमें बहुत सहजता है। भाजपा के कार्यकर्ता के नाते मुझे हरियाणा में बहुत वर्षों तक काम करने का अवसर मिला है। जब मुख्यमंत्री की तारीफ करता हू तो मन गर्व से भर जाता है। इनका विजन और इनकी लग्न बड़े बड़ों से भी बेहतर है। इसी रैली के अगले ही दिन अम्बाला छावनी से छः बार विधायक रहे राज्य के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुये कहा है कि, ह्यह्लआज तक मैंने अपनी पार्टी से कुछ नहीं मांगा। मैं छह बार का विधायक हूं। और अपनी वरिष्ठता की वजह से मुख्यमंत्री पद की दावेदारी पेश करता हूं। उन्होंने कहा कि फैसला आलाकमान को करना है।

उन्होंने कहा कि यदि मुझे इस बार मुख्यमंत्री बना दिया तो मैं हरियाणा की तकदीर बदल दूंगा, तस्वीर बदल दूंगा। ह्यह्लविज का यह भी दावा है कि उन्होंने अपने छः बार के विधायकी के कार्यकाल में अंबाला छावनी के विकास के लिये जितने काम किये हैं उतने देश के किसी भी विधान सभा क्षेत्र में नहीं किये गये। दरअसल पार्टी का सबसे वरिष्ठ विधायक होने के नाते 2014 में ही राज्य के लोग अनिल विज को मुख्यमंत्री पद के सबसे मजबूत दावेदार के रूप में देख रहे थे। परन्तु उन्हें नजरअंदाज कर प्रधानमंत्री मोदी ने अपने आर एस एस के मित्र व सहयोगी मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री बना दिया। जबकि उस समय तक प्रदेश में खट्टर को कोई जानता भी नहीं था। इसके बाद 2019 में भी पार्टी ने मुख्यमंत्री पद हेतु पुनः खट्टर को ही चुना। वर्तमान चुनाव में खट्टर को मोदी-शाह का करीबी होने के नाते केंद्रीय मंत्री तो जरूर बना दिया गया है परन्तु हरियाणा में जिसतरह खट्टर का विरोध हो रहा है उसकी वजह से प्रधानमंत्री की चुनाव सभा सहित कई प्रमुख जनसभाओं से उन्हें दूर भी रखा जा रहा है। क्योंकि किसान आंदोलन के समय खटटर ने मुख्यमंत्री रहते किसानों के विरुद्ध कई ऐसे हिंसा भड़काने वाले बयान दिये थे जोकि किसी मुख्यमंत्री पर शोभा नहीं देते। बहरहाल, बाद में 2024 के लोकसभा चुनावों से ठीक पहले मुख्यमंत्री पद से खट्टर का इस्तीफा लेकर उनके लोकसभा चुनाव लड़ने का रास्ता प्रशस्त किया गया। और इसबार भी अनिल विज को मुख्यमंत्री बनाने के बजाये खट्टर के ही करीबी नायब सिंह सैनी को हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलवा दी गयी। उस समय भी अनिल विज की नाराजगी सामने आई थी। और मुख्यमंत्री सैनी स्वयं उनकी नाराजगी दूर करने अनिल विज के निवास अंबाला छावनी आये थे। परन्तु वर्तमान चुनाव प्रचार के बीच एक ओर अनिल विज का मुख्यमंत्री पद के लिये दावेदारी ठोकना और साथ ही उसके जवाब में मोदी व अमित शाह जैसे भाजपा के वरिष्ठतम नेताओं द्वारा तीसरी बार सरकार बनने की स्थिति में नायब सिंह सैनी को ही बार बार हरियाणा के मुख्यमंत्री पद का दावेदार बताना इस बात का सुबूत है कि पार्टी के भीतर सब ठीक ठाक नहीं है। पार्टी के इन्हीं मतभेदों को उस समय और बल मिला जबकि अम्बाला जिले के अंतर्गत मुलाना विधानसभा क्षेत्र के बराड़ा कस्बे में गत 27 सितम्बर को गृह मंत्री अमित शाह की एक रैली हुई। इस रैली में मुलाना की भाजपा प्रत्याशी संतोष सारवान, अंबाला शहर के असीम गोयल तथा नारायणगढ़ के पवन सैनी तो मंच पर मौजूद रहे। उपस्थित लोगों से इन तीनों प्रत्याशियों का परिचय कराकर अमित शाह ने इनके लिये वोट भी मांगे। परन्तु अंबाला छावनी के प्रत्याशी अनिल विज यहाँ भी नदारद रहे। अम्बाला छावनी के करीब ही अमित शाह की सभा में अनिल विज की गैर हाजिरी कोई मामूली बात नहीं। माना जा रहा है कि अनिल विज, मोदी शाह की नजरों में तभी खटकने लगे थे जब दो वर्ष पूर्व फरीदाबाद के सूरजकुंड में विभिन्न राज्यों के गृह मंत्रियों के 2 दिवसीय चिंतन शिविर में जब हरियाणा के गृह मंत्री के रुप में अपनी उपलब्धियों का बयान कर रहे थे। अभी विज ने अपनी बात पूरी भी नहीं की थी तभी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जोकि इस बैठक की अध्यक्षता भी कर रहे थे, ने विज को अपनी बात समाप्त करने के लिये कई बार बीच में ही टोका। परन्तु विज उनके बार बार टोकने के बावजूद अपनी बात पूरी करके ही रुके।

# उथले जलभृतों का पुनर्भरण : भारत के शहरी जल संकट के समाधान का भाग ?

एस . विश्वनाथ और इशलीन कौर

भारत में, भूजल शहरों में जल की मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अपेक्षाकृत कम गहराई पर पाए जाने वाले ये जलभृत सदियों से जल के महत्वपूर्ण स्रोत रहे हैं। ऐसे समय में जब लंबी दूरी तक पानी पहुंचाना कल्पना से परे था, तब समुदायों ने अपनी पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए उथले जलभृतों का रुख किया। सुगम्य गहराई पर पाए जाने वाले ये जलभृत बढ़ती आबादी को किफायती और भरोसेमंद जल आपूर्ति प्रदान किया करते हैं। आज भी मौजूद ये कुएं और बावड़ियां, उस दौर की याद की दिलाते हैं, जब उथले जलभृतों का पुनर्भरण करने के लिए वर्षा जल का उपयोग करके पानी की किल्लत दूर की जाती थी। यद्यपि जैसे-जैसे आधुनिक शहरों का विकास होता गया, वैसे-वैसे इस परिदृश्य में सर्वत्र मौजूद रहने वाले ये साधारण से कुएं गायब होने लगे। अब इन कुओं की जगह काफी हद तक गहरे बोरवेल ले चुके हैं, जो खतरनाक गहराई पर भूजल भंडार का दोहन करते हैं। भारत, दुनिया में भूजल का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है जो अमेरिका और चीन में होने वाली जल की कुल खपत से भी अधिक मात्रा में जल का उपभोग करता है।

विशेष रूप से, शहरी क्षेत्रों में, अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भूजल पर निर्भरता निरंतर बढ़ती जा रही है, जिसके कारण उथले जलभृतों में काफी कमी आई है, और बहुत लंबे समय तक, शहरी नियोजन में भूजल प्रबंधन को दरकिनार किया जाता रहा है। यद्यपि हाल ही में अप्रत्याशित वर्षा, अचानक बाढ़ और शहरी जल संकट-जैसी जलवायु चुनौतियों ने भूजल प्रबंधन के प्रति फिर से दिलचस्पी उत्पन्न की है।

समाधान के तौर पर, वर्षा जल संचयन और शहरी जल निकायों के पुनर्भरण की परियोजनाएं उत्तरोत्तर रूप से इन प्राकृतिक भूमिगत जलाशयों का रुख कर रही हैं। अब अतिरिक्त वर्षा जल को संग्रहित करने और बाढ़ में कमी लाने की क्षमता के लिए जलभृतों का अध्ययन किया जा रहा है। वर्ष 2021 में अमृत 2.0 की शुरूआत ने जल प्रबंधन में आमूल-चूल बदलाव किया, जिसमें आखिरकार भूजल को ह्यशहरीह्न स्तर पर प्राथमिकता दी गई। मिशन ने न केवल भूजल पर निर्भर रहने बल्कि सक्रिय रूप से इसका प्रबंधन और संरक्षण करने की शहरों की आवश्यकता को पहचाना। इस मिशन के अंतर्गत, वर्ष 2022 में 10 शहरों में उथला जलभृत प्रबंधन (एसएएम) प्रायोगिक परियोजना शुरू की गई थी। इस कदम का उद्देश्य शहर के अधिकारियों और समुदायों के बीच उथले जलभृतों के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना और भूजल की कमी, प्रदूषण और शहरी बाढ़ जैसी महत्वपूर्ण समस्याओं से निपटने के लिए प्रभावी पुनर्भरण संरचनाओं को प्रदर्शित करना था। इसके तहत एक ऐसा वातावरण तैयार करने का प्रयास किया गया, जहां शहर उथले जलभृत प्रबंधन को व्यापक जल रणनीतियों में एकीकृत कर सकें। इसका उद्देश्य सरल और वैज्ञानिक रूप से सही पुनर्भरण विधियों पर जोर देकर, उन तरीकों को पुनर्जीवित करना था जिनकी आधुनिक बुनियादी ढांचे की जद्दोजहद में अनदेखी की जाती रही थी। इस परियोजना ने प्रभावी उथले जलभृत प्रबंधन के संबंध में शहरों को महत्वपूर्ण समझ प्रदान की है। इस पहल ने स्थानीय जलभृत स्थितियों के अनुरूप पुनर्भरण संरचनाओं के लिए 12 विशिष्ट दृष्टिकोणों और डिजाइनों को तैयार करने का मार्ग प्रशस्त किया है। इनमें धनबाद, हैदराबाद और बेंगलुरु में मौजूदा कुओं और बावड़ियों के पुनर्भरण से लेकर पुणे में उच्च पुनर्भरण क्षमता वाले क्षेत्रों का जलग्रहण उपचार तक शामिल है।

ग्वालियर और राजकोट जैसे शहरों ने जलभृत प्रणालियों और भूजल गहराई का विस्तृत मानचित्रण किया है और शहर के स्तर पर पुनर्भरण संरचनाओं की एक सूची तैयार की है, जिससे भूजल प्रबंधन के लिए सुविचारित निर्णय लेने सुगम होता है। इस परियोजना ने स्थानीय समुदायों की जल संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए इन पुनर्भरण संरचनाओं के सतत उपयोग को प्रदर्शित करने की दिशा में भी आशाजनक परिणाम दर्शाए हैं। बेंगलुरु के कांतीरवा नगर में, परियोजना के तहत बनाया गया पुनःसंयोजित किया गया एक कुआं अब लगभग 500 घरों को पानी की आपूर्ति कर रहा है, जिसमें से गैर-पेय उपयोग के लिए प्रतिदिन एक लाख लीटर पानी निकाला जा रहा है। इसी तरह, ठाणे के येऊर गांव में जनजातीय समुदाय के लोग गाद निकाले गए और पुनःसंयोजित किए गए कुओं से प्राप्त पानी से लाभान्वित हो रहे हैं। धनबाद और राजकोट में, जहां के शहरी क्षेत्र उथले कुओं पर बहुत अधिक निर्भर हैं, वहां इस पहल ने अपने पायलट चरण से आगे बढ़ना शुरू कर दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### गंडक से लाखों क्यूसेक पानी छोड़े जाने से दर्जनों गांव डूबे

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। गंडक बराज फाटक बांध से रिकॉर्ड डिस्चार्ज पानी छोड़े जाने से गंडक नदी के तटीय गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। बतादें की दो दिनों की मूसलाधार बारिश के कारण गंडक नदी का जलस्तर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है।जिससे निचले इलाके जलमग्न हो गए है।बतातें चलें कि इंडो नेपाल सीमा पर गंडक नदी के किनारे बसे करीब दर्जनों गांवों में इसका प्रभाव पड़ा है और लोग ऊंचे जगहों पर शरण लिए हुए हैं। वहीं गंडक के तट पर स्थित एसएसबी कैम्प में भी बाढ़ का पानी घुस गया है।जिससे जवानों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। बिन टोली,झंडू टोला, चकदहवा, विवादित सुस्ता, रामपुरवा, खरंजा टोला गोदाम टोला,ठाढ़ी आदि गांव बढ़ की चपेट में है।वहीं चकदहवा और उसके आसपास के गांवों में पहुंचने का मार्ग बाढ़ में डूब जाने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई है।लक्ष्मीपुर निवासी डॉ वीरेंद्र कुमार ने बताया कि ऐसा पहली बार देखा जा रहा है कि बाढ़ का पानी बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य सड़क मार्ग लक्ष्मीपुर और भेड़ियारी के बीच पहुंचकर ऊपर से बहने लगा है।वहीं वीटीआर जंगल मे पानी लबालब भर गया है।जिससे जंगली जानवरों के जीवन पर खतरा मंडराने लगा है।

### वार्ड पार्षद व नगर सफाई कर्मियों का हुआ हेल्थ जांच

प्रातः किरण संवाददाता

परसा। स्वच्छता ही सेवा 2024 के तहत नगर प्रशासन के द्वारा आदर्श राजकीय मध्य विद्यालय परसा परिसर में सफाई मित्र शिविर का आयोजन किया गया । नगर कार्यपालक पदाधिकारी रजनीश कुमार ,मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मो करमुल्लाह,स्वच्छता पदाधिकारी नीतू शर्मा की उपस्थिति में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.सुमन कुमार ने बताया कि दर्जनों कर्मी व वार्डपार्षद का स्वास्थ्य जांच किया गया । डा . सुमन कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में बच्चो का बीपी,शुगर आदि का जांच किया गया है नगर कार्यपालक पदाधिकारी रजनीश कुमार ने कहा कि सभी नगर कर्मी व वार्ड पार्षद अपना रेगुलर चेक अप करा‍ए ताकि छोटी बड़ी बीमारियों ससमय उपचार कराया जा सके । इस दौरान वार्ड पार्षद अजीमुल्लाह अंसारी, सफाई जमादार पवन सिंह,कर्मी विजय कुमार सहित दर्जनों वार्डपार्षद गण मौजूद थे ।

### सैलाब की चपेट में कई इलाके डूबे, घरों में घुसा पानी

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। उत्तर बिहार में एक बार फिर सैलाब का सितम देखने को मिल सकता है,सीमावर्ती नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्रों में हो रही भारी वर्षा के बाद गंडक नदी में उफान है। नेपाल के देव घाट से 6.40 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है जिसके कारण इंडो नेपाल बॉर्डर पर स्थित वाल्मीकिनगर गंडक बराज से साढ़े चार लाख क्यूसेक से अधिक पानी डिस्चार्ज किया गया है। लिहाजा दियारा के निचले इलाकों में नदी का पानी तेजी से फैलने लगा है और बाढ़ जैसे हालात बन गए है,जिससे लोगों की मुश्किलें बढ़ रहीं हैं। हालांकि प्रशासन आपदा की हर घड़ी से निपटने के दावे कर रहा है। डीएम नें बगहा में गंडक नदी तट पर स्थल निरिक्षण कर निचले इलाकों को जल्दी खाली करने की लोगों से अपील किया है ।

# रोहिणी आचार्य ने बाढ़ ग्रस्त इलाकों का किया दौरा

## रोहिणी ने बाढ़ पीड़ितों के लिए चलाए जा रहे हैं सहायता का भी लिया जायजा



प्रातः किरण संवाददाता

छपरा ' सारण लोकसभा क्षेत्र से राजद महागठबंधन की पूर्व प्रत्याशी डॉ रोहिणी आचार्य ने छपरा शहरी क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितों से मिलकर उनका कुशल क्षेम जाना। राजद के जिला प्रवक्ता हरेलाल यादव ने बताया कि उन्होनें अपने क्षेत्र दौरा के क्रम में सर्वप्रथम विगत लोकसभा चुनाव में मारे गए बड़ा तेलपा निवासी राजद के यूवा साथी स्व चंदन यादव के घर जाकर उनके माता- पिता और परिवार के अन्य परिजनों मिलकर सांत्वना दी। रोहिणी आचार्य ने कहा कि साथी चंदन की शहादात व्यर्थ नहीं जायेगी। उसके बाद विदेशी राय के घायल पुत्र और उनके परिजनों से मुलाकात कर हालचाल जाना। बाढ़ प्रभावित साधुलाल पृथ्वीचंद उच्च विद्यालय के समीप के महिला पुरुषों मिलकर सरकारी उपेक्षा पर क्षोभ जताया ' उक्त विद्यालय में टीम रोहिणी आचार्य सारण के द्वारा चलाए गए बाढ़ राहत शिविर की प्रशंशा की। डॉ रोहिणी आचार्य ने राजद के प्रधान कार्यलय रौजा छपरा में राजद कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि ज़िले के सभी राजद कार्यकर्त्ता अपने आप को लालू यादव,तेजस्वी यादव और रोहिणी आचार्य समझ बाढ़ पीड़ितों को सहायता पूरी ईमानदारी और तत्परता से करें। उन्होंने सारण के सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपलेगों ने विगत चुनाव में जो प्यार सहयोग और अपना भरपूर समर्थन दीया, उसका । उन्होंने गरखा विधानसभा क्षेत्र के आधादर्जन बाढ़ प्रभावित पंचायत के लोगों की समस्याएं सुनी और इस संबंध में जिलाधिकारी सारण को फोन करके तुरंत राहत सामग्री उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। रोहिणी आचार्य को पटना से आने के क्रम में सोनपुर बजरंग चौक पर प्रदेश राजद महासचिव सुरेंद्र प्रसाद यादव के नेतृत्व में सैंकड़ों समर्थकों ने अगवानी की व फूल माला से स्वागत किया। डॉ रोहिणी आचार्य के साथ प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव,पूर्व मंत्री सुरेंद्र राम,परसा विधायक छोटेलाल राय, मांझी विधायक डॉ सत्येंद्र यादव, राजद जिलाध्यक्ष सुनिल राय, रामबाबू राय,अब्दुल कयूम अंसारी, पूर्व प्राचार्य शंकर प्रसाद,प्रो योगेंद्र यादव, सीए अमित कुमार सहित समाजसेवी अधिवक्ता सुबोध कुमार, पूर्व प्रत्याशी सुनील राय, राधेकृष्ण प्रसाद, महिला राजद अध्यक्ष संध्या राय, सुमित्रा चौरसिया, चंद्रावती यादव, मोईनुद्दीन अहमद बबनजी,विरेंद्र साह मुखिया,शैलेश यादव एवं रामलाल राम सहित सैंकड़ों लोग शामिल थे।

# एसडीएम ने मोतिहारी के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण



प्रातः किरण संवाददाता

मोतिहारी। अनुमंडल पदाधिकारी सिकरहना के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी ढाका एवं अन्य प्रखंड कर्मियों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्र हीरापुर, वृत्ता टोला, महंगुआ, गुरहेनावा, विशुनपुर टोला, सपही गांव में बांध का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में स्थलीय जांच एवं लोगों से पूछ-ताछ से स्पष्ट हुआ कि लगभग 400-500 परिवार आंशिक रूप से और 40-50 परिवार गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं। लगभग 30 परिवार गुरहेनवा रेलवे स्टेशन पे शरण लिए हुए है, जिन्हें पलास्टिक शीट, भोजन एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। आवागमन की सुविधा और आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के लिए नाव का परिचालन भी शुरू किया जा रहा है।

आश्रय स्थल पर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दंडाधिकारी और कर्मियों को प्रतिनियुक्त कर दी गई है और समय समय पर जलस्तर की जांच करते हुए कड़ी निगरानी रखी जा रही है। अभी तक कहीं से कोई जानमाल की क्षति की सूचना नहीं है । स्थिति नियंत्रण में है।

लालबकेया तटबंध के अभियंता को तटबंध का निरीक्षण करने एवं जल रिसाव की मरम्मती करने का निर्देश दिया गया, साथ ही बाढ़ आश्रय स्थल का भी निरीक्षण किया गया एवं जहां जहा पर रेन कट हुआ है वहा पर जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता को शीघ्र उसे भरने का निर्देश दिया गया। वही प्रशासन ने सभी से अनुरोध किया है कि किसी भी अफवाह से दूर रहें एवं बच्चों की सुरक्षा का विशेष रूप से ध्यान रखें।

# लायंस क्लब ऑफ छपरा की अनूठी पहल: 25 से अधिक स्ट्रीट वेंडरों को मिला नि:शुल्क कमर्शियल गैस सिलेंडर



प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। लायंस क्लब आ-फ छपरा द्वारा आज सीपीएस कैंपस में आयोजित कार्यक्रम में गरीब स्ट्रीट वेंडरों को निःशुल्क कमर्शियल गैस सिलेंडर वितरित किए गए। यह महत्वपूर्ण आयोजन भारत पेट्रोलियम ओम इंटरप्राइजेज भारत गैस एजेंसी के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीपीएस सारण के श्री धनंजय पासवान र-हे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में सीपीएस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. हरेंद्र सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य गरीब स्ट्रीट वेंडरों को सशक्त बनाना और उन्हें व्यावसायिक सहायता प्रदान करना था, जिसे लायंस क्लब ऑफ छपरा ने पूरे समर्पण के साथ निभाया।

अतिथियों में डॉ. मकेश्वर चौधरी, लायन विक्की आनंद, लायन सुशील वर्मा, वार्ड पार्षद 16 संतोष कुमार मंटू, वार्ड पार्षद 35 श्याम जी, अजय जी और ओम एंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर अभिषेक ने अपने विचार साझा कि-ए। सभी ने इस पहल की सराहना की और लायंस क्लब के निरंतर सामाजिक योगदान की प्रशंसा की।

कार्यक्रम का संचालन और लाभार्थियों को प्रशिक्षण देने का कार्य डॉ. मनोज कुमार वर्मा संकल्प ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष लायन डॉ. विकाश कुमार सिंह ने की, और धन्यवाद ज्ञापन क्लब के सचिव लायन राकेश मिश्रा द्वारा दिया गया।

इस आयोजन में 25 से अधिक स्ट्रीट वेंडरों को कमर्शियल सिलेंडर वितरित किए गए, जिससे वे अपने व्यवसाय को और अधिक कुशलता से चला सकें। लायंस क्लब ऑफ छपरा अपने सामाजिक कार्यों के लिए सदैव जाना जाता है, और यह आयोजन भी उसी दिशा में एक और सफल कदम था।

# बाढ़ पीड़ितो के बीच राहत सामग्री का प्रशासन द्वारा वितरण



- स्थानीय विधायक ने पीड़ितों में बांटे खाद्य सामग्री

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। गंडक नदी के उफान भरते ही बाढ़ का पानी गंडक के तटवर्ती गांवों में घुसकर तबाही मचा रहा है।ग्रामीण ऊंचे जगहों पर शरण लिए हुए है।लेकिन उनके सामने भोजन और पानी की समस्या विकट रूप से खड़ी है।ऐसे में प्रशासन के द्वारा बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया जा रहा है। वहीं स्थानीय विधायक धीरेंद्र प्रताप उर्फ रिंकू सिंह के द्वारा पीड़ितों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया जा रहा है।

विधायक के कार्यों को देख रहे प्रदीप पांडे ने बताया कि वाल्मीकिनगर विधानसभा के सभी बाढ़ग्रस्त इलाके का विधायक रिंकू दौरा कर खाद्य सामग्री का वितरण मानविय आधार पर कर रहे है। बतादें की इस कार्य के लिए विधायक ने कई टीमें बनाकर राहत सामग्री का पीड़ितों के बीच वितरण करवा रहे है। बगहा सीओ ने भी बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुंचकर उनका हाल जाना और राहत सामग्री वितरण का जायजा लिया।

### भारी बरसात की मार से कई जगह पाथवे धंसा

प्रातः किरण संवाददाता



बगहा। पर्यटन नगरी वाल्मीकिनगर स्थित पर्यटक डिस्टिनेशन पाथवे के कई जगह भारी बरसात की मार से धंस गया है। यह पाथवे करीब दो किलोमीटर लम्बा है।जो नारायणी गंडक नदी के किनारे स्थित है।यह पाथवे बेलवाघाट से शुरू होकर कौलेश्वर मंदिर स्थित त्रिवेणी संगम तक जाती है। इस पाथवे पर पैदल चलते हुए वीटीआर के खूबसूरत नजारों के दृश्यों का आनंद पर्यटक उठाते है।लेकिन दो दिनों की मूसलाधार बारिश में यह पाथवे कई जगहों पर धंस गया है।बतादें की 3 वर्ष पूर्व इस पाथवे का निर्माण किया गया है,जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है।

### नगरा में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित, दिए गए दिशा निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता



नगरा।नगरा थाना परिसर में रविवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया.इस बैठक की अध्यक्षता नगरा थानाध्यक्ष विजय कुमार रंजन ने की. जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और स्थानीय ग्रामीणों ने हिस्सा लिया.बैठक में जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया.वहीं शांति समिति की बैठक में थानाध्यक्ष विजय कुमार रंजन ने सभी लोगों से दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की.साथ ही उन्होंने कहा कि पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाना और पूजा कमेटी द्वारा कार्यकताओं की तैनाती मेला और मंदिर परिसर की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है.साथ ही विसर्जन जुलूस के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने पर भी चर्चा की गई.उन्होंने कहा की डीजे ,अश्लील गीत आदि पर रोक रहेगी.बैठक में यह भी कहा गया कि दिशा-निदेर्शों का पालन न करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.इस दौरान बैठक में तमन्ना आलम, मो. रेयाजुद्दीन मंसूरी, मो.इरशाद कुरैसी,रामाशंकर यादव, चितरंजन कुमार सिंह,रवि प्रकाश,प्रमोद सिंह,मिथलेश कुमार राय,सुजीत कुमार सोनी,विशंभर चौबे,सुनील कुमार,जय प्रकाश मिश्रा, सिकंदर राय ,दवेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव, बालकृष्ण,अशोक राम ,नरेश कुमार दास,थाना के पुलिसकर्मी सहित क्षेत्र कई जनप्रतिनिधि और समाज के गणमान्य लोग शामिल थे.

# बनियापुर जा रहे उपेंद्र कुशवाहा का परसा चौक पर किया गया स्वागत



प्रातः किरण संवाददाता

परसा।पटना से बनियापुर मिलन समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल मस्तिचक पहुँचे।जहां अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में हॉस्पिटल परिवार द्वा-रा अंग बस्त्र फूलमाला से भव्य स्वागत किया गया।राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने सुदूर देहाती क्षेत्र में आधुनिक सुबिधा से लैस विधि व्यवस्था देख अखंड ज्योति का प्रसंशा किया।वही परसा दरोगा राय चौक पर पार्टी के नगर पंचायत अध्यक्ष शिव कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में राम लगन सिंह,केदार सिंह,चंद्रकेत कुशवाहा,डॉ नित्यानंद समेत सैकड़ो समर्थकों ने ढोल नगरे व गाजे बाजे के साथ अंग बस्त्र,फूलमाला से भव्य स्वागत किया।वही उपेंद्र कुशवाहा ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व दरोगा प्रसाद राय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रधांजलि दिया।और सार्थको के काफिला के साथ बनियापुर के लिए प्रस्थान किया.

# रेल्वे पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में 18 माह के मँहगाई भत्ता एरियर की उठी माँग

- पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन छपरा शाखा की मासिक बैठक पराशर कम्प्लेक्स भगवान बाजार में की गई आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन छपरा शाखा की मासिक बैठक 10 बजे दिन में पराशर कम्प्लेक्स भगवान बाजार में हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए उप सचिव डॉ.ए एच अंसारी ने छपरा शाखा की निरंतर हो रही उपलब्धियों पर खुशी जताई और पेंशनर्स को एसोसिएशन की सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया। जिन पेंशनर्स का जन्मदिन सितम्बर माह है , उनको बधाई कार्ड देकर लंबी आयु की कामना की गई और उनको सभी सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। जिनको जन्मदिन पर बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गई । पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन का त्रैमासिक बुलेटिन सभी पेंशनर्स सदस्यों को वितरित किया गया। नये पेंशनर्स को एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण कराई गई।

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ.अंसारी ने बकाया 18 माह के डीए भुगतान करने की केंद्र सरकार से माँग की , 65 , 70 , 75 वर्ष आयु पर क्रमशः 5 ,10 ,15 प्रतिशत अतिरिक्त भत्ता की माँग केंद्र सरकार से की। शाखा मंत्री मिथिलेश कुमार सिंह ने जिन पेंशनर्स की समस्यायों का निराकरण पूउरे पेंशनर्स एसोसिएशन ने कराया है , उसकी चर्चा की। जिन पेंशनर्स की वर्तमान समस्या थी , उसको एकत्र किया और रेलवे अस्पताल से रोगग्रस्त पेंशनर्स को उचित इलाज और दवा आपूर्ति की माँग की गई। उन्होंने ने कहा कि अब रेलवे अस्पताल से पेंशनधारियों को तीन माह की दवा इकट्ठे मिल रही है। यह पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन की देन है।जिन पेंशनर्स का जन्मदिन मनाया गया उनको बधाई दी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्र ने पेंशनर्स को स्वस्थ रहने के लिए कुछ जरूरी हिदायतें बतायीं। जिन पेंशनर्स सदस्यों का जन्मदिन मनाया गया, उनको शुभकामना दीं। छपरा शाखा की सदस्य संख्या बढ़ने पर खुशी जाहिर की।

बैठक को संबोधित करने वालों में मुख्य रुप से डॉ ए एच अंसारी , मिथिलेश कुमार सिंह , सुभाष चन्द्र , मुंद्रिका प्रसाद , राजकुमार श्रीवास्तव , सुरेंद्र सिंह , अरूण कुमार सिंह , पी के मांझी , योगेन्द्र प्रसाद , रामानंद महतो आदि हैं।

# मद्धेशिया वैश्य सभा ने संगठन मजबूती को लेकर की बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) शहर के एक सभागार में अखिल भारतीय मद्धेशिया वैश्य सभा ने रोहतास के बैनर तले जिला कमेटी गठन को लेकर की बैठक। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय गुप्ता व संचालन ओबीसी मोर्चा के कोषाध्यक्ष कृष्ण गुप्ता ने की। जिसका शुभारंभ झंडातोलन एवं राष्ट्रीय गीत से किया गया। अवसर पर मुख्य अतिथियों का फूल माला पहना अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। मौके पर सभा को संबोधित करते हुए लोगों ने बारी-बारी से संगठन के महत्व पर प्रकाश डाला। दूसरी तरफ ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष नवीनचंद्र शाह ने बताया कि संगठन मजबूती के जिला क्षेत्र के सभी मद्धेशिया समाज के लोगों एकजुट होना जरूरी है। ताकि जिला कमेटी गठन का विस्तार हो सके। बैठक में सर्व सम्मति से निम्न पदाधिकारी का चयन किया गया। जबकि बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष जगनारायण शाह को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। मौके पर जिला पार्षद महावीर शाह, डोमा साह, महेश कर्ण, चंद्रिका प्रसाद, तारकेश्वर गुप्ता, रामजी शाहरुख, गुप्तेश्वर गुप्ता आदि थे।

# डीएम ने तटबंधो के निचले क्षेत्रों के पंचायतों का किया निरीक्षण



- डीएम ने आकस्मिक परिस्थिति के उत्पन्न होने पर अविलंब त्वरित रूप से आवश्यक सुरक्षात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा रविवार को गंडक नदी के जल स्तर में वृद्धि होने के परिप्रेक्ष्य में मकेर, अमनौर, तरैया तथा पानापुर अंचल के सारण तटबंध अवस्थित सभी निचले क्षेत्रों के पंचायतों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

गंडक नदी के विभिन्न क्षेत्रांतर्गत जल स्तर में वृद्धि का मुआयना किया गया तथा उक्त क्षेत्रांतर्गत सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, अंचलाधिकारियों तथा थानाध्यक्षों को आज रात्रि में पूरी तरह से अलर्ट रहने तथा तटबंध पर एवम्‌ निचले क्षेत्रों में लगातार गश्ती करने का निदेश दिया गया साथ ही किसी भी आकस्मिक परिस्थिति के उत्पन्न होने पर अविलंब त्वरित रूप से आवश्यक सुरक्षात्मक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल सारण को निदेश दिया गया कि सारण तटबंध के सभी निचले क्षेत्रों के आक्राम्य स्थलों पर निश्चित रूप से पर्याप्त मात्रा में जियो बैग तथा कटाव निरोधी सामग्री उपलब्ध रखते हुए आज रात्रि भर सारण तटबंध का लगातार निरीक्षण करना सुनिश्चित करेंगे तथा किसी भी क्षेत्र में कोई भी समस्या उत्पन्न होने पर त्वरित रूप से जिला प्रशासन एवम्‌ अनुमंडल प्रशासन को उसकी सूचना देते हुए अविलंब आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

# ब्राह्मण समुदाय को एक जुटता दिखाएं बिना सत्ता में उचित भागीदारी संभव नहीं: सुधांशु रंजन

- सम्मेलन के माध्यम से ब्राह्मण समुदाय ने दिखाई एक जुटता, सत्ता में भागीदारी को ले संघर्ष का एलान

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा । ब्राह्मण समाज ने हमेशा से ज्ञान, संस्कृति और शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया है, लेकिन आज की बदलती परिस्थितियों में हमें एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आगे आना होगा, समाज के उत्थान के लिए शिक्षा और जागरूकता सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। उक्त बातें सारण निकाय के पूर्व प्रत्याशी सुधांशु रंजन ने शहर के भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह में आयोजित विप्रोन्नयन सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन के अवसर पर संबोधित करते हुए कही। ब्राह्मण महासम्मेलन को सब्बोधित करते हुए उन्होंने राजनीतिक दलों द्वारा ब्राह्मण समाज को उपेक्षित किए जाने पर चिंता जताते हुए कहा कि ब्राह्मण समुदाय को पिछले कुछ वर्षों से राजनीतिक परिदृश्य में अंतिम पायदान पर रखा गया है, जो उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति को प्रभावित करने का काम किया है। ब्राह्मणों के अधिकारों और पहचान को पुनर्स्थापित करने के लिए ठोस कदम उठाने को लेकर हम सभी को अपनी चट्टानी एकता दिखाने की आवश्यकता है। पूर्व एमएलसी प्रत्याशी सुधांशु रंजन ने यह भी कहा कि समाज के उत्थान के लिए राजनीतिक प्रतिनिधित्व आवश्यक है, जिससे ब्राह्मणों की आवाज को जोरदार ढंग से उठा सके ।सभा को संबोधित करते हुए सुधांशु रंजन ने कहा कि शिक्षित समाज एक जुट होकर एक मंच पर आते हैं, वह बहुत बड़ी बात है। सारण की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और गौरवशाली धरती आंदोलनकारियों की धरती रही है। जो इस देश का नाम रौशन कराती है। आप सबों को कदम से कदम मिला कर साथ चलने की जरूरत है। हम लोग जब एक साथ जुड़ेंगे तब जाकर एक माला के रूप में दिखेंगे ।उन्होंने यह भी कहा कि विगत 31 साल का लड़का परशुराम की ताकत लेकर 62 वर्ष के उम्र के लोगों से चुनाव लड़ा, आप हमें बल दीजिए हम आपके साथ हैं। अगर हम अपने समुदाय की जनसंख्या 3.66 को मानते हैं, तो हमें एकजुटता दिखाना होगा,तभी हमारी ताकत दिल्ली में दिखेगी। जब 24 टिकट में एक टिकट मिलता है तो 243 में 24 टिकट मिलना चाहिए ।शहर के भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह में आयोजित विप्रोन्नयन सम्मेलन का उद्घाटन सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी आनंद पुष्कर, आयोजन समिति के अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया विजय कुमार विद्यार्थी, युवा ब्राह्मण चेतना मंच के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष पाण्डेय, जिलाध्यक्ष अरुण पुरोहित, श्याम सुंदर पाण्डेय, तरुण पाण्डेय, अरुण मिश्रा, मनोज तिवारी, सुमन महाराज, विमल तिवारी एवं ममता मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं इस अवसर पर सुधांशु रंजन को चांदी का मुकुट और फरसा को सप्रेम भेंट किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सम्मेलन के अध्यक्ष विजय कुमार विद्यार्थी ने किया ' जबकि मंच संचालन दिवाकर मिश्रा ने किया।

सम्मेलन की शुरूआत लोक कलाकार जया तिवारी ने गणेश वंदना से शुभारंभ किया गया। जबकि सारण की वायरल गर्ल चित्राली कुमारी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर अभिषेक तिवारी, चुनमुन बाबा, सुनील शास्त्री, चंदन तिवारी, विवेक विभूषित, ललित तिवारी, सुधीर उपाध्याय, उमेश गिरी, अमर नाथ तिवारी, शंभूनाथ तिवारी, नितेश तिवारी, सीताराम बाबा सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# मुजफ्फरपुर के दाउदपुर पहुंचे रुडी सांसद विणा देवी से की मुलाकात, दी सांत्वना



- राकेश सिंह, निरंजन शर्मा, उपेन्द्र सिंह, छोटे मुखिया और अशोक सिंह रहे मौजूद

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय।जिस की कल्पना भी नहीं की थी, वैसी विपत्ति का सामना मेरे राजनीतिक साथी दिनेश सिंह व वीणा देवी जी को करना पड़ा है। उन के सुपुत्र छोटू सिंह की सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन से मैं अत्यन्त व्यथित हूँ। सारण के सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रुडी ने वैशाली सांसद वीणा देवी के मुजफ्फरपुर के दाउदपुर गाँव में उनके आवास पर पहुंचने पर कही। उन्होंने कहा कि बड़े भारी मन से आज आया हूँ। प्रार्थना करता हूँ ईश्वर से कि दिवंगत की आत्मा को अपने श्रीचरणों में शरण दें और शोकाकुल परिजनों को वेदना सहने की शक्ति प्रदान करें! सांसद रुडी के साथ पूर्व मंत्री व विधायक वीणा शाही, अमनौर के विधायक कृष्ण कुमार उर्फ मंटू सिंह, पूर्व मंत्री मनोज कुशवाहा, भाजपा नेता राकेश सिंह, निरंजन शर्मा, उपेन्द्र सिंह सोनपुर, छोटे मुखिया, अशोक सिंह थे। सोमवार की शाम मुजफ्फरपुर के जैतपुर थाना क्षेत्र के पोखरैरा में सांसद वीणा देवी के 36 वर्षीय पुत्र राहुल राज उर्फ छोटू सिंह का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था।

हादसे में पुत्र की मौत के बाद शोकाकुल एमएलसी दिनेश प्रसाद सिंह व सांसद वीणा देवी के आवास पर सांत्वना देने और ढांढस बंधाने के लिए भाजपा के सारण सांसद राजीव प्रताप रुडी पहुंचे थे। छोटू सिंह की मौत पर दुख जताते हुए सांसद रुडी ने सांत्वना दी. साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में हम सब हमेशा इनके साथ है.। इस दौरान वैशाली की सांसद वीणा देवी व एमएलसी दिनेश सिंह के साथ उनकी दोनो छोटी बेटियां निशि और कोमल सिंह भी थी। मालूम हो कि की चार संतानों में छोटू सिंह सबसे बड़े थे। उनसे छोटी दोनो बेटियां निशि और कोमल सिंह है। सबसे छोटे पुत्र शुभम है। छोटू की वर्ष 2013 में निरूपमा सिंह से शादी हुई थी।

### संजीवनी नर्सिंग होम में 1800 से अधिक मरीजों का हुआ निःशुल्क इलाज

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा। शहर के श्यामचक स्थित संजीवनी नर्सिंग होम एंव मेटरनिटी सेंटर में पृतपक्ष के उपलक्ष्य में मरीजों के लिए 12 दिनों तक निःशुल्क ओपीडी सेवा संचालित किया गया। इस दौरान 1800 से अधिक मरीजों ने निःशुल्क ओपीडी सेवा का लाभ लिया है। यह सेवा 2 अक्टूबर तक जारी रहेगा।

शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि पितृपक्ष 15 दिन का समय होता है जो पितरों के लिए होता है। पितृपक्ष के दौरान किया गया दान-पुण्य और अर्पित जल पितरों को मिलता है। पितृपक्ष के 15 दिन पितरों को समर्पित होते हैं। इस पर हम अपने पेशे के माध्यम से ही अपने पूर्वजों को यह 15 दिन समर्पित कर दिया और संजीवनी नर्सिंग होम में निःशुल्क ओपीडी सेवा दिया गया। इस निःशुल्क ओपीडी सेवा का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। पितृपक्ष का यह 15 दिवसीय समय विशेष रूप से पूर्वजों के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में मनाया जाता है, और इस दौरान किए गए दान और सेवा का विशेष महत्व होता है।

इस सेवा का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था, और यह पहल स्थानीय समुदाय के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हुई। मरीजों ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का उपचार कराया।



## वाईआरएफ की धूम 4 में धमाल मचाएंगे रणबीर कपूर? फिल्म में नहीं लौटेंगे अभिषेक बच्चन-उदय चोपड़ा!

बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर अभिनेता ने जुड़ी बड़ी खबरें सुर्खियां बनी हुई हैं। सोशल मीडिया पर खबरें हैं कि रणबीर कपूर ने वाईआरएफ की धूम 4 साइन कर ली है। कम से कम मीडिया में चल रही चर्चा तो यही कहती है। अभिनेता वर्तमान में नितेश तिवारी की रामायण की शूटिंग कर रहे है। रिपोर्ट्स के अनुसार, रणबीर रामायण के बाद अब आदित्य चोपड़ा की धूम फेंचाइजी की चौथी फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, रणबीर ने निर्माताओं को अपनी अंतिम मंजूरी दे दी है और चोपड़ा लेखक विजय कृष्ण आचार्य के साथ स्क्रिप्ट को अंतिम रूप देने में व्यस्त हैं। प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र का कहना है कि वाईआरएफ पूरी फेंचाइजी को पूरी तरह से रीबूट करने पर विचार कर रहा है और रणबीर इसमें अहम भूमिका निभाएंगे। रणबीर के अलावा बाकी कास्टिंग जल्द ही होने वाली है और चौथी फिल्म में पुरानी धूम फिल्मों से किसी को भी कास्ट नहीं किया जाएगा।

रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि धूम आदित्य चोपड़ा की पसंदीदा फेंचाइजी है और उन्होंने वर्तमान समय के अनुरूप इसे रीबूट करने का फैसला किया है। पिछले सभी भागों की तरह, धूम 4 (धूम रीलोडेड) की पटकथा आदित्य चोपड़ा ने विजय कृष्ण आचार्य के साथ मिलकर विकसित की है। उनका विचार और विजन चौथी धूम फिल्म के साथ पहले जैसा सिनेमाई अनुभव बनाने की है। फिल्म में रणबीर के शामिल होने और उनके शामिल होने के बारे में दावा किया जा रहा है कि रणबीर के साथ चर्चा काफी लंबे समय से चल रही थी। उन्होंने मूल विचार सुनने के बाद से ही धूम 4 का हिस्सा बनने में रुचि दिखाई थी और अब आखिरकार फेंचाइजी का नेतृत्व करने की पुष्टि हो गई है। आदि चोपड़ा को लगता है कि आरके धूम की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए आदर्श विकल्प हैं। फिल्म में पुलिस के दोस्त के तौर पर दो नए चेहरे होंगे और रणबीर के नकारात्मक किरदार निभाने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि धूम 4 में पुलिस के दोस्त की जोड़ी निभाने के लिए युवा पीढ़ी के दो बड़े हीरो आएंगे। धूम 4 को हॉलीवुड की एक्शन-बड़ी फिल्मों से मुकाबला करने के लिए बड़े पैमाने पर बनाने का विचार किया जा रहा है। यह रणबीर के करियर की 25वीं फिल्म भी होगी और वह चाहते हैं कि यह एक बड़ा बेंचमार्क बने, जो एक अभिनेता के रूप में उनकी बहुमुखी प्रतिभा को परिभाषित करे। रिपोर्ट्स के अनुसार, रणबीर रामायण 1 और 2 के बाद धूम 4 की शूटिंग करेंगे। इसके साथ ही वे एनिमल सीक्वल एनिमल पार्क पर भी काम करेंगे।



# शाहरुख की तरह ही इंडस्ट्री में आगे तक जाना चाहती हूं

मां और बेटे के अटूट बंधन को पेश करता शो 'मैं दिल तुम धड़कन' का प्रीमियर शेमारू उमंग पर हो चुका है। इस शो में लीड रोल में 'ससुराल सिमर का' और 'दो चुटकी सिंदूर' जैसे कई शोज में अहम रोल कर चुकीं राधिका मुथुकुमार लीड रोल निभा रही हैं। उनसे शो को लेकर हुई खास बातचीत...

**शो की कहानी मां के संघर्षों पर बेस्ड है**

'मैं दिल तुम धड़कन शो मां और बेटे के रिश्ते की गहराई और उनके अनमोल प्रेम को बखूबी उजागर करेगा। इस कहानी में एक मां की संघर्षों से भरी जर्नी को दिखाया गया है। इसमें एक मां, जो मेरा किरदार है वह अपने बेटे के साथ रहने के लिए अनेक चुनौतियों का सामना करती है। यह शो आधुनिक युग की यशोदा की कहानी को सामने लाएगा। यह एक मां के बलिदान और समर्पण को अनूठे अंदाज में पेश करता है। मेरे किरदार का नाम वृंदा माथुर है।

**शशि-सुमित प्रोडक्शन के साथ पहले भी कर चुकी हूं काम**

मैं पहले भी शशि-सुमित प्रोडक्शन के साथ काम कर चुकी हूं। तब उन्हें मेरा काम काफी पसंद आया था और उन्होंने मुझे पहले भी कई रोल के लिए अप्रोच किया था लेकिन तब किसी न किसी कारण से बात नहीं बन पाई। इस शो के लिए मुझे आखिर में अप्रोच किया गया और यहां बात बन गई। इस प्रोडक्शन हाउस के साथ काम करते हुए मुझे बेहद सहज महसूस होता है। सेट का माहौल इतना अच्छा है कि घंटों काम करने पर भी पता नहीं चलता।

**पहली बार मिला मां की भूमिका निभाने का मौका**

स्क्रीन पर पहली बार मां की भूमिका निभा रही हूं। मैं बच्चों के साथ बच्ची बन जाती हूं इसलिए वृंदा का किरदार निभाना आसान रहा है। बाल कलाकार काविश के साथ एक अच्छी बॉन्डिंग बन गई है। इसलिए यह किरदार करने में मजा आ रहा है। मेरा किरदार आज की यशोदा को दर्शाता है और यह मां और बच्चे के बीच के बंधन को बहुत ही खूबसूरती से उजागर करता है।

**अभी तक का करियर अच्छा रहा**

अभी तक का मेरा करियर काफी अच्छा रहा है। पहले शो में परफॉर्मेंस से लेकर अभी तक काफी सीखा है। मैं अपने सह-कलाकारों के काम को देखकर सीखती हूं और अपना काम और बेहतर करने की कोशिश कर रही हूं। हालांकि 'क्या हाल मिस्टर पांचाल' में निभाया मेरा किरदार मेरे लिए सबसे चुनौतीपूर्ण था।

**रीजनल वेब सीरीज में करना चाहती हूं काम**

टीवी के अलावा रीजनल वेब सीरीज में भी काम करना चाहती हूं लेकिन हिंदी वेब सीरीज में भी मौका मिलेगा तो मैं जरूर करना चाहूंगी। मैं शाहरुख खान की बहुत बड़ी फैन हूं और उनकी ही तरह इंडस्ट्री में बहुत आगे बढ़ना चाहती हूं। एक्टिंग के अलावा, डांस और सिंगिंग भी सीखना चाहती हूं। मैं एक दक्षिण भारतीय परिवार से आती हूं। जहां बचपन से ही डांस और म्यूजिक पर ध्यान दिया जाता है। इसलिए बचपन में थोड़ा सीखा भी है लेकिन अब इसे अच्छे से सीखना चाहती हूं।

### कभी सोचा नहीं था कि एक्ट्रेस बनूंगी

मुझे बचपन में टीवी सीरियल देखने का बहुत शौक था लेकिन कभी सोचा नहीं था कि एक दिन मैं भी एक्ट्रेस बनूंगी। कॉलेज पूरा करने के बाद मैंने कुछ समय के लिए सरकारी नौकरी की परीक्षाओं के लिए तैयारी की। उसी समय दिल्ली में रहने वाली एक सहेली के कहने पर मैं मुंबई आ गई। यहां आने के दो महीने बाद ही मुझे मेरा पहला शो मिल गया। उस किरदार के लिए मैंने बहुत मेहनत की और इस तरह मेरा एक्टिंग का सफर शुरू हुआ। भले ही मैं किसी के कहने पर आई थी लेकिन अब मुझे यह काम करने में मजा आने लगा है और अब मैं इंडस्ट्री में बहुत आगे जाना चाहती हूं।



## शमिता शेट्टी ने बदला अपना प्रोफेशन, इंटीरियर प्रोजेक्ट पर कर रही है काम

शमिता शेट्टी बॉलीवुड में काफी ज्यादा सक्रिय नहीं है और किसी न किसी इवेंट में स्पॉट होती रहती हैं। शमिता अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी काफी चर्चा में रहती हैं। शमिता को बॉलीवुड में फिल्मों के लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ा है, ऐसे में उन्होंने अपना प्रोफेशन बदल लिया है। शमिता ने लिखा, मेरे जिंदगी में कई सारे पैशन हैं, लेकिन यह एक वेटिंग गेम है, जब भी कुछ अच्छा आता है, मैं उसमें लग जाती हूं। अभिनेत्री ने आगे लिखा, मैं इस समय अपने दूसरे पैशन कला और इंटीरियर्स पर अपना सारा फोकस लगा रही हूं। यही नहीं, शमिता ने यह भी कहा कि अभी एक इंटीरियर प्रोजेक्ट पर काम कर रही हूं।



## बच्चन परिवार की तरह फिल्मों में नहीं आना चाहती नव्या नवेली नंदा

**अमिताभ बच्चन और जया बच्चन की नातिन नव्या नवेली नंदा एक बिजनेस सोच रखती हैं और बिजनेस में ही अपनी एक अलग और नई पहचान बनाना चाहती हैं। हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू में बात की, जहां उन्होंने बताया कि वह अपनी पसंद से एक्टर नहीं बनना चाहती हैं, जबकि उनके भाई अगस्त्य नंदा के अलावा उनका पूरा परिवार मनोरंजन इंडस्ट्री में काफी एक्टिव है। आइए जानते हैं कि उन्होंने और क्या कहा है।**

नव्या ने कहा कि हर किसी को अपनी विरासत की उम्मीदों पर खरा उतरने में एक मजबूत भूमिका निभानी होती है। जब बात उनकी आती है, तो उनका मानना है कि वह सामाजिक प्रभाव और व्यवसाय को लेकर ज्यादा रुचि रखती हैं और यहीं वह अपना भविष्य भी देखती हैं। नव्या ने कहा, मैं जिस भी बैकग्राउंड से आती हूं, मैं हमेशा यही करना चाहती थी। मैं उन सभी अवसरों के लिए आभारी हूं, जो आज मुझे मिल रहे हैं। नव्या ने आगे कहा कि भारत में कई लोगों के लिए यह शायद सच नहीं हो सकता है, लेकिन मैं कभी भी अभिनय नहीं करना चाहती थी। बता दें कि नंदा को हाल ही में आईआईएम एडमिशन को लेकर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था, जहां लोगों ने उनकी उपलब्धियों और योग्यता पर सवाल उठाए थे। इंटरव्यू में आगे नव्या ने ने खुद को सोशल मीडिया ट्रोलिंग से बचाने के बारे में भी बात की और बताया कि वह इस बारे में बिल्कुल भी परवाह नहीं करती हैं। नव्या ने कहना है कि सोशल मीडिया ने कई लोगों को अपनी आवाज दी है और यह आपके काम को सामने लाने के लिए एक बेहतरीन जगह है। आईआईएम का हिस्सा बनने के लिए खुद को लकी बताते हुए नव्या ने कहा, मैंने अपने काम और खुद को वहां रखने का एक्टिव ऑप्शन चुना है। मैं लोगों की किसी भी बात पर बुरा नहीं मानती। मेरी सच्चाई देश की कई महिलाओं से अलग है। मैं इस बात पर ज्यादा ध्यान नहीं देती कि लोग मेरे बारे में क्या नेगेटिव बातें कहते हैं।



## हाल ही में साउथ सिनेमा में काम करना चाहते हैं शाहिद

बॉलीवुड फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में नजर आने वाले अभिनेता शाहिद कपूर ने बताया कि उनकी दक्षिण भारतीय फिल्मों में काम करने की तमन्ना है। इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी अवॉर्ड्स (आईफा) में शामिल हुए शाहिद कपूर ने मीडिया से दक्षिण भारतीय सिनेमा में काम करने के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, मैं दक्षिण भारतीय सिनेमा में काम करने के लिए तैयार हूं, लेकिन मुझे डर है कि अगर दक्षिण भारतीय दर्शक मेरी डायलॉग डिलीवरी से खुश नहीं हुए तो क्या होगा? मैं कोई कमी नहीं छोड़ना चाहता, हिंदी पर तो मेरी अच्छी पकड़ है।

जब उनसे पूछा गया कि दक्षिण की कौन सी भाषा की फिल्म उन्हें खासतौर पर पसंद है, तेलुगु, तमिल, मलयालम या कन्नड़, तो अभिनेता ने इसके जवाब में कहा, मेरे लिए यह सब बराबर है, क्योंकि मैं इनमें से कुछ भी नहीं जानता। इसलिए अगर कोई भी साउथ का फिल्ममेकर मुझ पर भरोसा कर सकता है, मुझे ठीक से समझा सकता है और मेरे सारे सवालों का जवाब दे सकता है, तो मैं उनके लिए काम करने को तैयार हूं। शाहिद जल्द ही फिल्म देवा में नजर आएंगे जिसमें उनके साथ पूजा हेगड़े हैं। रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शाहिद एक पुलिस वाले की भूमिका निभाते दिखाई देंगे। फिल्म के बारे में बात करते हुए अभिनेता ने कहा, 卐यह एक एक्शन फिल्म है, इसलिए इसमें बहुत सारा एक्शन है। इसमें आपको जबरदस्त रोमांच देखने को मिलेगा जो आपको सोचने पर मजबूर कर देगा कि यह किसने किया। मैं इसमें एक एग्रेसिव किरदार निभा रहा हूं। यह एक बहुत बढ़िया फिल्म है, अगर हम सही टीजर और ट्रेलर बनाएं तो यह आपको रोमांचित कर देगी। यह अगले साल 14 फरवरी को रिलीज होगी और मैं दर्शकों की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहा हूं। इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी अवॉर्ड्स (आईफा) का 24वां संस्करण फिलहाल अबू धाबी में चल रहा है।



# प्रोड्यूसर बनना मजबूरी थी, इंतजार नहीं कर सकता था कि कोई एक्टिंग में ब्रेक देगा

यूट्यूबर भुवन बाम की वेब सीरीज ताजा खबर सीजन 2 डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर कल से स्ट्रीम हो रही है। इस सीरीज को भुवन बाम ने भी प्रोड्यूस किया है। हाल ही में इस सीरीज को लेकर यूट्यूबर ने बातचीत की। भुवन बाम ने जहां इस सीरीज को लेकर चुनौतियों के बारे में बात की। वहीं, बताया कि प्रोड्यूसर बनना उनकी मजबूरी थी।

**'ताजा खबर 2' में किस तरह की चुनौतियां आईं?**

पहले सीजन के बाद यह प्रूव करना पड़ा कि पहले से और बेहतर क्या हो सकता है। स्क्रिप्ट लिखते और शूटिंग के समय इस बात का एहसास था। प्लेटफार्म और खुद के उम्मीदों पर खरा उतरना सबसे बड़ी चुनौती थी। दर्शकों के सामने भी प्रूव करना था कि पहले से थोड़ा बेहतर क्या हो सकता है। मेरे लिए खुशी की बात यह है कि हमारे ऊपर ओटीटी प्लेटफार्म ने भरोसा जताया। हम ताजा खबर सीजन 2 लेकर आ रहे हैं।

**आप सीरीज के प्रोड्यूसर भी हैं, प्रोड्यूसर बनने की क्या वजह रही है?**

आप इसे मेरी मजबूरी कह सकते हैं। मुझे एक्टिंग करनी थी। मैं यह इंतजार नहीं कर सकता था कि कोई प्रोड्यूसर मौका देगा। हमने खुद का प्रोडक्शन हाउस खोला। सबसे पहले एक शॉर्ट फिल्म 'प्लस माइनस' बनाई। इसे हमने यूट्यूब पर रिलीज किया था। जिसे शॉर्ट फिल्म की कैटेगरी में बेस्ट शॉर्ट फिल्म के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला था। वहां से हमें मोटिवेशन मिला। प्रोड्यूसर तो हमारा टैग है बाकी सारा काम तो टीम संभालती है। लेकिन यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी का काम है। अब तो रिश्तेदार भी हमारे काम को गंभीरता से लेने लगे हैं। पहले तो यही कहते थे कि यूट्यूब के लिए वीडियो बनाता है।

**जैसा आपने कहा कि बाहर के मौके का इंतजार नहीं कर सकते थे, कभी आपने कोशिश की?**


मैंने बहुत कोशिश की। लेकिन काम हासिल करने का जो प्रोसेस था। उसमें हमारी क्रिएटिविटी मार खा रही थी। खुद के प्रोडक्शन हाउस में नुकसान और फायदे खुद ही झेल रहे हैं। सीख भी रहे हैं। अगर आपने प्रोडक्शन की कला को अच्छी तरह से सीख लिया तो बाकी सारे काम आसान हो जाते हैं। रहीं, बात एक्टिंग की तो मेरी सिर्फ यही उत्सुकता रहती है कि किसी प्रोजेक्ट से जुड़कर 40-45 दिन काम करूं। वहां से छुट्टी लेकर वापस नई कहानियों की तलाश करता हूं। यूट्यूब और ओटीटी के लिए कंटेंट बनाने में बहुत फर्क होता है।

**यूट्यूब से जुड़ने के पीछे की क्या वजह रही है?**

पहले मुझे लगता था कि बॉलीवुड मूवीज और ट्रेलर के लिए यूट्यूब चैनल है। लेकिन किसी ने मुझसे कहा कि गूगल पैसे देता है। मेरे लिए वह सरप्राइज क्षण था। पहले मैं अपनी वीडियो फेसबुक पर अपलोड करता था। उस समय मुझे यूट्यूब का अंदाजा नहीं था। मैंने यूट्यूब चैनल बनाया और फेसबुक पर जितने वीडियो अपलोड किए थे। वह सब यूट्यूब पर अपलोड कर दिया। उस समय यूट्यूब के बारे में ज्यादा लोगों को पता भी नहीं था। घर पर बोल भी नहीं सकते थे कि इसमें भी करियर बनाया जा सकता है।

## सलमान खान की फिल्म सिकंदर की शूटिंग रुकी

एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित सलमान खान की एक्शन थ्रिलर फिल्म सिकंदर अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। हालांकि, मुंबई में हो रही भारी बारिश का फिल्म की शूटिंग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। न्यूज के मुताबिक, क्रू मेंबर्स दोपहर से ही लोकेशन पर तैनात थे ताकि शाम 7 बजे से शूटिंग शुरू हो सके सलमान खान पूरी भव्य तैयारी के साथ शाम 5 बजे के आसपास लोकेशन पर पहुंचे थे। अंदाजा लगाया जा रहा था कि यह एक्शन से भरपूर फिल्मांकन की रात होने वाली थी। हालांकि, मौसम विभाग ने उस क्षेत्र के लिए रेड अलर्ट घोषित कर दिया इस वजह से शूटिंग रोकनी पड़ गई।



### क्रेडिट कार्ड से लोगों ने बनाई दूरी

नईदिल्ली। कुछ साल पहले तक क्रेडिट कार्ड हासिल करना किसी व्यक्ति की समृद्धता का प्रतीक भी माना जाता था। मगर, अब स्थितियां बदल रही हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की सख्ती और नए नियमों के चलते क्रेडिट कार्ड से होने वाला खर्च तेजी से कम हो रहा है। क्रेडिट कार्ड पर मिलने वाले डिस्काउंट और ऑफर भी अब लोगों को लुभा नहीं पा रहे हैं।




### शेयर बाजार ने गोल्ड को दी कड़ी टक्कर

नईदिल्ली। अधिकांश लोग सोने को निवेश का भरोसेमंद साधन मानते हैं क्योंकि इसे संकट के समय आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है। वहीं सोने की कीमत में आई तेजी ने भी इसमें लोगों का भरोसा बढ़ाया है। वर्तमान में सोना प्रति 10 ग्राम 75,000 रुपए के पार पहुंच चुका है।

## सैमसंग इंडिया ने दुनिया के पहले एआई-पावर्ड टैबलेट्स - गैलेक्सी टैब एस10+ और टैब एस10 अल्ट्रा लॉन्च किए




**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के अग्रणी उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने गैलेक्सी टैब एस10+ औरटैब एस10 अल्ट्र लॉन्च किया। ये दोनों टैबलेट्स अपने अत्याधुनिकएआई फीचर्सके साथ टैबलेट के अनुभव को नए सिरे से परिभाषित करते हैं। दुनिया के पहलेएआई-पावर्ड टैबलेट्स, गैलेक्सी टैब एस10+ और एस10 अल्ट्रामें कई नए इनोवेशन हैं। इनमेंशानदार परफॉर्मेंस, बेहतर क्रिएटिव टूल्स, औरउत्पादकताऔररचनात्मकताको बढ़ाने के लिए खासतौर पर डिजाइन किए गएगैलेक्सी एआई फीचर्सशामिल हैं। चाहे आप एक प्रोफेशनल हों जो अपनीउत्पादकताबढ़ाना चाहते हैं, या एक क्रिएटर जो अपने काम को और बेहतर बनाना चाहते हैं, ये दोनों टैबलेट्स आपकी उम्मीदों से कहीं ज्यादा देने के लिए तैयार हैं। गैलेक्सी टैब एस10+ और एस10 अल्ट्रादोनों में बेहतरीनडायनैमिक एमोलेड 2एक्स डिस्प्लेदिया गया है, जो शानदार विजुअल्स और मनोरंजन का अनुभव प्रदान करता है। इनके साथएंटी-रिफ्लेक्टिव कोटिंगभी है, जिससे तेज रोशनी में भी देखने का अनुभव शानदार रहता है।

## अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में सेनहाइज़र के टॉप पिक्स पर पाएं बेहतरीन डील्स

**मुंबई, एजेंसी।** ऑडियो तकनीक में अग्रणी सेनहाइज़र ने 27 सितंबर से शुरू होने वाले ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 के दौरान अपने प्रीमियम उत्पादों की रेंज में आकर्षक डील्स की घोषणा की है, जो सभी उपयोगकर्ताओं के लिए है, जिसमें प्राइम और नॉन-प्राइम सदस्य शामिल हैं। प्राइम सदस्य 26 सितंबर की मध्यरात्रि से 12 घंटे पहले डील्स और डिस्काउंट ऑफर का लाभ उठा सकते हैं। सेनहाइज़र के सबसे ज़्यादा बिकने वाले उत्पादों पर 24 महीने तक की नो कॉस्ट ईएमआई और चुनिंदा बैंक कार्ड के साथ अतिरिक्त छूट का लाभ उठाएँ, जैसे कि पॉडकास्टिंग के लिए प्रोफ़ाइल स्ट्रीमिंग सेट (बूम आर्म के साथ) यूएसबी माइक्रोफ़ोन, माइक्रोफ़ोन, एचडी 490 प्रो ओपन-बैक स्टूडियो हेडफ़ोन, ईडब्ल्यूडीपी-एमई 2 डिजिटल वायरलेस माइक्रोफ़ोन सिस्टम, मोमेंटम 4 (कॉपर) हेडफ़ोन और एक्सेंटम प्लस हेडफ़ोन, और मोमेंटम ट्रू वायरलेस 4. पॉडकास्टिंग के लिए सेनहाइज़र प्रोफ़ाइल स्ट्रीमिंग सेट (बूम आर्म के साथ) यूएसबी माइक्रोफ़ोन प्रोफ़ाइल यूएसबी माइक्रोफ़ोन पॉडकास्टर्स और स्ट्रीमर्स के लिए डिज़ाइन किया गया है जो उपयोग की आसानी से समझौता किए बिना असाधारण ऑडियो गुणवत्ता की मांग करते हैं।

## देश में इस साल जनवरी से जून के दौरान 47.8 लाख विदेशी सैलानी आए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में इस साल जनवरी से जून के बीच लगभग 47.8 लाख विदेशी पर्यटक आए हैं। पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, बांग्लादेश और अमेरिका से सबसे ज्यादा पर्यटक भारत आए। हालांकि, यह संख्या अभी भी कोविड महामारी से पहले के स्तर से कम है। इस साल जून में 7,06,045 विदेशी पर्यटक भारत आए, जो जून 2023 की तुलना में 9 प्रतिशत अधिक है लेकिन जून 2019 की तुलना में 2.8 प्रतिशत कम है। मंत्रालय के अनुसार इस साल की पहली छमाही (जनवरी-जून) में कुल 47,78,374 विदेशी पर्यटक आए, जो पिछले साल की समान अवधि में आए 43,80,239 पर्यटकों से 9.1 प्रतिशत अधिक है।

# एक अक्टूबर से कई नियमों में हो रहा है बदलाव

- इनमें एलपीजी और सीएनजी की कीमत भी शामिल है
- एचडीएफसी क्रेडिट कार्ड के नियम भी बदल रहे हैं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दो दिन बाद यानी एक अक्टूबर से कई नियमों में बदलाव हो रहा है। ये बदलाव आपकी जेब पर सीधा असर डालेंगे। इनमें एलपीजी की कीमत, पीपीएफ, क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियम आदि शामिल हैं। आपको इन नियमों के बारे में पता होना चाहिए। कई ऐसे नियम हैं जिनमें हर महीने बदलाव होता है। साथ ही बैंकिंग आदि से जुड़ी कई कंपनियां महीने के बीच में कुछ बदलाव करती हैं। ज्यादातर से नियम अगले महीने की एक तारीख से लागू होते हैं। इस बार भी कई नियम एक तारीख से लागू हो रहे हैं।

### 1. एलपीजी में बदलाव

हर महीने की पहली तारीख को ऑइल कंपनियां एलपीजी का मूल्यांकन करती हैं। इसके आधार पर कंपनियां इनकी कीमत में बदलाव भी कर सकती हैं। एक तारीख को घरेलू या कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में बदलाव होता है। हालांकि यह जरूरी नहीं कि कंपनियां इनमें बदलाव ही करें। पिछले महीने की कीमत को आगे भी जारी रख सकती हैं। एलपीजी पर रेट बढ़ेंगे या कम होंगे या पिछले महीने वाले ही रहेंगे, इसके बारे में एक अक्टूबर को सुबह ही पता चल जाएगा।

### 2. एटीएफ और सीएनजी-पीएनजी में बदलाव

महीने की पहली तारीख को ऑइल कंपनियां एयर टर्बाइन फ्यूल और सीएनजी-पीएनजी के दाम भी संशोधित करती हैं। कंपनियों के दाम भी बढ़ा या कम कर सकती हैं। एटीएफ का रेट बढ़ने पर हवाई यात्रा महंगी हो सकती है। वहीं सीएनजी महंगी होने पर बस या ऑटो में सफर महंगा हो सकता है। पीएनजी महंगी होने से पाइप के जरिए घर में आने वाली गैस महंगी हो जाएगी।

### 3. एचडीएफसी क्रेडिट कार्ड

अगर आप एचडीएफसी बैंक का क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करते हैं तो एक अक्टूबर से आप पर भी असर पड़ेगा। एचडीएफसी बैंक ने अपने कुछ क्रेडिट कार्ड के लायल्टी प्रोग्राम को लेकर बदलाव किए हैं। एचडीएफसी बैंक ने स्मार्टबाय प्लेटफॉर्म पर एप्पल प्रोडक्ट के लिए रिवार्ड पॉइंट के रिडम्पशन को एक प्रोडक्ट हर कैलेंडर तिमाही तक सीमित कर दिया है। ये नए नियम एक अक्टूबर से लागू होंगे।

### 4. बढ़ी हुई मिलेगी न्यूनतम मजदूरी

एक अक्टूबर से श्रमिकों को अब बढ़ी हुई मजूदरी मिलेगी। केंद्र सरकार ने श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी दर बढ़ाकर 1035 रुपये प्रतिदिन तक कर दी है। निर्माण, साफ-सफाई, समान उतारने और चढ़ाने आदि काम करने वाले श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी दर 783 रुपये प्रतिदिन मिलेगी।

अर्ध-कुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी दर 868 रुपये प्रति दिन होगी।

कुशल, लिपिक और बिना हथियार वाले चौकीदार या गार्ड के लिए न्यूनतम मजदूरी दर 954 रुपये प्रतिदिन होगी।

चौकीदारी या गार्ड का काम करने वालों के लिए न्यूनतम मजदूरी दर 1035 रुपये प्रतिदिन होगी।

अत्यधिक कुशल और हथियारों के साथ चौकीदारी या गार्ड का काम करने वालों के लिए न्यूनतम वेतन दर 1035 रुपये प्रति दिन होगी।

### 5. सुकन्या समृद्धि योजना के नियम में बदलाव

एक अक्टूबर से सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बेटियों का अकाउंट सिर्फ कानूनी अभिभावक ही संचालित कर सकेंगे। पहले ऐसा नहीं था। अगर बच्ची का अकाउंट ऐसे शख्स द्वारा खोला गया है जो उसका कानूनी अभिभावक नहीं है तो उसे एक अक्टूबर से यह अकाउंट बच्ची के माता-पिता या कानूनी अभिभावक को ट्रांसफर करना होगा। अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो अकाउंट को बंद कर दिया जाएगा।

## बिजली बनाने में 2030 तक खत्म होगा जीवाश्म ईंधन का प्रभुत्व, अक्षय ऊर्जा का हिस्सा 50 प्रतिशत से अधिक होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में बिजली उत्पादन में जीवाश्म ईंधन का प्रभुत्व दशक के अंत तक समाप्त हो जाएगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में यह दावा किया है। रिपोर्ट कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर बिजली उत्पादन में अक्षय ऊर्जा की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत के पार जाने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार हाल के वर्षों में ऊर्जा संक्रमण में तेजी आई है। इसके अलावे, स्वच्छ प्रौद्योगिकी की तैनाती और पूंजी निवेश की गति रिकॉर्ड स्तर पर पहुच गई है।

आरबीआई ने कहा, जीवाश्म ईंधन के प्रभुत्व का युग समाप्त हो रहा है, और इस दशक के अंत तक वैश्विक स्तर पर बिजली उत्पादन में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत को पार कर जाने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि से स्टीलमेकिंग और एविएशन जैसे क्षेत्रों को मदद मिलेगी, जहां कम कार्बन उत्सर्जन का विकल्प अब भी अपने प्रारंभिक चरण में है। केंद्रीय बैंक ने कम कार्बन उत्सर्जन वाले ऊर्जा में निवेश बढ़ाने के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

आरबीआई ने कहा, स्वच्छ विद्युत उत्पादन से आक्रामक कार्बन उत्सर्जन की कटौती को बढ़ावा मिल सकता है, इसकी तत्काल जरूरत है। इससे इस्पात निर्माण और विमानन जैसे क्षेत्रों से निपटने के लिए अधिक समय मिल सकेगा, जहां कार्बन उत्सर्जन में कटौती करना फिलहाल चुनौती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि जीवाश्म ईंधन में निवेश किए गए प्रत्येक डॉलर के लिए, आने वाले वर्षों में अक्षय ऊर्जा के लिए औसतन तीन डॉलर आवंटित किए जाने की आवश्यकता है, जो वर्तमान अनुपात से काफी अधिक है, जहां दोनों क्षेत्रों में समान निवेश हो रहा है। 2030 तक अक्षय ऊर्जा क्षमता को तीन गुना करना शताब्दी के मध्य तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए जरूरी माना जाता है।

आरबीआई ने कहा, ऊर्जा आपूर्ति पक्ष पर, जीवाश्म ईंधन पर खर्च होने वाले प्रत्येक अमेरिकी डॉलर के लिए, शेष दशक में औसतन 3 अमेरिकी डॉलर का निवेश निम्न-कार्बन उत्सर्जन वाली ऊर्जा में किया जाना चाहिए। रिपोर्ट में आरबीआई ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि 2050 तक पूरी तरह से कार्बन मुक्त वैश्विक ऊर्जा प्रणाली की अनुमानित लागत 215 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर होगी।हालांकि, रिपोर्ट वित्तीय क्षेत्र को हरित बनाने के लिए चल रहे प्रयासों के बारे में आशावादी बनी हुई है। इसमें इस बात पर बल दिया गया है कि सार्वजनिक नीति हस्तक्षेप और बाजार आधारित प्रतिस्पर्धा के बीच सही संतुलन बनाना इस महत्वाकांक्षी ऊर्जा परिवर्तन की उपलब्धि को प्राप्त करने की दिशा में कुंजी साबित होगी।

## अनिल अंबानी की रिलायंस पावर का शेयर 8 दिन में 50 प्रतिशत चढ़ा शेयर, कर्जमुक्ति के बाद निवेशकों का बढ़ा भरोसा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर के शेयर में पछिले आठ कारोबारी सत्र से तेजी का रुख बना हुआ है। विदर्भ इंडस्ट्रीज पावर लिमिटेड की तरफ से गारंटर के तौर पर लोन सेटलमेंट के ऐलान के बाद रिलायंस पावर के शेयर में तेजी देखी गई। रिलायंस पावर के शेयर में 18 सितंबर 2024 से अब तक लगातार अपर सर्किट लगा हुआ है। कंपनी के शेयरों में करीब 50 प्रतिशत की तेजी आई है और यह 46.36 रुपए के 52 हफ्ते के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। इस तेजी का मुख्य कारण विदर्भ इंडस्ट्रीज पावर लिमिटेड के लोन सेटलमेंट और रिलायंस पावर के कर्जमुक्त होने का ऐलान है। इसके साथ ही कंपनी ने ष्टस्नरू एसेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के साथ भी अपने सभी विवादों का समाधान कर लिया है, जिससे शेयरों में उछाल देखने को मिला।

शेयर बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, कंपनी के शेयर लॉन्ग टर्म में भी अच्छे मुनाफे की संभावना दिखा रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों में यह शेयर 58 से 62 रुपए तक पहुंच सकता है। हालांकि, नए निवेशकों को निवेश करने से पहले थोड़ी सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। रिलायंस पावर का शेयर 2020 में 1.13 रुपए तक गिर गया था लेकिन तब से इसमें लगातार सुधार देखने को मिला है। शेयर 52 हफ्ते का लो लेवल 15.53 रुपए है। इसके साथ कंपनी की मार्केट कैप बढ़कर 18,622 करोड़ रुपए हो गई है।

## अंबानी के शेफ को हर महीने मिलते हैं 2 लाख रुपये

### सैलरी के साथ हेल्थ इंश्योरेंस जैसे कई अतिरिक्त फायदे भी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया के सबसे अमीर आदमी मुकेश अंबानी अपनी शानदार जीवनशैली के लिए जाने जाते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि उनके घर के शेफ को कितनी सैलरी मिलती है रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुकेश अंबानी के शेफ को हर महीने लगभग 2 लाख रुपये मिलते हैं। इसके अलावा, उन्हें हेल्थ इंश्योरेंस और उनके परिवार के लिए एजुकेशन सपोर्ट जैसे कई अतिरिक्त फायदे भी दिए जाते हैं। मुकेश अंबानी शाकाहारी हैं। उन्हें कई तरह के व्यंजन पसंद हैं। उनके परिवार के खाने-पीने की आदतों से परंपरा और स्वाद, दोनों का पता चलता है। नीता अंबानी ने एक इंटरव्यू में बताया था कि मुकेश अपने व्यस्त शेड्यूल के बावजूद हमेशा अपने परिवार के साथ डिनर करने का समय निकालते हैं। परिवार के साथ भोजन करना उनकी दिनचर्या का अहम हिस्सा है, जो साथ रहने के महत्व को दर्शाता है। मुकेश को स्ट्रीट फूड, खासकर सेव पूरी और दूसरे चटपटे स्नैक्स बहुत पसंद हैं। मुंबई के पॉपुलर रेस्टोरेंट स्वाति स्नैक्स से भी उन्हें खाना मंगवाना पसंद है। उनके परिवार में आमतौर पर दाल, रोटी और चावल जैसे पारंपरिक भारतीय भोजन शामिल होता है, जो उनकी सांस्कृतिक जड़ों को दर्शाता है।

मुकेश घर का बना खाना पसंद करते हैं। उन्हें गुजराती दाल और राजमा बहुत पसंद है। यह सुनिश्चित करता है कि वह प्रामाणिक और पौष्टिक भोजन करें। वह सख्त डाइट फॉलो करते हैं। अपनी सेहत बनाए रखने के लिए हरी सब्जियां और सलाद पसंद करते हैं।

अंबानी परिवार को भारतीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह के व्यंजन पसंद हैं। विशेष अवसरों पर उनकी कुशल कुकिंग टीम इन्हें तैयार करने में कोई कसर नहीं छोड़ती है। पारंपरिक और आधुनिक खानपान की आदतों का यह मिश्रण दर्शाता है कि मुकेश अंबानी अपनी समृद्ध जीवनशैली को अच्छे भोजन और पारिवारिक मूल्यों के प्रति सच्ची कदर के साथ कैसे संतुलित करते हैं।

## सिर्फ 2 हजार रुपये से शुरू किया काम, अब 6 लाख महीने की कमाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ठाणे की रहने वाली 39 साल की ललिता पाटिल ने घर से ही टिफिन सर्विस शुरू करके एक करोड़ रुपये की कमाई करने वाला बिजनेस खड़ा कर दिया है। 2016 में सिर्फ 2,000 रुपये से ललिता ने टिफिन सर्विस शुरू की थी। 2019 में ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज की स्टार्टअप प्रतियोगिता जीतकर उन्होंने 7 लाख रुपये हासिल किए। इस पैसे से अपना रेस्तरां घरची आठवण की शुरुआत की। अब उनका व्यवसाय महीने में 6-7 लाख रुपये कमाता है। आइए, यहां ललिता की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

फिजिक्स में ग्रेजुएट ललिता की 20 साल की उम्र में शादी हो गई थी। हमेशा से वह आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना चाहती थीं। शुरुआत में उन्होंने ट्यूशन पढ़ाया। फिर एक फार्मेसी कंपनी के लिए दवाइयां बेचीं। लेकिन, उन्हें अपने काम से संतुष्टि नहीं मिल रही थी।। ललिता के पति की एक गैस एजेंसी थी। लेकिन, राज्य सरकार की ओर से नई गैस पाइपलाइन शुरू करने से उनका बिजनेस ठप पड़ता गया। ऐसे में 2016 में ललति ने टिफिन बॉक्स खरीदने के लिए 2,000 रुपये और विज्ञापन के पर्चे बंटवाने के लिए 500 रुपये का निवेश करके अपना होम टिफिन बिजनेस शुरू किया। उनका यह बिजनेस ठाणे के वर्किंग प्रफेशनल्स और स्टूडेंट्स के बीच काफी लोकप्रिय हो गया। ललिता ने अपने टिफिन सर्विस का नाम घरची आठवण यानी घर की यादें इसलिए रखा, ताकि लोगों को घर जैसा सादा खाना मिल सके। एक साल तक तो सब कुछ ठीक रहा। लेकिन, जल्द ही उन्हें एहसास हुआ कि लोग उनके फलते-फूलते व्यवसाय के बावजूद उन्हें एक गृहिणी के रूप में ही देखते हैं। ललति एक उद्यमी के रूप में पहचान बनाना चाहती थीं। उनमें अपने व्यवसाय को बढ़ाने की बहुत ज्यादा इच्छा थी। लेकिन, ललिता की बचत सीमित थी। कोई भी उन्हें लोन देने को तैयार नहीं था। 2019 में ललिता ने ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज के स्टार्टअप कॉम्पिटिशन के बारे में एक अखबार में पढ़ा।

## ओप्पो इंडिया ने इस फेस्टिव सीजन को ख़ास बनाने के लिए पेश किया रेनोव्व प्रो मनीष मल्होत्रा लिमिटेड एडिशन



**मुंबई, एजेंसी।** ओप्पो इंडिया ने ओप्पो रेनोव प्रो 5जी मनीष मेलहोत्रा लिमिटेड एडिशन लॉन्च किया है, जो भारत की समृद्ध संस्कृति और परंपरा को समर्पित है। मनीष मल्होत्रा के प्रतिष्ठित वर्ल्ड कलेक्शन से प्रेरित, यह स्पेशल एडिशन काले रंग के बैक पैनल में फ्लोरल एम्ब्रॉयडरी और गोल्डन कलर की नक्काशी के साथ भारतीय डिज़ाईन की भव्यता और विरासत प्रदर्शित करता है।

इसमें ओप्पो के इनोवेटिव मटेरियल डिज़ाईन और मल्होत्रा के सिग्नेचर मोटिफ्स की मदद से भारत में त्योहारों का उत्साह लग्ज़री और क्राफ्ट्समैनशिप के साथ पेश किया गया है। इस स्मार्टफोन का ग्राफिक्स भारत में कला की समृद्ध परंपरा, विशेषकर मुगल कला के फ्लोरल मोटिफ्स और राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश की जटिल एम्ब्रॉयडरी तकनीकों की ओर ध्यान आकर्षित करता है। ब्लैक और गोल्ड कलर पैलेट में इसके पैटर्न ज़रदौजी और पारसी गारा एम्ब्रॉयडरी से प्रेरित हैं, जो भारत में त्योहारों के सौंदर्य, उत्तमता और समृद्धि का प्रतिनिधित्व करते हैं। जहाँ ब्लैक कलर से कालातीत सौंदर्य और बहुउपयोगिता प्रदर्शित होते हैं, वहीं गोल्ड कलर लग्ज़री और वैभव का प्रतीक है, जिससे भव्यता और हर्षोल्लास का प्रदर्शन होता है।

यह कॉम्बिनेशन न केवल ओप्पो रेनोव प्रो 5जी को एक विज़्युअल आकर्षण प्रदान करता है, बल्कि पारंपरिक भारतीय लिबास की शाही झलक भी प्रतिबिंबित करता है, जिसके कारण यह त्योहारों के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। सेवियो डिसूज़ा हेड आफ कम्यूनिकेशन ओप्पो इंडिया, ने कहा, ''हम ओप्पो रेनोव प्रो 5जी मनीष मेलहोत्रा लिमिटेड एडिशन पेश करने के लिए उत्साहित हैं, जिसमें सुंदरता के साथ फंक्शनैलिटी का समावेश है। इस गठबंधन के अंतर्गत मनीष मलहोत्रा की कारीगरी और ओप्पो की आधुनिक टेक्नोलॉजी ने एक ऐसा उत्पाद पेश किया है, जो स्टाईलिश होने के साथ ग्राहकों के हृदय में ऐसा गहरा प्रभाव छोड़ता है, जो कभी भुलाया नहीं जा सकता।''

## मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने जागरूकता फैलाने की मुहिम के साथ विश्व हृदय दिवस मनाया

**अहमदाबाद , एजेंसी।** मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में युवाओं में दिल के दौरे के बढ़ते मामलों के बारे में जागरूकता फैलाने की मुहिम शुरू की। बीते दौर में ऐसा माना जाता था कि दिल का दौरा मुख्य रूप से बुजुर्गों को होने वाली बीमारी है, लेकिन आज भारत के युवाओं में भी इसके मामले सामने आना बड़ी आम बात हो गई है और यह बेहद चिंताजनक है। पिछले एक दशक में, देश भर के अस्पतालों में 20 से 30 साल की उम्र की युवाओं में दिल की बीमारियों तथा दिल के दौरे के मामलों में तेजी से वृद्धि देखी गई है। यह चिंताजनक प्रवृत्ति सिर्फ भारत तक ही सीमित नहीं है; पूरी दुनिया में दक्षिण एशियाई लोग दिल की बीमारियों से सबसे ज़्यादा पीड़ित हैं। रिसर्च के नतीजे बताते हैं कि, दुनिया भर में दिल की बीमारियों से पीड़ित 50-60त्न मरीज भारतीय मूल के हैं। डॉ. अनीश चंदराणा, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने युवाओं को प्रभावित करने वाले कारकों के साथ-साथ उन्हें अपनी अच्छी सेहत को बरकरार करने के लिए उठाए जाने वाले ज़रूरी कदमों के बारे में विस्तार से बताया। भारतीय युवाओं में दिल की बीमारियों से पीड़ित होने की संभावना अधिक होती है

## एनआईएफडी ग्लोबल भोपाल के स्टूडेंट्स ने भारत की सांस्कृतिक विविधता को किया रैंप पर प्रदर्शित



**भोपाल।** एनआईएफडी ग्लोबल इंदौर टाइम्स फैशन वीक सीजन 3 के पहले दिन का मुख्य आकर्षण एनआईएफडी ग्लोबल भोपाल के फैशन डिजाइनिंग स्टूडेंट्स रहे, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, क्रिएटिविटी और फैशन के प्रति अपनी गहरी समझ का परिचय दिया। फैशन वीक के पहले दिन, जो पूरी तरह से स्टूडेंट्स के नाम रहा, उन्होंने भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय फैशन का मिश्रण कर एक नई पहचान बनाई। स्टूडेंट्स ने विभिन्न सांस्कृतिक परिधानों को आधुनिक तकनीकों के साथ पेश किया। एनआईएफडी ग्लोबल भोपाल के स्टूडेंट्स ने 4 राउंड में फैशन की 12 थीम्स के तहत अपने कलेक्शन प्रदर्शित किए। पारंपरिक भारतीय परिधानों से लेकर पश्चिमी शैली तक, इन कलेक्शंस में फैशन की गहराई और विविधता साफ नजर आई। विशेष रूप से रीसायकल मटेरियल और डिजिटल प्रिंट्स के परिधान दर्शकों को एक संदेश देने में सफल रहे कि फैशन में भी पर्यावरण संरक्षण की भूमिका महत्वपूर्ण है।पहले राउंड की थीम ब्लूमिंग इंडिया रही, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलक रैंप पर देखने को मिली। भारतीय परंपरा और समकालीन फैशन के बेहतरीन फ्यूजन को स्टूडेंट्स ने रैंप पर उतारा। इस राउंड में भोपाल के स्टूडेंट्स की कला और उनके सोचने के ढंग की भरपूर सराहना हुई।

## सार समाचार

जूनियर विश्व चैंपियनशिप

### देरी से पहुंचने पर भारतीय निशानेबाज पर जुर्माना, गंवाया संभावित गोल्ड मेडल



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत के एक निशानेबाज पर पेरू के लीमा में चल रही आईएसएसएफ जूनियर निशानेबाजी चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल के लिए अभ्यास क्षेत्र में देर से पहुंचने के कारण दो अंक का जुर्माना लगाया गया जिस कारण वह पदक हासिल करने से चूक गया। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी महासंघ (आईएसएसएफ) ने शनिवार को 20 वर्षीय निशानेबाज उमेश चौधरी पर नियम 6.17.1.3 के उल्लंघन के लिए दो अंक का जुर्माना लगाया। इससे भारत के 60 सदस्यीय दल में शामिल कोच और सहायक स्टाफ की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं।

चौधरी को फाइनल में अपने पहले शॉट पर दो अंक कटने के बाद 7.4 अंक मिले। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के सचिव राजीव भाटिया से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं है और वह इस मसले पर टिप्पणी नहीं करना चाहते हैं। चौधरी क्वालिफिकेशन दौर में 580 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे और अगर उन पर दो अंक का जुर्माना नहीं लगाया गया होता, तो वह आठ निशानेबाजों के फाइनल में स्वर्ण पदक जीत सकते थे।

जुर्माना लगाए जाने के कारण चौधरी पदक दौर में छठे स्थान पर रहे। भाटिया को जब याद दिलाया गया कि जुर्माने का विवरण आईएसएसएफ की वेबसाइट पर भी है, तो उन्होंने कहा, 'हो सकता है कि वह समय पर अभ्यास क्षेत्र में नहीं पहुंचे होंगे। मैं नहीं जानता कि वह क्यों और किस कारण से समय पर नहीं पहुंचे। मुझे वहां (पेरू में) मौजूद अधिकारियों से पता करना होगा। यह पूछे जाने पर कि क्या कोचों को अधिक सतर्क रहना चाहिए? उन्होंने कहा, 'मैं इस पर कुछ नहीं कहूंगा क्योंकि हमें कुछ भी नहीं बताया गया है। मैं इस पर चर्चा नहीं करना चाहता।

आईपीएल 2025

### विदेशी खिलाड़ियों को लेकर सख्त हुए नियम, लगेगा 2 साल का बैन

**मुंबई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग जनरल काउंसिल (आईपीएल जीसी) ने नीलामी में चुने जाने के बाद विदेशी खिलाड़ियों के बाहर निकलने के मुद्दे पर विचार पेश किए हैं। हाल ही में बेंगलुरु में आईपीएल जीसी और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के बीच हुई बैठक में खिलाड़ियों को नीलामी में खरीदे जाने के बाद खुद को अनुपलब्ध करने से रोकने के लिए नए रिटेंशन नियम स्थापित किए गए। इस नियम में वैध कारणों के बिना बाहर निकलने वाले विदेशी खिलाड़ियों पर दो साल का प्रतिबंध शामिल है। चोट या चिकित्सा स्थितियों के लिए अपवाद बनाए जाएंगे, बशर्ते कि खिलाड़ी के होम बोर्ड द्वारा उनकी पुष्टि की जाए।

बयान में कहा गया, कोई भी खिलाड़ी जो नीलामी के लिए पंजीकरण करता है और नीलामी में चुने जाने के बाद सीजन की शुरुआत से पहले खुद को अनुपलब्ध कर देता है, उसे दो सीजन के लिए आईपीएल/आईपीएल नीलामी में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। चोट/चिकित्सा स्थिति की पुष्टि (खिलाड़ी के) होम बोर्ड द्वारा की जानी होगी।

# वनडे श्रृंखला के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करेगा अफगानिस्तान, यूएई में होगे मैच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने घोषणा की है कि वह 6 से 11 नवंबर तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में तीन मैचों की पुरुष एकदिवसीय श्रृंखला के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करेगा, हालांकि वेन्यू अभी तय नहीं है। ये मैच क्रमशः 6, 9 और 11 नवंबर को खेले जाएंगे। एसीबी ने कहा कि ये तीन वनडे, तीन टी20आई और दो टेस्ट मूल रूप से इस साल जुलाई-अगस्त के लिए निर्धारित अफगानिस्तान के फ्यूचर टूर प्रोग्राम (एफटीपी) का हिस्सा थे।



इसके अलावा, ग्रेटर नोएडा के शहीद पथिक सिंह स्टेडियम में जुलाई के अंत में एकदिवसीय मैचों की मेजबानी करने की खबरें सामने आई, यह वह समय है जब उत्तर भारत में मानसून शुरू होता है। लेकिन एसीबी ने यूएई और भारत में अत्यधिक गर्मी का हवाला देते हुए श्रृंखला को स्थगित कर दिया। एसीबी ने कहा, व्यापक चर्चा के बाद, दोनों बोर्ड केवल एकदिवसीय चरण के साथ आगे बढ़ने पर सहमत हुए हैं, जो अगले साल फरवरी में पाकिस्तान में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दोनों टीमों की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण होगा। अफगानिस्तान ने हाल ही में शारजाह में दक्षिण अफ्रीका पर 2-1 से ऐतिहासिक श्रृंखला जीत हासिल की और घरेलू टीम के खिलाफ सभी प्रारूपों की श्रृंखला के लिए दिसंबर में जिम्बाब्वे का दौरा करने के लिए तैयार है। अफगानिस्तान और बांग्लादेश एकदिवसीय मैचों में 16 बार एक-दूसरे से मिले हैं जिनमें से बांग्लादेश ने 10 गेम जीते हैं, जबकि अफगानिस्तान छह बार विजयी हुआ है। बांग्लादेश के साथ अफगानिस्तान की आखिरी द्विपक्षीय एकदिवसीय बैठक 2023 में हुई थी, जब उसने चटगांव के जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में 2-1 से श्रृंखला जीती थी। पिछली बार जब ये दोनों टीमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिली थीं, तो अफगानिस्तान ने इस साल के टी20 विश्व कप के महत्वपूर्ण सुपर आठ मैच में किंग्सटाउन, सेंट विंसेंट के अर्नोस वेले ग्राउंड में आठ रन (डीएलएस पद्धति के माध्यम से) से जीत हासिल की थी, और पहली बार टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया था।

# श्रीलंका ने रचा इतिहास

## न्यूजीलैंड को पारी और 154 रन से दी करारी शिकस्त

**गॉल (श्रीलंका) (एजेंसी)।** श्रीलंका ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां दूसरे और टेस्ट क्रिकेट मैच में चौथे दिन ही न्यूजीलैंड को पारी और 154 रन से करारी शिकस्त देकर दो मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। श्रीलंका ने इस श्रृंखला में शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा।



यह पिछले 15 वर्षों में पहला अवसर है जबकि उसने न्यूजीलैंड को श्रृंखला में हराया। श्रीलंका के इस जीत के नायक बाएं हाथ से स्पिनर प्रभात जयसूर्या रहे। उन्होंने दो मैच में 18 विकेट लिए और उन्हें श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इस बीच कामिंदु मेंडिस को दूसरे टेस्ट मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने नाबाद 182 रन बनाए जिससे श्रीलंका ने अपनी पहली पांच विकेट पर 602 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। मेंडिस इस पारी के दौरान सबसे तेज 1000 टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दिग्गज बल्लेबाज सर डॉन ब्रैडमैन के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंच गए।

पहले टेस्ट मैच में 9 विकेट लेने वाले जयसूर्या ने दूसरे टेस्ट मैच में भी यह कारनामा दोहराया। दूसरे टेस्ट मैच में उन्हें अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे निशान पेइरिस कभी अच्छा साथ मिला जिन्होंने नौ विकेट लिए, जिसमें दूसरी पारी के पांच विकेट भी शामिल हैं। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज श्रीलंका के स्पिनरों के सामने जूझते हुए नजर आए। श्रीलंका के विशाल स्कोर के सामने उसकी टीम पहली पारी में केवल 88 रन पर सिमट गई थी और उसे फॉलोऑन के लिए मजबूर होना पड़ा।

न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 360 रन बनाकर कुछ चुनौती पेश की लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। कीवी टीम का इस दौरे में यह सर्वोच्च स्कोर है। टॉम ब्लंडेल (62), ग्लेन फिलिप्स (78) और मिशेल सेंटनर (67) ने दूसरी पारी में अर्धशतक बनाए लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए। न्यूजीलैंड ने सुबह पांच विकेट पर 199 रन से आगे खेलना शुरू किया लेकिन उसने पहले सत्र में ही तीन विकेट गंवा दिए जिससे श्रीलंका की बड़ी जीत सुनिश्चित हो गई।

पहले टेस्ट मैच में 63 रन से जीत दर्ज करने वाले श्रीलंका ने अब लगातार तीन टेस्ट मैच जीत लिए हैं और इससे उसने अगले जून में लॉर्ड्स में होने वाले आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की अपनी उम्मीदें बढ़ा दी हैं।

भारत-बांग्लादेश
टेस्ट मैच

# गीली आउटफील्ड के कारण तीसरे दिन भी खेल हुआ रद्द

**कानपुर (एजेंसी)।** भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट का तीसरा दिन गीली आउटफील्ड के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिया गया। इससे पहले दूसरे दिन का खेल लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बगैर रद्द कर दिया गया था। सुबह हल्की बूंदाबांदी के बाद तेज बारिश शुरू हो गई जिससे ग्रीन पार्क स्टेडियम पर दूसरे दिन कोई खेल नहीं हो सका। मैदानकर्मियों ने 11.15 के आसपास बारिश रूकने पर तीन सुपर सोपर्स लगाए। रोशनी भी साफ नहीं थी लिहाजा सवा 2 बजे आधिकारिक तौर पर खेल रद्द करना पड़ा।

मौसम विभाग के अनुसार रविवार को भी बारिश की संभावना है लेकिन सोमवार और मंगलवार को आसमान साफ रहने की उम्मीद है। ऐसे में मैच ड्रॉ की ओर बढता दिख रहा है। पहले दिन बांग्लादेश ने तीन विकेट पर 107 रन बनाए थे जब बारिश के कारण 35 ओवर ही फेंके जा सके थे। भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप ने बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन और शादमान इस्लाम को आउट किया था जबकि रविचंद्रन अश्विन ने कप्तान नजमुल हुसैन शंटो के विकेट लिए थे। भारत दो मैचों की श्रृंखला में पहला टेस्ट 280 रन से जीतकर 1.0 से आगे है।

इससे पहले कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम पर बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में भारत ने शुक्रवार को टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया है। वर्षा और खराब मौसम के कारण मैच निर्धारित समय से करीब एक घंटा देरी से शुरु हुआ। ग्रीनपार्क मैदान पर बीती रात बारिश से गीली आउटफील्ड को सुखाने में ग्रांउड स्टाफ ने कड़ी मशक्कत की। मैदानी अंपायर साढ़े 9 बजे मैदान का निरीक्षण किया और 10 बजे टॉस के ऐलान की घोषणा की। मैच साढ़े 10 बजे शुरु हुआ। दो टेस्ट मैचों की सीरीज में पहला टेस्ट जीत कर अपराजेय बढ़त हासिल कर चुके भारत ने दूसरे टेस्ट मैच के लिए कोई परिवर्तन नहीं किया है और वह पिच में व्याप्त नमी का लाभ उठाने के लिए चेन्नई टेस्ट की तरह 3 तेज गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरा है।



**1964 के बाद पहली बार हुआ ऐसा** - बांग्लादेश ने नाहिद राणा और तस्कीन अहमद के स्थान पर तैजुल इस्लाम और खालिद को जगह दी है। टॉस के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि पिछले मैच में हमारी शुरुआत अच्छी नहीं रही थी मगर बाद में टीम ने वापसी कर ली थी। यहां दिलचस्प है कि 1964 के बाद यह पहला मौका है जब किसी भी टीम ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया है क्योंकि ग्रीनपाक की पिच पर चौथी पारी में खेलना अति दुष्क र हो जाता है।

**इस मैदान का रिकॉर्ड** - यहां अब तक 23 टेस्ट मैच खेले जा चुके है जिसमें भारत के पक्ष में सात मैच आये हैं जबकि तीन में उसे हार का मुंह देखना पड़ा है। 13 मैचों में हार जीत का फैसला नहीं हो सका है। भारत ने यहां पिछला मैच न्यूजीलैंड के खिलाफ 2021 में खेला था जिसमें हार जीत का फैसला नहीं हो सका था।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**भारत** - रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जाडेजा, आर अश्विन, आकाश दीप , जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

**बांग्लादेश** - नजमुल हसन शांतो (कप्तान), शादमन इस्लाम, जाकिर हसन, मोमिनुल हक, मुशफकिर रहीम, शाकिब अल हसन, मेहदी हसन मिराज़, लिटन दास (विकेटकीपर), हसन महमूद, खालिद अहमद और तैजुल इस्लाम।

# मोहम्मद यूसुफ ने पाकिस्तान के चयनकर्ता पद से दिया इस्तीफा



**करांची (एजेंसी)।** मोहम्मद यूसुफ ने रविवार (29 सितंबर) को 'व्यक्तिगत कारणों' के चलते पाकिस्तान की पुरुष टीम के चयनकर्ता पद से इस्तीफा दे दिया। यूसुफ उस चयन पैनल का हिस्सा थे जिसने पुरुष टी20 विश्व कप के लिए टीम चुनी थी जिसमें पाकिस्तान ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया था। जुलाई में उन्हें असद शफीक के साथ नए पैनल में बरकरार रखा गया था।

शान मसूद की पाकिस्तान टीम हाल ही में नजमुल हुसैन शांतो की बांग्लादेश से 2-0 से हार गई जिसके बाद यूसुफ ने पद छोड़ने का फैसला किया। यूसुफ ने इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टेस्ट के लिए भी टीम चुनी जो सोमवार, 7 अक्टूबर से शुरू होने वाला है। यूसुफ ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'मैं व्यक्तिगत कारणों' से पाकिस्तान क्रिकेट टीम के चयनकर्ता पद से इस्तीफा देने की घोषणा करता हूं। इस अविश्वसनीय टीम की सेवा करना एक बड़ा सम्मान रहा है, और मुझे पाकिस्तान क्रिकेट के विकास और सफलता में योगदान देने पर गर्व है। मुझे अपने खिलाड़ियों की प्रतिभा और जज्बे पर पूरा भरोसा है और मैं अपनी टीम को शुभकामनाएं देता हूं क्योंकि वे महानता के लिए प्रयास करना जारी रखेंगे।

इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए टीम की घोषणा के बाद अनुभवी बल्लेबाज अहमद शहजाद ने पाकिस्तान चैंपियंस कप में दो शतक बनाने वाले कामरान गुलाम को बाहर करने के लिए यूसुफ की आलोचना की। उन्होंने कहा, आप कामरान और साहिबजादा फरहान को टीम में न चुनने को कैसे सही ठहराएंगे? उन्होंने क्या पाप किया? क्या यह इसलिए है क्योंकि वे उसी स्थान पर बल्लेबाजी करते हैं जहां बाबर बल्लेबाजी करते हैं? जब यूसुफ कोच थे, तो उन्होंने सब कुछ दो से तीन खिलाड़ियों पर छोड़ दिया था।



# जूनियर विश्व चैंपियनशिप में चमके भारतीय निशानेबाज, जीते दो गोल्ड मेडल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय निशानेबाजों ने पेरू में आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) में अपने अभियान की अच्छी शुरुआत की, जिसमें पुरुषों और महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धाओं में टीम स्वर्ण पदक जीता, हालांकि व्यक्तिगत श्रेणी में शीर्ष पोडियम पर पहुंचने की संभावना खत्म गई क्योंकि एक निशानेबाज को फाइनल के लिए देर से रिपोर्ट करने के लिए दो अंक काटे गए।

उमेश चौधरी, प्रद्युम्न सिंह और मुकेश नेलावल्ली की जूनियर पुरुष तिकड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल में पुरुष टीम प्रतियोगिता में 1726 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। वे दूसरे स्थान पर रहने वाले रोमानिया से 10 अंक आगे रहे, जबकि इटली ने 1707 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। हालांकि चौधरी फाइनल के लिए देर से रिपोर्ट करने के लिए दो अंकों की सजा के बाद संभावित व्यक्तिगत स्वर्ण से चूक गए।

# 'मैं 500 मैच खेलने के करीब हूं'

## रोहित शर्मा ने टी20 से संन्यास की वजह बताई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने खेल में अपनी लंबी उम्र और टीम की यादगार आईसीसी टी20 विश्व कप जीत के बाद टी20आई प्रारूप से संन्यास लेने के बारे में खुलकर बात की। 'हिटमैन' ने जीतेंद्र चौकसे के यूट्यूब चैनल पर बोलते हुए कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए 500 मैच खेलने के करीब हैं और यह कुछ ऐसा है जो बहुत से खिलाड़ी नहीं कर पाए हैं। इतनी लंबी उम्र तक खेलने के लिए जीवन में फिटनेस की दिनचर्या महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।



**500 मैच खेलने के करीब हूं** -रोहित ने कहा, 17 साल तक खेलना। मैं अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए 500 मैच खेलने के करीब हूं। 500 मैच, दुनिया भर में बहुत से क्रिकेटरों ने नहीं खेले हैं। इतनी लंबी उम्र के लिए, आपकी दिनचर्या में कुछ बदलाव होना चाहिए। आप अपनी फिटनेस को कैसे मैनेज करते हैं, आप अपने दिमाग को कैसे मैनेज करते हैं और आप खुद को कैसे प्रशिक्षित करते हैं और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आप खेल के लिए कैसे तैयार होते हैं। दिन के अंत में, हमारा काम खेल के लिए 100 प्रतिशत तैयार रहना और खेल जीतने के लिए प्रदर्शन करना है। फिर अगर आप पीछे की ओर जाते हैं, तो उस तैयारी में फिटनेस भी शामिल है।

**टी20आई से संन्यास क्यों लिया** - रोहित ने खुलासा किया कि उन्होंने जून में टी20 विश्व कप खिताब जीतने के बाद टी20आई से संन्यास ले लिया क्योंकि उन्हें लगा कि ऐसा करने का यह सही समय है, क्योंकि उनके हाथ में ट्रॉफी थी और भारत के लिए युवा खिलाड़ी भी आगे आ रहे थे। रोहित ने कहा, मैंने टी20आई से संन्यास इसलिए लिया क्योंकि मैंने अपना समय बिताया। मुझे इस प्रारूप में खेलने में मजा आया। मैंने 17 साल तक खेला और अच्छा प्रदर्शन किया। विश्व कप जीतने के बाद मेरे लिए यह तय करने का सबसे अच्छा समय था कि अब मुझे आगे बढ़ना चाहिए और फिर अन्य चीजों पर ध्यान देना चाहिए। बहुत सारे अच्छे खिलाड़ी हैं जो भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। मुझे लगा कि यह सही समय है।

रोहित ने 2007 में एक युवा और उभरते हुए खिलाड़ी के रूप में खिताब जीतकर दो बार टी20 विश्व कप जीता। 151 टी20आई मैचों में रोहित ने 32.05 की औसत और 140 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 4,231 रन बनाए हैं। उन्होंने अपने करियर में पांच शतक और 32 अर्द्धशतक बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 121* रहा है। रोहित इस प्रारूप में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं।

**कड़ी मेहनत ने मुझे मजबूत बनाया** - अपने क्रिकेट के सफर पर विचार करते हुए रोहित ने कहा कि उन्होंने 9 साल की उम्र में अपनी सोसायटी के बच्चों के साथ खेलना शुरू किया और आखिरकार स्कूल में खेलना शुरू किया। उन्होंने कहा, हम अपनी बिल्डिंग में, सोसायटी में खेलते थे। बॉम्बे में जगह की कमी है। आपके बस जो कुछ भी है, उसी से काम चलाना पड़ता है। मैंने अपने सभी दोस्तों, कभी-कभी स्कूल के दोस्तों के साथ खेलना शुरू किया। बिल्डिंग के दोस्त होते हैं जिनके साथ मैं मौज-मस्ती के लिए खेलता था। मुझे नहीं पता था कि यह इस तरह हो जाएगा। जब मैं नौ साल का था, तब मैंने खेलना शुरू किया। 28-29 साल तक मैंने क्रिकेट खेला।

कप्तान ने स्वीकार किया कि खेल की मांग ऐसी थी कि कई बार इसने उनकी पढ़ाई पर भी असर डाला। उन्होंने अपने संघर्षों, मानसिक और शारीरिक थकान, तथा लंबी यात्रा पर विचार किया और बताया कि किस तरह इन सभी ने उन्हें आज का सितारा बनने में मदद की। भारतीय कप्तान ने कहा, खेल में बहुत सी मांगें होती हैं, चाहे वह यात्रा करना हो, कौशल सीखना हो, फिटनेस हो, प्रशिक्षण हो। मुंबई में यदि आप क्रिकेटर बनना चाहते हैं, तो आपको यात्रा करनी होती है - ट्रेन से 2 घंटे की यात्रा, 5 से 6 घंटे खेलना, फिर वापस आना - आपको नहीं पता कि आपको सीट मिलेगी या नहीं। इसने मुझे शारीरिक और मानसिक रूप से बहुत प्रभावित किया। लेकिन मैंने इसका आनंद लिया और उस कड़ी मेहनत ने मुझे मजबूत बनाया - यही वह चीज है जिसने मुझे आज बनाया है ।

आईपीएल रिटेनशन 2025

# एक फ्रेंचाइजी को मिलेंगी 6 रिटेंशन, एक आरटीएम कार्ड की अनुमति

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की संचालन परिषद ने शनिवार को फैसला किया कि 10 फ्रेंचाइजी को अपनी पिछली टीम से अधिकतम 6 खिलाड़ियों को बरकरार रखने (रिटेन) करने की अनुमति होगी जिसमें नीलामी का एक 'राइट टू मैच' (आरटीएम) कार्ड भी शामिल होगा, जिसकी कीमत 120 करोड़ रुपए के बढ़े हुए टीम पर्स में से 75 करोड़ रुपए होगी। 2022 में आयोजित पिछली मेगा नीलामी में एक टीम को अधिकतम 4 रिटेन करने की अनुमति थी।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने लीग में खेलने के लिए चुने गए सभी खिलाड़ियों के लिए 7.50 लाख रुपये की निश्चित मैच फीस की भी घोषणा की जिसमें उन्हें अपने वेतन के अतिरिक्त 1.05 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय होगी। फ्रेंचाइजी को अगले सत्र के लिए 'नीलामी कम रिटेनशन' की 120 करोड़ रुपए की राशि के अलावा 12.60 करोड़ रुपए का एक निश्चित राशि रखनी होगी।



बीसीसीआई के सीनियर और आईपीएल संचालन परिषद के सदस्य ने गोपनीयता की शर्त पर कहा कि पहले रिटेनशन का खर्चा 18 करोड़ रुपए होगा, उसके बाद 14 करोड़ रुपए की दूसरी और 11 करोड़ रुपए की तीसरी रिटेनशन राशि होगी। हालांकि अगर कोई फ्रेंचाइजी चौथे और 5वें रिटेनशन का विकल्प चुनती है तो उन्हें फिर से क्रमशः 18 करोड़ रुपये और 14 करोड़ रुपए देने होंगे। उन्होंने कहा कि इसलिए कोई भी फ्रेंचाइजी अगर सभी 5 रिटेनशन का विकल्प चुनती है तो उसके पास खरीदने के लिए केवल 45 करोड़ रुपये होंगे या यहां तक कि वह अपने आरटीएम कार्ड का उपयोग करके अन्य 15 खिलाड़ी खरीदकर एक टीम तैयार कर सकती है। भारतीय और विदेशी रिटेनशन पर कोई सीमा नहीं है।

समझा जाता है कि मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद जैसी अधिकांश मजबूत फ्रेंचाइजी 6 से 8 खिलाड़ियों को रिटेन करने के पक्ष में थीं जबकि कुछ अन्य फ्रेंचाइजी के पास ज्यादा 'स्टार पावर' नहीं है। सूत्र ने कहा कि हमने 4 और 5 खिलाड़ियों को रिटेन करने के लिए अधिक कटौती की है ताकि समान अवसर सुनिश्चित हो सके। आप 5 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकते है लेकिन तब आपके पास नीलामी के लिए 50 करोड़ रुपए से कम की राशि होगी। साथ ही अगर फ्रेंचाइजी केवल तीन खिलाड़ियों को रिटेन करने का विकल्प चुनती हैं ।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com @Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com @Pratahkiran



# जल्द होंगे महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव, त्योहारों का रखा जाएगा ध्यानः मुख्य चुनाव आयुक्त

**मुंबई, एजेंसी।** झमहाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तारीख को लेकर लगाई जा रही अटकलों पर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने अपनी बात रखी। मीडिया कर्मियों के साथ बात करते हुए राजीव कुमार ने कहा कि राजनीतिक दलों ने भी चुनाव आयोग से दिवाली जैसे त्योहारों को ध्यान में रखकर विधानसभा चुनावों की घोषणा करने को कहा है। वह इस समय आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए राज्य के दौरे पर हैं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा कि हमनें यहां पर राष्ट्रीय,क्षेत्रीय पार्टियों के नेताओं से मुलाकात की है। इसके अलावा पुलिस और अन्य लोगों से भी मुलाकात की। इन सभी ने हमसे चुनावों की घोषणा करने के पहले दीपावली, छठ पूजा और देव जैसे त्योहारों के समय पर भी विचार करने के लिए कहा। हम इन बातों का ख्याल रखेंगे। उन्होंने कहा कि मौजूदा महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को खत्म हो रहा है इसलिए हमें भी उस समय से पहले चुनाव की प्रक्रिया को पूरा करना होगा। महाराष्ट्र में विधानसभा की 288 सीटें हैं। विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को खत्म हो रहा है। इसलिए चुनावी प्रक्रिया को इस समय से पहले पूरा करना होगा। महाराष्ट्र में कुल मतदाता करीब 9.56 करोड़ हैं। इस बार पहली बार वोट देने के काबिल हुए युवा मतदाताओं की संख्या 19.48 लाख है। विधानसभा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुंबई पहुंचे मुख्य चुनाव आयुक्त ने अपने दोनों साथी अधिकारियों के साथ महाराष्ट्र के शीर्ष अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। महाराष्ट्र के पिछले विधानसभा चुनाव से इस बार परिस्थितियां काफी बदली हुई हैं। पिछली बार हुए विधानसभा चुनाव में दोनों बड़ी क्षेत्रीय पार्टियों में टूट नहीं हुई थी। साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ने वाली भाजपा और शिवसेना में चुनावों के बाद मुख्यमंत्री पद को लेकर लड़ाई हो गई, जिससे दोनों के रास्ते अलग हो गए। शरद पवार की एनसीपी और कांग्रेस के साथ मिलकर उद्धव ठाकरे राज्य के मुख्यमंत्री बन गए। इसी बीच में एक हलचल तब और बढ़ी जब एनसीपी के अजीत पवार पार्टी तोड़कर भाजपा के साथ आ गए और गठबंधन सरकार बना ली, लेकिन इसकी उम्र ज्यादा नहीं रही और फड़नवीस को इस्तीफा देना पड़ा बाद में एनसीपी के सहयोग से उद्धव मुख्यमंत्री बने। उद्धव के मुख्यमंत्री बनते ही कुछ समय तक सब ठीक रहा लेकिन बाद में शिवसेना में ही फूट पड़ गई। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना के विधायक भाजपा के साथ आ गए। उद्धव के हाथ से सरकार के साथ-साथ पार्टी भी चली गई। एकनाथ शिंदे ने भाजपा के साथ मिलकर सरकार बना ली और मुख्यमंत्री बन गए। कुछ ही महीनों बाद अजीत पवार भी एनसीपी तोड़कर इसी गठबंधन का हिस्सा हो गए और एक बार फिर से महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री बन गए। आगामी लोकसभा चुनाव में अब लड़ाई महाविकास अघाड़ी और महायुति गठबंधन के बीच में है।



## संक्षिप्त समाचार

### डेज़ी शाह, कनिका, हेली, टीना के साथ अन्य सितारे हंगामा डिजिटल मीडिया की सक्सेस पार्टी में हुए शामिल



**मुंबई, एजेंसी।** सबसे लोकप्रिय डिजिटल एंटरटेन्मेंट कंपनियों में शुमार हंगामा डिजिटल मीडिया ने एक शानदार पार्टी में अपनी स्ट्रीमिंग सेवा 'हंगामा ओटीटी' की सफलता का जश्न मनाया। इस पार्टी में डेज़ी शाह, कनिका मान, हेली शाह, टीना दत्ता, न्यारा बनर्जी, अली गोनी, युक्ति कपूर, क्रिस्नन बैरेटो, रोहन मेहरा, करण शर्मा, आभास मेहता, मोनालिसा, शिल्पा तुलस्कर, हिमांशु मल्होत्रा, शालीन, रोहित खंडेलवाल, सनम जौहर और अबीगैल के साथ एंटरटेन्मेंट जगत की कई हस्तियां शामिल हुईं। 25 सितंबर की शाम को हुई इस पार्टी में आने वाले हफ्तों में रिलीज की जाने वाले रोमांचक वेब सीरीज के नाम भी सामने आए। हंगामा ओटीटी कई तरह के ऑरिजनल शो, फिल्म और म्यूजिक के जरिए अपने दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है और उन तक बढ़िया कॉन्टेंट पहुंचा रहा है। आने वाले समय में इस प्लैटफ़ॉर्म पर दिखाया जाने वाला कॉन्टेंट भी इस कोशिश को आगे बढ़ाता नजर आएगा। आने वाले समय में दर्शकों को कई विषयों पर रोचक कॉन्टेंट देखने को मिलेगा। यह प्लैटफ़ॉर्म हर तरह के दर्शकों की रुचि से मेल खाता हुआ अलग-अलग तरह का कॉन्टेंट ला रहा है। इस कॉन्टेंट में जहां रोमांचक ड्रामा है तो दिल को गुदगुदाने वाली कॉमेडी भी है और इन दोनों के अलावा भी अलग-अलग तरह के विषय पर आधारित शो देखने को मिलेंगे। इस प्लैटफ़ॉर्म पर आने वाले जिन शो का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है उनमें सस्पेंस से भरा ड्रामा 'रेड रूम' है जिसमें रहस्य और साज़िश से बुना गया ताना-बाना है। 'पर्सनल ट्रैनर' फिटनेस की थीम के इर्द-गिर्द बुना गया है और इसमें कॉमेडी का तड़का है। 'चेकमेट' एक क्राइम थ्रिलर है जिसमें एक चौंकाने वाला अंत दर्शकों का इंतजार कर रहा है। 'मोना की मनोहर कहानियां' दिल को छूने वाली ऐसी कहानियों का गुलदस्ता है जो आम लोगों की ज़िंदगी से निकली हैं। इनके अलावा, अब तक आए सीजन की शानदार सफलता के बाद 'हसरतें-2' और रात्रि के यात्री-3' और ऐंथोलॉजी आधारित सबसे लोकप्रिय शो 'खदान' भी आ रहा है जिसमें कोयला खदान वाले गांव पर केंद्रित एक रहस्यमी कहानी दर्शकों का मनोरंजन करेगी। 'पिरामिड' शो को क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज के बैकग्राउन्ड के साथ तैयार किया गया है।

### वाईएसआरसीपी नेताओं ने किया क्षमायाचना अनुष्ठान, समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने की विशेष पूजा

**अमरावती , एजेंसी।** वाईएसआरसीपी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शनिवार को 'क्षमायाचना' अनुष्ठान किया। उन्होंने कहा कि इसके जरिए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की ओर से किए गए 'पाप' का प्रायश्चित किया गया, जिन्होंने तिरुपति लड्डुओं की पवित्रता पर सवाल उठाए थे। नायडू ने हाल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के विधायक दल की बैठक में गंभीर आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि पिछली वाईएसआरसीपी सरकार ने श्री वेंकेटेश्वर मंदिर को भी नहीं बख्शा और लड्डू बनाने में घटिया सामग्री व पशु चर्बी का इस्तेमाल किया। देशभर में जनाक्रोश भड़क गया। इस जनाक्रोश के बाद वाईएसआरसीपी के प्रमुख वाई एस जगनमोहन रेड्डी ने आरोप लगाया कि नायडू लड्डुओं के बारे में सरासर झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई अपवित्रता नहीं हुई, क्योंकि जांच के लिए भेजे गए घी के नमूने राजग शासन के दौरान के लिए गए थे। रेड्डी ने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं से नायडू की ओर से आरोप लगाकर किए गए 'पाप' को धोने के लिए प्रायश्चित करने का आह्वान किया। इसी तरह पूर्व सिंचाई मंत्री अंबाती रामबाबू ने गुंटूर में वेंकेटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। वाईएसआरसीपी नेता एम शर्मिला रेड्डी ने स्थानीय समाचार चैनल से कहा, 'नायडू ने भगवान को भी राजनीति में घसीटा और एक ऐसी घटना पर बड़ा हंगामा खड़ा कर दिया जो कभी हुई ही नहीं। मैं एक बात पूछ रही हूं।

## गाजियाबाद में पिता ने बेटे को बेलन से पीट-पीटकर मार डाला, आक्रोशित भीड़ का हंगामा

**गाजियाबाद एजेंसी।** भोजपुर थानाक्षेत्र के गांव त्योढ़ी 13 बिस्वा में शनिवार सुबह सौतेली मां ने दस साल के बच्चे पर पांच सौ रुपए चोरी करने का आरोप लगा दिया। इसके बाद पिता ने बेलन से पीट पीटकर अपने बेटे को मौत के घाट उतारा दिया। सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने हंगामा भी किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपी पिता व सौतेली मां को गिरफ्तार कर लिया है। गांव त्योढ़ी 13 बिस्वा निवासी नौशाद अपनी पत्नी रजिया, तीन साल की बेटी आयशा व दस साल के बेटे अहद के साथ रहते है। नौशाद की पहली शादी जीनत के साथ हुई थी। नौशाद से जीनत का बेटा अहद था। पांच साल पहले दोनों के बीच तलाक हो गया। बेटा अहद नौशाद के पास रह गया। तीन साल पहले नौशाद ने रजिया के साथ दूसरी शादी की थी। बहन की बेटी अजीबा भी नौशाद के साथ रहती है। मृतक की दादी शाहजहां ने बताया कि सौतेला बेटा होने के कारण रजिया अहद के साथ आए दिन बुरा व्यवहार करती थी। अहद के साथ अक्सर मारपीट की जाती थी और उसे समय पर खाना भी नहीं दिया जाता था। नौशाद सीवर लाइन डालने का काम करता था। वह काम के लिए अक्सर बाहर जाता रहता है। नौशाद शनिवार सुबह साढे आठ बजे के आसपास अपने घर पहुंचा। इसी बीच रजिया ने नौशाद से कहा कि अहद ने पांच सौ रुपए चोरी कर लिए है। जब तक इसकी सही तरीके पिटाई नहीं करोगे तब तक इसकी अक्ल ठिकाने नहीं आएगी। बताया जा रहा है कि इसके बाद नौशाद और रजिया अहद को कमरे में ले गए और नौशाद ने उसकी बेरहमी से पिटाई की। बेलन व अन्य भारी वस्तु से अहद के सिर पर ताबड़तोड़ वार किए गए। पिटाई के बाद अहद अपनी दादी शाहजहां के पास पहुंच गया और कहा कि आज मां के कहने पर पापा ने मेरी ज्यादा पिटाई कर दी। मुझे चक्कर भी आ रहे है।

## राम हमारे आस्था के विषय, उनके कार्यक्रमों पर टीका-टिप्पणी ना करें राहुल गांधी

**लखनऊ, एजेंसी।** महिला आयोग की उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अपर्णा यादव ने शनिवार को आईएएनएस से खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने राम जन्मभूमि अयोध्या को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा था कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सरकार ने सिर्फ नाचने-गाने वालों को बुलाया था, आदिवास?ियों और दलितों को नहीं बुलाया गया। इस पर अपर्णा यादव ने कहा कि जब राहुल गांधी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण दिया गया था, तो उन्होंने उसको अस्वीकार क्यों किया? भाजपा नेता ने कहा कि राहुल गांधी की कार्यशैली किसी से छुपी नहीं है। वो सदन की गरिमा के विरुद्ध काम करते हैं। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन हमारे देश के लिए गौरव की बात है।

## लग्जरी कारें चुराकर ऑनलाइन बेचने वाले गैंग के 4 बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा , एजेंसी।** लग्जरी कारें चुराकर ऑनलाइन बेचने वाले गैंग के चार बदमाशों को नोएडा पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया। इनके पास से चोरी की गई सात लग्जरी कारें बरामद की गईं। इनकी कीमत करीब एक करोड़ 20 लाख रुपये है। पकड़े गए बदमाशों की पहचान कुलदीप यादव, अभिषेक कुमार, संकेत कुमार सिंह और अमन कुमार के तौर पर हुई। यह नौ लोगों का गैंग है। इनके पांच साथी दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। इनमें दो आरोपी कार्स-24 कंपनी के पूर्व कर्मचारी हैं। सेंट्रल जोन के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि 22 सितंबर को मेरठ के किला परीक्षितगढ़ के नितिन तोमर ने पुलिस को सूचना दी कि उनके पास एक ब्रेजा कार है। 3 और 4 जुलाई को गाजियाबाद और अलवर में उनकी कार का 500 और एक हजार रुपये का चालान हुआ है। इसकी जानकारी उनके मोबाइल पर आए मैसेज से मिली, जबकि उनकी कार गाजियाबाद और अलवर कभी गई ही नहीं है। उन्होंने पुलिस को बताया कि तकनीकी समस्या आने पर वो गाड़ी की सर्विस कराने मेरठ गए थे। वहां पता चला कि गाड़ी की सर्विस सेक्टर-63 स्थित सर्विस सेंटर पर हुई। यह सर्विस शाहबेरी निवासी निखिल खत्री नामक व्यक्ति ने कराई। पुलिस ने निखिल से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने गाड़ी मई 2024 में कार्स-24 से खरीदी थी। जब दोनों ने गाड़ी देखी तो वो बिल्कुल एक जैसी थीं। गाड़ियों के कागज भी एक जैसे ही थे। जब पीड़ित ने निखिल से आरसी के बारे में पूछा तो उसने बताया कि कार्स-24 वालों ने उसकी आरसी कई माह से ट्रांसफर नहीं की है। ये आरसी अब भी पीड़ित के नाम है। पुलिस ने कार्स-24 के गुरुग्राम स्थित ऑफिस जाकर पुरानी कार बेचने वालों तक पहुंचने के लिए जांच शुरू की। गाड़ी के भुगतान के संबंध में खातों की डिटेल और कार्स-24 द्वारा गाड़ी को बेचने पर आए पैसों की डिटेल चेक की गई। कार बेचते समय पैसा संकेत, कुलदीप, अभिषेक एवं अमन निवासी फरीदाबाद हरियाणा के खातों में लाखों रुपयों का भुगतान किया गया। पुलिस ने गुरुग्राम स्थित कार्स-24 के हेड ऑफिस से पिछले दो साल में बेची गई ऐसी गाड़ियों की डिटेल मंगवाई, जिनकी आरसी ट्रांसफर नहीं हुई थीं।

## बल्लभगढ़ में कारोबारी को बंधक बनाकर पीटा, कपड़े उतरवाए; वीडियो भी बनाया

**बल्लभगढ़ एजेंसी।** बल्लभगढ़ बस स्टैंड के पास दुकान का सामान ले जा रहे एक ऑटो मोबाइल के कारोबारी को कुछ युवकों ने चाकू दिखाकर बंधक बना लिया। झाड़ियों में ले जाकर जमकर पिटाई की। मारपीट के दौरान आरोपियों ने पीड़ित के कपड़े उतारकर वीडियो भी बनाया। बल्लभगढ़ शहर थाना की पुलिस पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार, पीड़ित सलमान ने अपनी शिकायत में बताया है कि वह गांव कैली में परिवार के साथ रहता है। वह अपने भाई के साथ बाइक की मरम्मत का दुकान चलाता है। 25 सितंबर को वह अपनी दुकान के लिए सामान लेने बल्लभगढ़ बस स्टैंड के पास गया था। वहां से सामान लेकर लौटते समय मुस्तकीम अपने दोस्तों के साथ उसे रास्ते में घेर लिया। चाकू दिखाकर उसे बस स्टैंड के पीछे घने झाड़ियों में ले गए और मारपीट शुरू कर दी।

## चीन में सीवेज पाइप में हुआ धमाका, 33 फीट हवा में उड़ी गंदगी, सड़क पर फैला मल-मूत्र

**नाननिंग, एजेंसी।** तकनीक और इन्फ्रास्ट्रक्चर के माने में चीन का लोहा माना जाता है। चीन के नाननिंग शहर में कुछ ऐसा हुआ कि लोगों को इंसानी मल से नहाना पड़ गया। दरअसल यहां मल-मूत्र की एक पाइपलाइन हाई प्रेशर की वजह से फट गई। हाइवे के बीचोबीच पाइप फटने से इतनी प्रेशर से गंदगी ऊपर की ओर उछ्ली की काफी दूर तक फैल गई। आसपास जो भी लोग थे वे गंदगी मे भीग गए। कार और अन्य वाहनों पर मल-मूत्र फैल गया।

एक शख्स ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, चारों तक मल ही मल फैल गया। नाननिंग में सीवेज पाइप की प्रेशर टेस्टिंग के दौरान यह हुआ। देखा जा सकता है कि किस तरह से आसमान से मल गिर रहा है। जानकारी के मुताबिक इस सीवेज लाइन को हाल ही में बनाया गया था। घटना 24 सितंबर सुबह 11 बजे के करीब की है। इस पाइप को लेकर कुछ काम किया जा रहा था।


बताया गया कि इंजीनियर सीवेज लाइन का प्रेशर टेस्ट कर रहे थे। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। घटना के बाद तुरंत संबंधित अधिकारी और कर्मचारी वहां पहुंचे। इसके बाद साफ-सफाई का अभियान शुरू किया गया। एक शख्स ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैं मल में पूरी तरह भीग गया। मेरी कार का शीशा पीला हो गया। सब बर्बाद हो गया।

इस वीडियो को लेकर भी लोग सोशल मीडिया पर तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ लोग चीन में भ्रष्टाचार की भी बात कह रहे हैं। उनका कहना है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर की अंधी दौड़ में चीन टिकाऊ काम करना भूल गया है। कुछ लोगों ने स्वास्थ्य को लेकर भी चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा, इस तरह से सीवर फटने से बीमारियां फैल सकती हैं। खतरनाक बैक्टीरिया अपना असर दिखाने लगेंगे।



द मिरर की रिपोर्ट के अनुसार, यह भयावह घटना उस समय हुई जब निर्माण कार्य में लगे कर्मचारी नई स्थापित सीवेज पाइप पर दबाव परीक्षण कर रहे थे. सीवेज पाइप में अचानक विस्फोट होने से कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए. हालांकि, इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ. विस्फोट के बाद अधिकारियों ने बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाया. हालांकि, नाननिंग नगरपालिका अधिकारियों ने इस बात से इनकार किया कि यह विस्फोट निर्माण के दौरान हुई दुर्घटनावश क्षति के कारण हुआ.

**ड्राइवर ने कहा कार पीले रंग की हो गईः** एक ड्राइवर ने स्थानीय पत्रकारों से कहा, मेरी कार पीले रंग की हो गई है और उसमें से बदबू आ रही है. मैं इसका इस्तेमाल जारी नहीं रख सकता. एक अन्य नाराज ड्राइवर ने कहा, मैं मल से भीग गया हूं. सोशल मीडिया पर यूजर्स ने इस घटना पर खूब मजाक उड़ाया और एक्स पर कई मीम्स और मजाकिया टिप्पणियां की.



## राष्ट्रपति के बाद अब उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों में होगी बहस

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में अब कुछ सप्ताह का ही समय बचा है। राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच बहस हो चुकी है। अब उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों जेडी वेंस और टिम वाल्ज की बीच भी बहस होने जा रही है। अगले हफ्ते होने वाली इस बहस पर अमेरिका समेत पूरी दुनिया की नजरें हैं। दोनों उम्मीदवारों के पास यह अहम मौका है, जब वह मतदाताओं को अपने पक्ष में लुभा सकें और देश के विभिन्न मुद्दों पर अपनी राय जनता के सामने रख सकें।

कब और कहां होगी बहस? जेडी वेंस और टिम वाल्ज के बीच 90 मिनट बहस होगी, जिसका आयोजन सीबीएस न्यूज द्वारा किया जा रहा है। यह बहस स्थानीय समय अनुसार 1 अक्तूबर को रात नौ बजे न्यूयॉर्क शहर में होगी। बहस की मध्यस्थता सीबीएस न्यूज के एंकर नोरा ओ डोनेल मार्ग्रेट ब्रेनन करेंगे। दोनों नेताओं की बहस का सीबीएस नेटवर्क पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। इससे पहले एबीसी न्यूज पर बीती 10 सितंबर को डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस की बहस का प्रसारण किया गया था। उस बहस को 6.7 करोड़ लोगों ने टेलीविजन पर देखा गया था। उपराष्ट्रपति पद की बहस के दौरान कोई दर्शक नहीं होंगे। बहस के दौरान दोनों उम्मीदवार अपने पास लिखित नोट नहीं रख पाएंगे।

## अरब देशों से वापस आई पंजाबी लड़कियों ने सुनाई भयावह आपबीती, रो-रो कर बयां किया दर्द

**दुबई, एजेंसी।** इराक, ओमान व कतर में नरक भरी जिंदगी व्यतीत कर लौटी पंजाब की 9 लड़कियों ने दिल दहला देने वाली कहानी सुनाई है। अरब देश में बैठे रिश्तेदार ही दोआबा व मालवा क्षेत्र की लड़कियों की तस्करी करा रहे हैं। लड़कियों को 35 से 40 हजार की नौकरी का झांसा देकर वहां बुलाया जा रहा है। एयरपोर्ट पर पहुंचते ही उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया जाता है। बुलाने वाले लड़कियों को साथ ले जाते हैं और बंद कमरों में कैद कर देते हैं। कामकाज के लिए गुप्त तौर पर बोली लगाकर उन्हें बेच दिया जाता है। यह लड़कियों इराक, ओमान व कतर से लौटी हैं। इनमें दो जालंधर जिले की भी हैं।

इनकी राज्यसभा मेंबर संत सीचेवाल ने वतन वापसी में मदद की है। बीते दिनों जिला जालंधर, कपूरथला, फिरोजपुर संत सीचेवाल की कोशिश से लौटी लड़कियां । 9 लड़कियों में से तीन शनिवार को निर्मल कुटिया सुल्तानपुर लोधी पहुंचीं। जहां पर उन्होंने व्यथा बताई कि कैसे अरब देशों में बढ़िया वेतन का लालच देकर उन्हें यातनाएं दी गईं। इन लड़कियों को ट्रैवल एजेंटों ने बेच दिया था। देश लौटीं लड़कियों ने बताया कि ओमान में अभी 20 से 25 लड़कियां एक जगह फंसी हुई हैं। जहां उनके साथ जानवरों जैसा सलूक किया जा रहा है।

## नेपाल में भूस्खलन और बाढ़ ने मचाई तबाही, 66 लोगों की मौत

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन और बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। गृह मंत्रालय की ओर से साझा की गई जानकारी के अनुसार 66 लोगों की मौत और 60 अन्य लोगों के घायल होने की खबर है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ऋषिराम तिवारी ने शनिवार को अपने एक बयान में कहा कि 69 लोग लापता हैं। सबसे ज्यादा नुकसान काठमांडू घाटी में हुआ है। यहां 34 लोगों की मौत हुई है। साथ ही तिवारी ने दावा किया है कि सुरक्षा बलों ने 3 हजार से अधिक लोगों को बचाया है। सरकार ने घायलों को मुफ्त इलाज और इस तबाही में अपने सिर से छत गंवा चुके लोगों के लिए जल्द से जल्द पुनर्वास का काम शुरू करने का फैसला लिया है।

उन्होंने आगे कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में कई राजमार्ग और पुल भी नष्ट हो गए हैं। राजमार्गों को साफ करना सरकार की पहली प्राथमिकता है। नेपाल पुलिस ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण देश के बाकी हिस्सों से काठमांडू से जोड़ने वाले राजमार्गों सहित लगभग सभी राजमार्ग पर आवागमन ठप है। भूस्खलन की वजह से काठमांडू के सभी प्रवेश मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं।



नेपाल के शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस बीच सभी राज्य सरकारों से रविवार से तीन दिन के लिए स्कूल बंद रखने और मंगलवार तक निर्धारित सभी विश्वविद्यालय स्तर की परीक्षाओं को स्थगित करने का अनुरोध किया है। नेपाल में इस वर्ष मानसून के दौरान औसत से अधिक वर्षा हुई है। उफनती नदियों के कारण काठमांडू के कुछ हिस्सों में पानी भर गया है। कई घर पानी में डूब गए हैं और लोगों को ऊपरी मंजिल पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। शहर के दक्षिणी हिस्से का एक बड़ा इलाका ज्यादातर बाढ़ग्रस्त था और चार लोगों को लेने के लिए सेना के हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया था। ये लोग अपने घर छोड़ने में असमर्थ थे। काठमांडू के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति और इंटरनेट सेवा काफी समय तक बाधित रही।

गुरुवार से ही नेपाल के कई हिस्सों में बारिश हो रही है। नेपाल पुलिस के उप प्रवक्ता बिश्वो अधिकारी ने बताया कि लगातार बारिश के कारण देशभर में मारे गए 66 लोगों में से 34 की मौत काठमांडू घाटी में हुई। बाढ़ में 60 लोग घायल भी हुए हैं। देशभर में कुल 79 लोग लापता हैं। जिनमें से काठमांडू घाटी में 16 लोगों का पता नहीं चल पाया है। 3,000 से अधिक लोगों को बचाया भी गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129